
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह का स्वागत करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 56 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 22 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### हंगामे की भेंट चढा बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र का पहला दिन, विपक्षी विधायकों ने किया हंगामा

# 57946 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र की शुरुआत सोमवार से हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी विधायकों ने बिहार में कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी विधायकों के हंगामे को देख विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव गुस्से में आ गए। उन्होंने हंगामा कर रहे विधायकों को जमकर फटकार लगाते हुए शांत रहने के लिए कहा लेकिन विपक्षी विधायक पोस्टर दिखाकर हंगामा करते रहे। वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने 2025-26 वित्तीय वर्ष में 57946 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा। इसमें राज्य सरकार अपनी पेंशन योजनाओं के लिए 5168 करोड़ खर्च करेगी जबकि केन्द्रीय योजना के राज्यांश के रूप में 2915 करोड़ खर्च होंगे। इसके अलावा समग्र शिक्षा अभियान के लिए 2127.10 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 1000 करोड़, औद्योगिक विकास के लिए भूअर्जन हेतु 1000 करोड़, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 725 करोड़, बालक-बालिका साइकिल योजना के लिए 369 करोड़ खर्च होंगे। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रथम अनुपूरक बजट में वार्षिक योजना मद में 36169.3431 करोड़, स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में 21773.2755 करोड़, केन्द्रीय क्षेत्र योजना मद में 3.63 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव है। इसके बाद सदन में शोक प्रकाश हुआ और हाल के दिनों में दिवंगत लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसको बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विधानसभा के मॉनसून सत्र में हिस्सा लेने माले के विधायक काले कपड़े में पहुंचे थे। वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के विधायक भी विरोध में उतरे। सदन के अंदर विधायकों ने प्रदेश में अपराध नियंत्रण समेत कई मुद्दों को उठाते हुए सरकार को घेरा। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने विरोधी दल के विधायकों से शांत रहने की अपील की। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने अपना संबोधन शुरू किया लेकिन विपक्षी दलों के विधायकों की ओर से नारेबाजी नहीं रूकी। हो-हंगामे के बीच ही विधानसभा अध्यक्ष ने अपना संबोधन जारी रखा। इस दौरान विपक्ष के नारेबाजी शुरू होते देख मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन से निकल कर बाहर चले गए। विपक्ष के विधयक मुख्यमंत्री से अपराध के मामले पर जवाब मांग रहे थे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को कड़ी चेतावनी दी। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के बातों को ना सुनकर विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे, जिसे देखकर विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों को शांत रहने के लिए कहा। उन्होंने राजद विधायक भाई विरेंद्र को भी फटकार लगाते हुए कहा कि बैठो, यही सब सीखे हो। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने सत्यदेव राम को भी फटकार लगाया। बावजूद इसके सदन में विपक्ष के लोगों का हंगामा जारी रहा।



## बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा
## मास्टरमाइंड समेत 15 गिरफ्तार
### गिरफ्तार लोगों में दो महिला परीक्षार्थी भी शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शेखपुरा।** सिपाही भर्ती परीक्षा में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा करने वाले एक संगठित सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़ पुलिस ने किया है। नवादा से इस गिरोह के मास्टरमाइंड समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो महिला परीक्षार्थी भी शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के परीक्षा केंद्रों पर फर्जी अभ्यर्थियों को असली उम्मीदवारों की जगह बैठाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि रविवार को शेखपुरा जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर सिपाही भर्ती की परीक्षा आयोजित की गई थी। इसी दौरान सूचना मिली कि इस्लामिया हाई स्कूल, डीएम हाई स्कूल और ऊषा पब्लिक स्कूल केंद्रों पर बायोमेट्रिक ऑपरेटर और सुपरवाइजर की मिलीभगत से फर्जी अभ्यर्थियों को परीक्षा दिलाई जा रही है। एएसपी डॉ. राकेश कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस्लामिया हाई स्कूल से सचिन कुमार नामक ऑपरेटर को पकड़ा, जो सुधीर कुमार की फर्जी आईडी से कार्य कर रहा था। पूछताछ में सचिन ने सिकंदर कुमार का नाम बताया, जिसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि फर्जीवाड़े में कुल 15 लोग गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें दो महिला परीक्षार्थी भी शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में नवादा निवासी गिरोह का सरगना गोरेलाल यादव, बरबीघा निवासी प्रहलाद कुमार उर्फ कमांडो, नवादा के सचिन कुमार, बभनबीघा (बरबीघा) निवासी नीतीश कुमार और अवतार कुमार, बरबीघा के मालदह निवासी सुधीर कुमार, बरबीघा के मीशन चौक निवासी सिकंदर कुमार, हथियावां के सुपरवाइजर चिंटू कुमार, आरा के आदित्य कुमार और धर्मेंद्र कुमार, नवादा के अमरजीत यादव और अभिषेक कुमार उर्फ अविनाश कुमार, गिरहिंडा के आमोद कुमार, तथा नवादा की महिला परीक्षार्थी प्रीति कुमारी और पूनम कुमारी शामिल हैं। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश और नेटवर्क की तह तक पहुंचने के प्रयास में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यवसायी की हत्या

**छपरा (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। एक बार फिर से व्यवसायी को निशाना बनाया गया है। एकमा थाना अंतर्गत हंसराजपुर गांव में अपराधियों ने फायरिंग कर एक हार्डवेयर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृत व्यवसायी की पहचान जिले के हंसराजपुर गांव निवासी सोनल सिंह के 26 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** गोराडीह थाना क्षेत्र के पितनागांव के पास सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मजदूरी के लिए मिक्सर मशीन वाली गाड़ी पर सवार होकर काम पर जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान लोदीपुर थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी लड्डू यादव और उनके भतीजे प्रदीप यादव के रूप में हुई है।

### बिहार बीएड सीईटी की दूसरी मेरिट लिस्ट जारी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक जरूरी खबर है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ने बिहार बीएड सीईटी 2025 के तहत दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी है। वे उम्मीदवार जो पहले राउंड की कटऑफ में शामिल नहीं हो सके थे, अब इस दूसरे कटऑफ लिस्ट में अपना नाम चेक कर सकते हैं। सीट अलॉटमेंट और मेरिट लिस्ट को आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने इडी को लगाई लताड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को जमकर लताड़ लगाई और ईडी के कथित राजनीतिक रूप से इस्तेमाल होने को लेकर तीखी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लताड़ लगाते हुए यहां तक कह दिया कि, हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें। इसके साथ ही एक अन्य सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इडी तो अब सारी सीमाएं ही लांघ रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सीएम की पत्नी के खिलाफ दायर ईडी की याचिका को खारिज कर दिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने ईडी की याचिका पर सुनवाई की। ईडी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें उच्च न्यायालय ने कर्नाटक सीएम की पत्नी पार्वती के खिलाफ मुदा घोटाले में कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि 'श्रीमान राजू, कृप्या हमें अपना मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें। वर्ना हमें ईडी के खिलाफ कुछ कड़े शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ेगा। दुर्भाग्य से मुझे महाराष्ट्र में इसे लेकर कुछ अनुभव है। इसे पूरे देश में मत फैलाइए।

## विप में मानसून सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने मानसून सत्र में सदन की कार्यवाही के संचालन में सहयोग के लिए चार सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया। सोमवार को सदन की कार्यवाही के दौरान सभापति श्री सिंह ने डॉ. संजीव कुमार सिंह, प्रो. नवल किशोर यादव, डॉ. मदन मोहन झा एवं महेश्वर सिंह को अध्यासी सदस्य मनोनीत किए जाने की घोषणा की। वहीं विधानसभा और विधान परिषद में सदन की कार्यवाही के दौरान पूर्व मंत्री शमायले नबी, पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू लाल, पूर्व विधायक रामावतार, पूर्व मंत्री रामानंद प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक सीपी सिन्हा, पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह एवं पूर्व विधायक चंद्रशेखर दूबे के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

## मां ने किशोरी पुत्री के साथ फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वासुदेवपुर वार्ड संख्या 12 में फंदा लगाकर मां व किशोरी पुत्री ने आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं पांच वर्षीय पुत्र के फंदे की रस्सी लूज थी और वह बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतिका की पहचान रोशन चौधरी की पत्नी सुमन कुमारी (25 वर्ष) एवं किशोरी पुत्री की आराध्या कुमारी (8 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस के पहुंचने पर दोनों का शव घर के बाहर जमीन पर था। गले में टेंट हाउस की रस्सी का फंदा का निशान पाया गया। आश्चर्य की बात है कि मृतका के पुत्र आदर्श कुमार के गले में फंदा ढीला था। इससे वह फंदे से बाहर निकल गया। इसके बाद वह घर के बाहर दादी इंदू देवी के पास पहुंचा और पूरी जानकारी दी। इसके उपरांत दादी घर के अंदर प्रवेश की तो बहू व पोती फंदे से लटकी मिली। पति बाजार समिति में मजदूरी का काम करता है। पुलिस ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

## कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए बनेगा बहुमंजिला आवास

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के कर्मचारियों और पदाधिकारियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए अलग-अलग इलाकों में बहुमंजिला इमारत का निर्माण चल रहा है। इसी क्रम में राजधानी के काजीपुर में भी बहुमंजिला आवास का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भवन निर्माण विभाग द्वारा समान्य प्रशासन विभाग को भेजा गया है। इसमें बताया गया है कि काजीपुर में अवस्थित सरकारी आवास को तोड़कर नये सिरे से ए, बी और सी टाइप के बहुमंजिला आवास का निर्माण लगभग 103 करोड़ रुपये से किया जाएगा। इसके निर्माण को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही पुराने भवन को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके बन जाने से सरकारी कर्मचारियों को आवास की सुविधा मिलने में सुविधा होगी। काजीपुर में 15 ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। इसमें ए टाइप का पांच, बी टाइप का छह और सी टाइप के चार ब्लॉक का निर्माण होगा। इन सभी ब्लॉकों का आवासीय भवन भू-तल सहित पांच मंजिला होगा। इसमें कई तरह की आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेगी।

## आहर में डूबने से भाई-बहन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरही गांव में आहर में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। दोनों आहर किनारे शौच के लिए गए थे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान अंटु कुमार और आरती कुमारी के तौर पर हुई है। अंटु चौथी क्लास में पढ़ता था। आरती आंगनबाड़ी में पढ़ने जाती है। पिता कमलेश राम बेंगलुरु में रहते हैं। वहां प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। परिजन वीर बहादुर राम ने बताया कि दोनों बच्चे आज सुबह शौच के लिए घर से 700 मीटर दूर गए थे। हाथ-पैर धोने के दौरान बैलेंस बिगड़ने से आहर में गिर पड़ा। काफी देर तक दोनों घर वापस नहीं आए। इसके बाद खोजबीन शुरू की गई। घंटों मशक्कत के बाद डेड बॉडी को बाहर निकाला गया। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में दोनों की जान चली गई। हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेजा। मौत के बाद मां और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं छपरा जिले में दिघवारा- शेरपुर सिक्स लेन पुल निर्माण के पास सोमवार को स्नान करने गए एक ही परिवार के तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। तीनों लोगों का शव बरामद कर लिया गया है। पुल निर्माण के पास बाढ़ का पानी आने के कारण सड़क कट जाने से गहराई का स्नान के दौरान पता नहीं चल सका। एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में तीनों की जान चली गई।

### चार बच्चे पानी में डूबे

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चौथम थाना क्षेत्र के धुतौली मालपा गांव में सोमवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। स्कूल से भागकर नहाने गए चार बच्चे पानी में डूब गए। डूबने वालों में दो लड़के और दो लड़कियां शामिल हैं। डूबने वाले बच्चों की पहचान ललित प्रसाद चौरसिया के पुत्र गोलू और करण एवं अनुज प्रसाद चौरसिया की पुत्री अनु कुमारी और अंशु कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया है कि चारों बच्चे स्कूल से बिना किसी को बताए कंकाल कुरिया गांव के दक्षिण दिशा में स्थित एक धार में नहाने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई।

# विपक्ष को दें एकजुट जवाब : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए विधायकों से सदन में एकजुट होकर विपक्ष का जवाब देने को कहा है। वे सोमवार को विधानसभा के विस्तारित भवन के सेंट्रल हॉल में एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के हर आरोप का सही तरीके से जवाब दिया जाना चाहिए। विपक्ष की ओर से फैलाए जा रहे अफवाहों से भी उन्होंने सावधान किया। मुख्यमंत्री ने पेंशन योजना की राशि में वृद्धि और 125 यूनिट फ्री बिजली देने का जिक्र किया और कहा कि आम लोगों के लिए सरकार का यह ऐतिहासिक निर्णय है। विधायकों ने भी इस योजना के लिए सरकार की प्रशंसा की। सीएम ने सरकार की विकास योजनाओं के साथ कल्याणकारी कार्यों को लेकर आम लोगों के बीच संपर्क अभियान चलाने का भी निर्देश विधायकों को दिया। कहा कि सरकार के बेहतर कार्यों का संदेश आम लोगों के बीच जाना चाहिए। यह इस विधानसभा का अंतिम सत्र है, लिहाजा सारे अधूरे कार्य पूरे करें। मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपने-अपने क्षेत्र की लंबित योजनाओं को पूरा कराने को कहा। उन्होंने विधायकों से क्षेत्र के विकास को लेकर काम करने का भी निर्देश दिया। साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक हर हाल में पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए इसकी निगरानी करने को कहा। नीतीश कुमार ने कहा कि कोई ऐसा क्षेत्र नहीं, जहां विकास कार्य नहीं हुए हैं। पिछले दिनों प्रगति यात्रा के क्रम में सभी जिलों के लिए 50 हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। यह विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसी प्रकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी देने का लक्ष्य लेकर भी हम चल रहे हैं। बैठक में विधायकों के मान-सम्मान की चर्चा हुई। सरकारी आयोजनों में विधायकों को नहीं बुलाये जाने पर नाराजगी भी प्रकट की गयी। कई विभागों में ग्लोबल टेंडर का मामला भी कई विधायकों ने उठाया और कहा कि इससे स्थानीय लोगों के लिए काम का अवसर खत्म हो रहा है।



बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

लम्पी त्वचा रोग
(Lumpy Skin Disease)



गोवंशीय पशुओं का लम्पी त्वचा रोग के विरुद्ध
घर-घर जाकर नि:शुल्क टीकाकरण अभियान

दिनांक: 15 जुलाई, 2025 से टीकाकरण प्रारम्भ

पशुओं में लम्पी त्वचा रोग से बचाव हेतु गौ-जाति के पशुओं का नि:शुल्क टीकाकरण राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/शहर में निजी टीकाकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है।

कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठायें, अपने गाय को लम्पी त्वचा रोग से बचायें

किसी भी पशु का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग करने की शिकायत पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612-2230942 पर की जा सकती है।
कार्यक्रम की विशेष जानकारी पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612-2226049 से प्राप्त की जा सकती है।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

PR No.- 009126 (Animal)D. 2025-26

# लघु एवं सीमांत किसानों को सिंचाई उपकरणों पर विशेष अनुदान : विजय कुमार सिन्हा

## किसानों की आय वृद्धि और जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में जल संरक्षण, कृषि और किसानों की आय वृद्धि को प्राथमिकता देते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रति बूंद अधिक फसल के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों जैसे ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को प्रोत्साहित कर रही है। इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है। ताकि जल संसाधनों का समुचित उपयोग हो सके और किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ-साथ अधिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 14066.66 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य लघु एवं सीमांत किसानों को सिंचाई के आधुनिक साधनों से जोड़ना है, ताकि खेती में पानी की बचत, उत्पादकता में वृद्धि और लागत में कमी सुनिश्चित की जा सके। यह पहल राज्य में लाभकारी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाने पर लघु एवं सीमांत किसानों को कुल लागत पर 80 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 70 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के लिए लघु एवं सीमांत किसानों को 55 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 45 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त योजना में व्यक्तिगत नलकूप या समरसेबल पंप की स्थापना के लिए किसानों को अधिकतम 40,000 रूपये का अनुदान दिया जाएगा जो किसान ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाते हैं, उन्हें तालाब या कुआं निर्माण हेतु कुल लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम 75,000 रूपये तक अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। इससे किसानों को जल स्रोत सृजन में भी मदद मिलेगी और सिंचाई की स्थायीत्वता सुनिश्चित होगी। श्री सिन्हा ने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी और उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा कि इस तकनीक के उपयोग से किस प्रकार 60 प्रतिशत तक जल की बचत और 25 से 35 प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार भर नहीं है, बल्कि यह जल प्रबंधन में दक्षता, खेती की लागत में कमी और किसानों की आय वृद्धि की दिशा में बिहार सरकार का एक ठोस और प्रभावशाली प्रयास है। सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक-से-अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हों और आधुनिक, लाभकारी एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाएं।

# बिहार देश का पहला राज्य जहां सभी मतदान केंद्रों पर 1200 से कम मतदाता

## 12,817 नए मतदान केंद्र स्थापित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सहज बनाने की दिशा में बिहार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। बिहार देश का पहला राज्य बन गया है जहां अब सभी मतदान केंद्रों पर 1200 से कम मतदाता होंगे। मतदान केंद्रों पर भीड़ कम करने और मतदाताओं को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से राज्य में 12,817 नए मतदान केंद्र जोड़े गए हैं। बिहार निर्वाचन कार्यालय के अनुसार एसआईआर आदेश दिनांक 24 जून, 2025 के तहत पहले की 1,500 मतदाता प्रति मतदान केंद्र की सीमा को घटाकर अब 1,200 कर दिया गया है। इसके चलते राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 77,895 से बढ़कर 90,712 हो गई है। यह पहल अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी अनुकरणीय मानी जा रही है। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ उन 29.62 लाख मतदाताओं की सूची साझा की है जिन्होंने अभी तक अपने फॉर्म जमा नहीं किए हैं। साथ ही 43.93 लाख ऐसे मतदाताओं की सूची भी साझा की गई है जो अपने पते पर नहीं मिले। निर्वाचन पदाधिकारियों ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे अपने जिला अध्यक्षों और लगभग 1.5 लाख बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) के माध्यम से इन मतदाताओं से संपर्क करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आगामी 1 अगस्त से प्रारूप मतदाता सूची जारी की जाएगी। इसके बाद कोई भी नागरिक एक महीने तक सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आपत्ति दर्ज करा सकता है। चुनाव आयोग का यह कदम मतदाता सूची को और अधिक सटीक बनाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# साल में 30 हजार नेत्र ऑपरेशन का लक्ष्य करें निर्धारित : मंगल पांडेय

## डी.एन.बी. पाठ्यक्रम हेतु नवीन ऑडिटोरियम का स्वास्थ्य मंत्री ने किया लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने सोमवार को राजेन्द्र नगर स्थित अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र, पटना में डी.एन.बी. पाठ्यक्रम हेतु निर्मित नवीन ऑडिटोरियम का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में विधायक अरुण सिन्हा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम के 16 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र में नेत्र बैंक की तैयारी पूर्ण हो चुकी है और जल्द ही इसकी शुरुआत की जाएगी। पिछले एक वर्ष में इस केन्द्र में 80 हजार से अधिक नेत्र रोगियों की जांच की गई जिनमें मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, कॉर्निया एवं रेटिना से संबंधित रोगी शामिल थे। इस अवधि में 5 हजार से अधिक नेत्र ऑपरेशन किए गए हैं जिनमें से पिछले 6 महीनों में ही 2,600 से अधिक ऑपरेशन संपन्न हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब लक्ष्य है कि प्रतिदिन 100 से अधिक नेत्र ऑपरेशन किए जाएं। उस हिसाब से सालाना लगभग 36 हजार नेत्र ऑपरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। श्री पाण्डेय ने कहा कि यहां आने वाले मरीजों को मुफ्त चश्मों का वितरण भी किया जा रहा है। साथ ही इस अस्पताल को चार-पांच महीने पूर्व आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया जिसके तहत अब तक 500 से अधिक लाभार्थियों का निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। राज्य में विगत एक वर्ष में लोगों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना के अंतर्गत 1 हजार करोड़ से अधिक की राशि सरकार द्वारा व्यय की गई है। नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं अत्याधुनिक संसाधनों की आवश्यकता को देखते हुए यह ऑडिटोरियम विकसित किया गया है जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं सत्र आधारित शिक्षण प्रणाली का लाभ मिलेगा। साथ ही अगले कुछ महीनों में डी.एन.बी. कोर्स के अंतर्गत चार सीटों पर अध्ययन कार्य शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर अरुण कुमार सिन्हा, विधायक, कुम्हरार, शशांक शेखर सिन्हा, सीइओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, डॉ. अजीत कुमार द्विवेदी, निदेशक, अति विशिष्ट नेत्र विज्ञान केन्द्र, राजेन्द्र नगर पटना के साथ अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## गृह विज्ञान के चयनित शिक्षकों की कॉलेज अवांटित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के लिए चयनित गृह विज्ञान के व्याख्याताओं की पोस्टिंग सोमवार को अलग-अलग कॉलेजों में कर दी गई जिन कॉलेजों में शिक्षक नहीं थे सर्वप्रथम उन्हीं कॉलेजों में शिक्षकों की पोस्टिंग की गई है। इस विषय के लिए पांच व्याख्याताओं का चयन किया था। कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से जैसे ही चयनित शिक्षकों सूची प्राप्त होगी। इसके एक सप्ताह के अंदर सभी की पोस्टिंग कर दी जाएगी। इसमें कोई देरी नहीं की जाएगी। एक सप्ताह के कार्य दिवस के अंदर चार विषयों के चयनित शिक्षको की नियुक्ति कर दी है। नवनियुक्त शिक्षकों ने इसके लिए माननीय कुलपति महोदय का आभार व्यक्त किया है।

# राबड़ी देवी ने नीतीश कुमार से बेटे निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानमंडल की बैठक में भाग लेने आईं विधान परिषद में नेता विरोधी दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बेटे निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नीतीश जी से बिहार संभल नहीं रहा है, इसलिए अब अपने बेटे निशांत कुमार को ही बिहार का मुख्यमंत्री बना दें। वह युवा नेता हैं, अच्छे से बिहार को संभालेंगे। वहीं राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की है। राबड़ी देवी ने कहा कि हत्या, अपहरण और बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और अब सरकार नीतीश से संभल नहीं रही। उन्होंने कहा कि महिलाएं सुरक्षित नहीं है, व्यापारी डरे हुए हैं और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। नीतीश कुमार की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। राबड़ी देवी ने चुनाव आयोग पर भी हमला बोलते हुए कहा कि बाहरी राज्यों में रहने वाले लाखों बिहारियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों में काम कर रहे लाखों बिहारियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। यह एक साजिश है ताकि प्रवासी बिहारी चुनाव में भाग न ले सकें। राबड़ी देवी ने चुनाव आयोग से इस पर स्पष्टीकरण मांगते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग चुप नहीं बैठेंगे। अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

## लावारिस युवक का शव इंतेजामिया कमेटी ने किया सुपुर्द-ए-खाक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** तीन दिनों तक भी परिजनों का कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस की पहल पर मुस्लिम समुदाय आगे आया। शव को दफन किया गया। मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। इंतेजामिया कमिटी के सचिव मौलवी हसन उर्फ मक्खन ने बताया कि सगुना मोड के आदर्श विहार कॉलोनी से 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया था। मृतक युवक मुस्लिम था। शव को अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कर पहचान के लिए अस्पताल में रखा गया था। शव का शिनाख्त नहीं होने के बाद थानाध्यक्ष द्वारा इंतेजामिया कमिटी से मुस्लिम रीति रिवाज से शव को दफन का अनुरोध किया गया।

# जदयू के विनोद कुमार सिंह ने राजेश राम के हाथों ली कांग्रेस की सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों जनता दल यूनाइटेड के नेता रहे पूर्व विधान पार्षद विनोद कुमार सिंह ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि पूर्व विधान पार्षद विनोद कुमार सिंह के आने से पार्टी मजबूत होगी। विनोद कुमार सिंह हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और आम लोगों के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को अपनाया है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अध्यक्ष राजेश राम ने पूर्व विधान पार्षद विनोद कुमार सिंह के सैकड़ों समर्थकों को भी पार्टी की सदस्यता दिलाई। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि नीतीश कुमार के आड़ में बिहार की सत्ता दिल्ली से भाजपा चला रही है। जाली दवाओं के कारोबारी जीवेश मिश्र पर दोष सिद्ध होने के बाद भी मंत्रिमंडल से नहीं हटाया जाना इसका स्पष्ट उदाहरण है। बिहार की सरकार को भाजपा रिमोट से चला रही है और बिहार को गुंडाराज में झोंक दी है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बिहार में बढ़ते अपराध पर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार में जिन्हें अपराध रोकने की जिम्मेदारी मिली है वे किसानों और युवाओं के साथ मौसम को अपराध से जोड़ रहे हैं। ऐसे में बिहार में अपराध नियंत्रण करने वाले अचेतावस्था वाले मुख्यमंत्री के सहयोगी भी गैर जरूरी बयान दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर ऐलान किया कि कल सदन में सत्ता पक्ष के लोगों को सदन में घुसने से रोकने का काम विपक्ष के दल करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जब बिहार के मतदाताओं को ही मताधिकार से वंचित कर दिया जाएगा तो लोकतंत्र फिर किसके काम का रह जाएगा। सबसे ज्यादा इस प्रक्रिया से किसान, बाद प्रभावित क्षेत्र के लोग, बाहर पढ़ने वाले युवा और समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे लोगों को परेशानी हो रही है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर विपक्ष ने मानसून सत्र के पहले दिन सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा किया। वहीं सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद महागठबंधन विधायक दल की अहम बैठक हुई जिसमें अगले चार दिनों के भीतर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय हुई। बढ़ते अपराध और एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विधायक मंगलवार को काला कपड़ा पहनकर विधानसभा आएंगे। विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि आज से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ है। अभी महागठबंधन के विधायक दल की बैठक हुई है। हमलोगों ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे पर हर हाल में चर्चा कराई जाए नहीं तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम कटने की साजिश पर चर्चा कराना जरूरी है। तेजस्वी यादव ने चेतावनी दी कि अगर विधानसभा में इस विषय को नजरअंदाज किया गया तो इसका राजनीतिक और लोकतांत्रिक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर बिहार विधानसभा है और बिहार लोकतंत्र की जननी है। अगर यहीं से लोकतंत्र समाप्त करने की कोशिश की जाएगी तो हम लोग चुप नहीं बैठेंगे। सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। विधानसभा से लोकसभा तक इस मुद्दे को नहीं छोड़ेंगे। गरीबों और वंचितों के वोट काटने की साजिश को बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में जानबूझकर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं, ताकि चुनाव में उन्हें वोट देने से रोका जा सके। तेजस्वी ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा रहे और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हमलोग यह लड़ाई लड़ेंगे। अगर सरकार और विधानसभा अध्यक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं होंगे तो आने वाले समय में इन्हें जवाब देते नहीं बनेगा। इसको लेकर हमने सभी नेताओं को चिट्ठी लिखी है।

# सावन मिलन समारोह में रैंप वॉक, मेहंदी और तम्बोला से छात्राओं ने बांधा समा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र की सिलाई, ब्यूटिशियन एवं मेंहदी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं ने पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वयं एक-दूसरे के हाथों में सुंदर मेंहदी रचाई और पारंपरिक परिधानों में आकर्षक रैंप वॉक प्रस्तुत किया। इसके बाद सामूहिक सावन नृत्य और मनोरंजक तम्बोला खेल ने माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं में दुर्गा बनर्जी, प्रियंका, गुड़िया और मिनी श्रीवास्तव के साथ-साथ विशिष्ट अतिथियों में तनुजा अग्रवाल, मंजू पाटनी और डॉ. गीता जैन ने भी भाग लिया और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर डॉ. गीता जैन ने कहा कि इन बेटियों की आंखों में आत्मनिर्भरता का जो आत्मविश्वास है, वही असली सावन की हरियाली है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कला का विकास होता है, बल्कि समाज में स्त्री की सशक्त भूमिका भी उभरकर सामने आती है। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि नाश्ते की संपूर्ण व्यवस्था भी छात्राओं ने ही अपने प्रशिक्षण के अनुरूप किया जिससे उनके कौशल और आत्मनिर्भरता की झलक देखने को मिली।

## पटना के ग्रामीण इलाकों में बिजली बनी लोगों की सबसे बड़ी समस्या

नवबिहार टाइम्स

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिले के गौरीचक, सम्पतचक, बेलदारीचक, फतेहपुर, अलावलपुर, कमरजी और आसपास के दर्जनों गांवों में बिजली अब मजाक बनकर रह गई है। ग्रामीण इलाकों में 24 घंटे में कम से कम 24 बार बिजली काटी जा रही है जिससे लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। हम लोगों के साथ-साथ थाना और प्रखंड अंचल के कर्मचारी भी परेशान है वहीं जो बड़े-बड़े लोग हैं वह अपने यहां इनवर्टर के अलावा जेनरेटर की भी व्यवस्था कर रखे हैं जिन्हें काफी कम परेशानी होती है, लेकिन जो आम लोग व मध्यम परिवार है, गरीब परिवार है उनका तो हाल-बेहाल हो चुका है इस बरसात के गर्मी में। भीषण गर्मी और उमस के बीच जब लोगों को बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है, तब बिजली की आंख-मिचौनी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तो बिजली देखकर लोग अपना बचपन याद करने लगे हैं। बेलदारी चक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता द्वारका पासवान ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की नींव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** निशीत कुमार उज्ज्वल, भा.पु.से. महानिरीक्षक एस.एस.बी. सीमांत पटना की अध्यक्षता में सीमांत मुख्यालय एस.एस.बी. पटना और 40वीं वाहिनी एस.एस.बी. पटना के संयुक्त तत्वावधान से नारी गुंजन संस्थान (दानापुर, पटना) में दलित महिलाओं और बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन वंचित दलित महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नारी गुंजन में रहने वाले बच्चों द्वारा संस्था में सीखे हुए कला और कौशल की सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निशीत कुमार उज्ज्वल, महानिरीक्षक एस.एस.बी. सीमांत पटना ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान पहुंचाना सशस्त्र सीमा बल का संकल्प है। महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की नींव है और सशस्त्र सीमा बल इस दिशा में सदैव प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित बच्चों के आत्मविश्वास और हौसले की सराहना की और यह आश्वासन दिया कि बल के द्वारा वंचित वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हर संभव सहायता की जाएगी। इस अवसर पर नारी गुंजन संस्थान के कार्मिकों, महिलाओं और बच्चों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं एवं बच्चों को स्वावलंबन से जुड़े उपयोगी संसाधन के रूप में दैनिक उपयोग का सामान प्रदान किया गया।

# पीपीयू में पहली बार एक साथ 42 विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों का चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में पहलीबार एक साथ संबंद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों (यूआर)का चयन किया गया। विश्वविद्यालय ने सभी मनोनीत 42 प्रतिनिधियों की अधिसूचना भी सोमवार को जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के आठ साल के स्थापना काल में पहलीबार ऐसा हुआ है कि एकसाथ सभी संबंद्धता प्राप्त कॉलेजों के लिए यूआर का चयन एक साथ किया गया। इसके पहले यूआर के चयन में काफी समस्याएं होती थी। इसके लिए कई बार अलग-अलग इलाके के शिक्षकों / जन प्रतिनिधियों का आग्रह भी होता था। अपनी सुविधा अनुसार यूआर के चयन के लिए विश्वविद्यालय पर दबाव भी बनाया जाता था। इधर कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि संबंद्धता कॉलेजों में जिन शिक्षकों को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि बनाया गया है। सभी वरीय एवं योग्य शिक्षक हैं जो बेहतर कार्य कर सकते हैं। इसमें कई कॉलेजों के प्राचार्य सहित विभागों के अध्यक्ष भी शामिल है। वहीं कई अनुभवी शिक्षकों को प्रतिनिधि बनाए जाने से संबंद्धता प्राप्त कॉलेजों की समस्याएं जल्द दूर हो जाएंगी। वहीं संबंद्धता प्राप्त कॉलेजों की जो भी आंतरिक समस्याएं होंगी उसे सुलझाने का कार्य विश्वविद्यालय प्रतिनिधि करेंगे। इनके चयन में विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारियों ने योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों की चीर प्रतीक्षित मांग थी जिसे कुलपति ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर दिया।

# गया में आयोजित दैनिक जनता दरबार में 100 से अधिक मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** जिला समाहरणालय गया में सोमवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने 100 से अधिक आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच का माध्यम है जिसका उद्देश्य पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के जरिए जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। जनता दरबार में भूमि विवाद, कब्जा मुक्त कराने, जन वितरण प्रणाली में गड़बड़ी, भू-अर्जन से जुड़ी शिकायतों, स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों और अन्य जनसमस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कई आवेदकों ने भूमि कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई जिस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कुछ मामलों में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिला लोक शिकायत निवारण केंद्र को हस्तांतरित किया गया ताकि निर्धारित समय सीमा में प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल कचरे के उचित निष्पादन में लापरवाही की शिकायत पर जिला पदाधिकारी ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि टेंडर और अनुबंध के तहत तय मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। मेडिकल कचरे के कारण जलजमाव और दुर्गंध की समस्या पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एक अन्य शिकायत में आवेदक ने बताया कि डीसीएलआर सदर द्वारा आदेश पारित हो चुका है, लेकिन उसका अनुपालन अब तक नहीं हुआ। इस पर जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व को जांच कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। बोधगया के नीमा गांव में जन वितरण प्रणाली की दुकान द्वारा अनाज वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया। भू-अर्जन विभाग से जुड़ी शिकायत में एक आवेदक ने बताया कि अधिग्रहण की गई जमीन के मुआवजे की राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चली गई है और अब तक राशि की रिकवरी नहीं हो पाई है। इस पर भू-अर्जन पदाधिकारी को मामले के त्वरित समाधान का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में आए अन्य आवेदनों को भी सुनते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाए ताकि आम जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# रोहतास जिला में 90 प्रतिशत निर्वाचकों का गणना प्रपत्र अपलोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** निर्वाचक सूची में सभी योग्य व्यक्तियों को शामिल करने तथा अयोग्य व्यक्तियों को निर्वाचक सूची से बाहर करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जुलाई 2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 25 जुलाई 2025 से संचालित कराया जा रहा है। 25 दिन व्यतीत हो चुके हैं। रोहतास जिला में लगभग 90 प्रतिशत निर्वाचकों का गणना प्रपत्र अपलोड किया जा चुका है, 5 दिन शेष हैं जिसमें युद्धस्तर पर सक्रिय होकर सभी लोगों (मृत, स्थाई रूप से विस्थापित, दोहरी प्रविष्टि को छोड़कर) का गणना प्रपत्र इकट्ठा करते हुये अपलोड किया जाना है। शेष निर्वाचकों अर्थात जिनका गणना प्रपत्र अपलोड नहीं हुआ है के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निदेश पर 18 जुलाई 2025 को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष, सचिव के प्रतिनिधियों के साथ जिलास्तर पर बैठक आयोजन कर उक्त निर्वाचकों की विधान सभावार मतदान केन्द्रवार सूची इस आग्रह के साथ उपलब्ध करा दी गई है कि उन निर्वाचकों की पहचान करते हुये बी.एल.ए. के माध्यम से सहयोग किया जाय एवं गणना प्रपत्र जमा करने हेतु प्रेरित किया जाय। भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में 21 जुलाई 2025 को सभी बी.एल.ओ. अपने-अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र के बी.एल.ए. के साथ बैठक की गई तथा गणना प्रपत्र न जमा करने वाले निर्वाचकों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई गयी। साथ हीं उक्त श्रेणी के निर्वाचकों की जानकारी ली गई। जिन मतदान केन्द्रों में किसी राजनैतिक दल का बी.एल.ए. नियुक्त नहीं है तो उस मतदान केन्द्र क्षेत्र के पंच, सरपंच, वार्ड सदस्य, मुखिया तथा वरिष्ठ नागरिक, प्रबुद्ध नागरिक एवं समाजिक कार्यकर्ता के साथ बैठक आयोजित करते हुये गणना प्रपत्र न जमा करने वाले निर्वाचकों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर गणना प्रपत्र भरवाने की कार्रवाई की जा रही है। सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों (2364) में यह कार्य व्यापक पैमाने पर तत्परता के साथ किया जा रहा है। बी0एल0ओ0 सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निरंतर समीक्षा की जा रही है जिसका एक मात्र उद्देश्य 'कोई मतदाता छूटे नहीं' है। अभी तक चेनारी विधानसभा - 89.36%, सासाराम - 89.58%, करगहर - 90.06%, दिनारा 91.53%, नोखा 92.75%, डिहरी 88.30% एवं काराकाट 89.82% गणना प्रपत्र अपलोड किये जा चुके हैं।

# नौ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, चोरी, एससीएसटी एक्ट, अवैध खनन, शराब तस्कर शामिल है। 236 लीटर देशी ,13 लीटर अंग्रेजी शराब, एक ट्रैक्टर, एक बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 51 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

### उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैंक के पदाधिकारियों एवं जिला के मिलरों के साथ बैठक

# लंबित आवेदनों की बैंक द्वारा स्वीकृति मिलने पर शीघ्र भुगतान करें : महाप्रबंधक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैंक के पदाधिकारियों एवं जिला के मिलरों के साथ बैठक आहूत की गई जिसमें उद्योग विभाग द्वारा संचालित पीएमईजीपी, पीएमएफएमइ, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद 2016 की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में राइस मिलरों को एसआइपीबी नीति के तहत सरकार द्वारा दिये जा रहे अनुदान के बारे में जानकारी दी गयी। महाप्रबंधक द्वारा बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस नीति के तहत स्टांप शुल्क निबंधन शुल्क एवं संपरिवर्तन शुल्क में 100% प्रोत्साहन अनुदान दिये जाते हैं। इसी प्रकार ब्याज अनुदान एवं कर अनुदान में भी भारी छूट है। बैठक में राइस मिलर द्वारा अपनी कई समस्याओं को भी उठाया गया। महाप्रबंधक द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं को उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव तक पहुंचायेंगे। बैठक में पीएमइजीपी, पीएमएफएमइ पीएम विश्वकर्मा योजना की भी समीक्षा की गई। महाप्रबंधक द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे पीएमइजीपी एवं पीएमएफएमइ के पिछले वित्तीय वर्ष के लंबित आवेदनों का जिन्हें बैंक द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है उन्हें शीघ्र भुगतान किया जाय। उन्होंने बताया कि माह अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री का पूर्णिया में आगमन प्रस्तावित है। अतः सभी बैंक इनके आगमन से पूर्व सभी योजना के लक्ष्य को 100% पूरा करेंगे। बैठक में डीडीएम नाबार्ड द्वारा भी भाग लिया गया तथा अपनी योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। बैठक में पीपीटी के माध्यम से पीएनबी द्वारा मिलरों को योजना की जानकारी दी गई।

# तिलौथू के लाल अनुपम द्विवेदी का इसरो की मंगलयान वॉलंटियर ट्रेनिंग के लिए चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है। यहां के पूर्व छात्र सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के अनुपम द्विवेदी, जो वर्तमान में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, दमण में बी.ई. (मैकेनिकल), पांचवें सेमेस्टर के छात्र हैं, का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अहमदाबाद द्वारा चलाए जा रहे 'देशव्यापी नई प्रतिभा खोज योजना' के तहत हुआ है। इस योजना के अंतर्गत पूरे कॉलेज से मात्र 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया जिसमें अनुपम भी शामिल रहे। उन्होंने इसरो अहमदाबाद में आयोजित 15 दिवसीय वॉलंटियर ट्रेनिंग कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण कर इसरो से प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है। इसके साथ ही एक और बड़ी उपलब्धि में अनुपम



का चयन आगामी मंगल मिशन (मंगलयान) से जुड़ी स्वयंसेवी प्रशिक्षण प्रक्रिया (वॉलंटियर ट्रेनिंग) के लिए भी हुआ है। अनुपम की इस सफलता से न केवल तिलौथू प्रखंड, बल्कि रोहतास जिला एवं उनका विद्यालय भी गौरवान्वित हुआ है। अनुपम के पिता कथावाचक राकेश कुमार उर्फ मुनमुन द्विवेदी ने अपने पुत्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है और इसे ईश्वर की कृपा व गुरुजनों के आशीर्वाद का परिणाम बताया है।

# गुप्ता धाम में दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** कैमूर पहाड़ी के जंगलों में स्थित जिले के प्रसिद्ध गुप्ता धाम में सावन के मेले में दूसरी सोमवारी पर 80 हजार कांवरियों व शिव भक्तों ने गुफा स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। भीड़ ऐसी थी कि गुफा द्वार से एक किलो मीटर दूर नदी तक श्रद्धालुओं की तीन लंबी कतार लगी हुई थी। समाजसेवियों द्वारा उन्हें कतारबद्ध कराकर गुफा स्थित पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कराया गया। इस दौरान गुफा द्वार पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के आगे गुप्ता धाम विकास कमेटी के सारे व्यवस्था नदारद दिखे। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु गुफा द्वार के बाहर ही पूजा अर्चना कर घर लौट गए सुबह दो बजे के बाद ही कांवरियों व श्रद्धालुओं की टोली गुफा द्वार के



पास पहुंचने लगी। सुबह होते ही श्रद्धालुओं की गुफा द्वार पर सैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में जल फूल प्रसाद माला बेलपत्र लिए श्रद्धालु भोले की जयकार कर रहे थे। इस मेले में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, बिहार से पूजा अर्चना करने के लिए धाम पहुंचे हुए थे। भारी संख्या में पुलिस बल उन्हें कतारबद्ध कर रहे थे। जिले के प्रसिद्ध गुप्ता धाम में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक छोटा सा शिविर लगाया गया था जिससे खास लाभ भक्तों को नहीं मिल रहा था। श्रद्धालु पैरों से लहूलुहान हुए दर्द से करा रहे थे, लेकिन उनके दर्द पर मरहम लगाने वाला कोई नहीं था। हजारों भीड़ के लिए महज आधा दर्जन चपाकल है जिसके कारण मेले में पेयजल की घोर अभाव था लोग नदी नाले के पानी से प्यास बुझा रहे थे। गुप्ता धाम में लगाये गये दो दर्जन चापाकल में से महज सात चापाकल से ही पानी निकल रहे थे बाकी श्रद्धालु दुर्गावती नदी सीताकुंड व आसपास के नदी नाले व झरने के गंदे पानी से प्यास बुझा रहे थे। गुप्ता धाम विकास समिति में लगा समरसेबल भी खराब पड़ा है। श्रद्धालुओं ने पेयजल की व्यवस्था के लिए बड़े-बड़े पानी टंकी का निर्माण कराने की मांग किया है। वन विभाग द्वारा बनाए गए सड़क जर्जर होने से भक्तों को काफी परेशानी हो रही है। सावन के पहले दिन 40 सिलेंडर ऑक्सीजन गैस का उपयोग किया जा रहा है। गुप्ता धाम कमेटी के उपाध्यक्ष ने बताया कि अभी ऑक्सीजन गैस की किल्लत नहीं है जबकि श्रद्धालुओं ने कहा कि गुफा के अंदर हल्का दम घुट रहा है। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से मेला चल रहा है। सोमवारी के दिन काफी भीड़ लगी हुई है।

# कोचस में प्रधानाध्यापक व प्रधान शिक्षकों ने विद्यालयों में किया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों व उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को प्रधान शिक्षकों व प्रधानाचार्य पद पर पदभार ग्रहण किया जिसमें मुख्य रूप से उच्च माध्यमिक विद्यालय सरेंया में प्रधानाध्यापक पद पर पमिता कुमारी, प्राथमिक विद्यालय भुड़वा में मनोज कुमार, प्रा वि सारंगपुर में ओमप्रकाश सिंह, धेनुठा में सनोज कुमार, हरिहरडिहरा में संतोष कुमार, कथराई टोला में संजय कुमार राम, कपसिया में शिवजी प्रसाद, भूड़वा में मनोज कुमार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में ममता कुमारी, पाचोडीहरी में रिजवाना खातून, फुल्ली में विद्यावती कुमारी, हरिनारायणपुर में उमेश कुमार, अंदौर में जयशंकर प्रसाद, पुरहरा में राकेश कुमार सिंह समेत 70 शिक्षकों ने प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किये। सभी शिक्षकों का विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ करेंगे। इस अवसर पर प्रधान शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे गांव के उन सभी बच्चों को, जो वर्तमान में निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत हैं, सरकारी विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य है कि हम गांव-गांव जाकर अभिभावकों से संवाद करें और उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि सरकारी विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सकती है। मौके पर पूर्व मुखिया जगमोहन सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार, पंकज कुमार, संदीप कुमार सिंह, शिक्षक नेता जयप्रकाश सिंह, संतोष सिंह, मीडिया प्रभारी विजय कुमार, दीक्षा कुमारी, कमलेश कुमार, बैजनाथ सिंह, लाल बहादुर सिंह, मुन्ना कुमार पांडेय, उपेन्द्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# इन्द्रपुरी बराज से युवती ने नदी में लगाई छलांग, तलाश जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी बराज के 17 नंबर फाटक से सोननदी में रविवार को एक युवती ने छलांग लगा दी। युवती बिक्रमगंज संझौली थाने के खैरा भूतहा गांव के रहने वाली बतायी जा रही है। युवती के भाई ने बताया कि युवती मम्मी से बोलकर गयी कि कि संझौली सिलाई सीखने जा रहे हैं। रुपया पैसा कुछ नहीं ली थी। कुछ देर के बाद एक लड़का का फोन आया कि आपकी बहन इंद्रपुरी डैम में आकर कूद गयी है। इस संबंध में एएसपी सह डिहरी वन के एसडीपीओ अतुलेश झा ने बताया कि शाम करीब तीन बजे इंद्रपुरी थाना को सूचना मिली कि एक युवती बराज से छलांग लगा दी है। सूचना के सत्यापन के लिए इंद्रपुरी थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी बराज पर पहुंची। मौके पर उनको पता चला कि दरिहट से संबंध रखने वाले एक युवक व युवती जिनके बीच में संबंधों में कुछ खटास हो गयी थी,



यहां पर आये थे उसी क्रम में आवेश में आकर युवती ने छलांग लगा दी जो युवक है उसको थाना में रखा गया है। अग्रेतर कार्रवाई किया जा रहा है। परिवार को सूचित कर दिया गया है। खोजबीन के लिए सीओ को थाना स्तर से सूचना दिया गया है। एसडीआरएफ के टीम को लगा दिया गया है। जल्द से जल्द रिकवरी कर ली जायेगी। एसडीपीओ अतुलेश झा ने बताया कि शाम करीब तीन बजे इंद्रपुरी थाना को सूचना मिली कि एक युवती बराज से छलांग लगा दी है। सूचना के सत्यापन के लिए इंद्रपुरी थानाध्यक्ष बराज पर पहुंचे। मौके पर उनको पता चला कि दरिहट से संबंध रखने वाले एक युवक व युवती जिनके बीच में संबंधों में कुछ खटास हो गयी थी। यहां पर आये थे, उसी क्रम में आवेश में आकर युवती ने छलांग लगा दी है जो युवक उसको थाना में रखा गया है। अग्रेतर कार्रवाई किया जा रहा है। परिवार को सूचित कर दिया गया है। खोजबीन के लिए सीओ को थाना स्तर से सूचना दिया गया है। एसडीआरएफ के टीम को लगा दिया गया है। जल्द से जल्द रिकवरी कर ली जायेगी।

# अभिनव कला संगम के सचिव नंदन कुमार हुए सम्मानित

### बिहार का एक मात्र अखबार 'नवबिहार टाइम्स' : नंदन कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 'नवबिहार टाइम्स' के स्थापना दिवस पर स्टेशन रोड स्थित चंदन स्वीट के प्रोपराइटर सह जिले की अग्रणी सामाजिक एवं संस्कृति संस्था अभिनव कला संगम के सचिव नंदन कुमार को सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री कुमार को सोमवार को स्टेशन रोड स्थित चंदन स्वीट दुकान में 'नवबिहार टाइम्स' की ओर से सम्मान के तौर पर प्रतीक चिन्ह, ब्यूरो चीफ वरिष्ठ पत्रकार मदन कुमार ने प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिले के अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम के सचिव नंदन कुमार ने कहा कि बिहार का एक मात्र अखबार नवबिहार टाइम्स है, इसमें छपी



खबरें पूरे बिहार में पढ़ने को मिलती है। उन्होंने नव बिहार टाइम्स की स्थापना दिवस पर औरंगाबाद में हुए सफल कार्यक्रम पर बधाई देते हुए कहा कि मैं भी कार्यक्रम में शामिल होता पर निजी कारणों से उस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सका जिसका मुझे दुःख हुआ है। इस मौके पर गोपाल प्रसाद, मन्नु यादव, बिनोद जायसवाल, मदन प्रसाद, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# हर हर महादेव के जयघोष से गूंजे शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** श्रावण मास के दूसरे सोमवारी को लेकर हर हर महादेव के जयघोष से ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों का शिवालय गूंजता रहा। अहले सुबह से महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का तांता भगवान शंकर के जलाभिषेक के लिए शिवालयों के तरफ जाते हुए देखे गये। यहां गंगवलिया वन स्थित भगवान गंगेश्वर नाथ के जलाभिषेक के लिए खासे लंबे लाइन से होकर श्रद्धालु नर-नारियों को कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करते हुए देखा गया। वही कोचस बस पड़ाव स्थित शिव मंदिर व पुरानी बाजार शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का खासे भीड़ उमड़ पड़ी। इसके साथ ही इलाके के परसथुआ, डिघिटा, कुछिला, गारा, अन्हारी, कपसिया, शेख बहुअरा, शोभीपुर, नरवर, नौंवा, भगतगंज, चितांव, अगरसीडिहरा, खैरा, नवलिया, सरेंया, फुल्ली आदि गांवों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं व नर-



नारियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कुल मिलाकर सावन माह के दूसरे सोमवारी को वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# मुंडेश्वरी मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के प्रवरा पहाड़ी के हजारों फीट की ऊंचाई पर अवस्थित देश के प्राचीनतम शक्तिपीठ मां मुंडेश्वरी मंदिर के मध्य भाग में स्थित चतुर्मुख शिवलिंग पर श्रावण माह की दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक के लिए भारी संख्या में कांवरियों की भारी उमड़ी। शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था सुबह से ही मुंडेश्वरी धाम में पहुंचने लगे। कांवरिया हाथों में जल लेकर कतार में खड़े होकर बारी-बारी से



जलाभिषेक किया। न्यास समिति के सचिव अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मां मुंडेश्वरी धाम में लगने वाले श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन एवं धार्मिक न्यास समिति द्वारा पेयजल, प्रकाश, शौचालय, कांवरियों को ठहरने के लिए धर्मशाला व साफ-सफाई का बेहतर प्रबंध किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा धाम परिसर में दंडाधिकारी, पुलिस अफसर एवं जवानों की तैनाती की गई है।

# विहिप व बजरंग दल ने किया शिव भक्तों के बीच नींबू पानी का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल डिहरी डालमियानगर के द्वारा सावन महीने के प्रत्येक सोमवार को ऐनिकट झारखंडी मंदिर परिसर में नींबू पानी शीतल जल का वितरण किया जाता है जिसको दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह के 5 बजे से प्रारंभ कर दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन बजरंग दल नगर संयोजक अमर सिन्हा के द्वारा किया जाता है। प्रथम सोमवार को नींबू पानी शीतल जल लगभग 6500 सौ शिव भक्तों को प्रसाद पिलाया गया। द्वितीय सोमवार को लगभग 5100 सौ शिव भक्तों को सौंफ पानी शीतल जल पिलाया गया। बजरंग दल नगर संयोजक का कहना है कि ऐनिकट झारखंडी मंदिर एवं मंदिर परिसर में किसी भी बड़े त्योहार में दल के द्वारा इसी तरह सेवा में तत्परता दिखाते हुए सेवा भाव में हमेशा खड़े रहेंगे। सावन के पवित्र महीने में प्राचीन झारखंडी



महादेव मंदिर डिहरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमडती है। इस मंदिर को लेकर लोगों में खास मान्यता है कि यहां पूजा करने से महादेव भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। नगर सत्संग प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि न्यूएरिया बाबा नगरी में प्रत्येक सोमवार को रात्रि 7:30 बजे से सत्संग में भजन कीर्तन एवं गीत संगीत का कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाता है। इस में प्रांत सुरक्षा प्रमुख दीपक दास, धर्म प्रसार प्रांत सह प्रमुख भोला चौहान, जिला मंत्री यश उपाध्याय, जिला संयोजक चंदन गुप्ता, जिला पालोपासना प्रमुख अमन चौधरी, नगर गौरक्षा प्रमुख सन्नी कुमार, हनुमान जी, सिंधु शर्मा, रंजन यादव, उमाशंकर सिन्हा, दिनेश यादव, मुलायम यादव, सोनू यादव, राहुल राज, दीपक कुमार, अरुण कुमार, राघो सिंह, मनीष सिन्हा मास्टर जी उर्फ वकील, चन्दन महतो, अजीत चंद्रवंशी, मोनू पांडे, रजनीश पांडे, अजय शर्मा उर्फ पांडे, चुन्नू सिन्हा, विष्णु यादव, विक्की कुमार, सनी उर्फ बादशाह उपस्थित हुए।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एफ–वैगन–स्क्रैपक्लीनिंग 25आर, दिनांक** 16.07.2025, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन), पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** "जमालपुर वर्कशॉप में कार्य की अनुसूची के अनुसार वर्कशॉप परिसर के अंदर वैगन रिपेयर शॉप में उत्पादित स्क्रैप की यंत्रचालित सफाई, लोडिंग एवं अनलोडिंग।" **कार्य स्थलः** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर। **मात्राः** 28388 एमटी। **निविदा मूल्यः** रु. 1,34,99,629.52, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 24.07.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 07.08.2025 को 15.00 बजे। **समापन अवधिः** 24 माह। **विवरण यहाँ उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in**

MISC-134/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# छात्र-छात्राओं के लिए मेधा सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** प्रज्ञा निकेतन विद्यालय द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले दसवीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिपाठी द्वारा छात्रों एवं उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह तथा शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बच्चों के लग्न और उनकी सतत परिश्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को उत्साहित करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है। बच्चों के द्वारा उपार्जित सफलता उनकी सतत परिश्रम अभिभावकों के



समुचित दिशा निर्देश एवं कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम होता है। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक इंजीनियर संजय त्रिपाठी ने परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने में परिश्रम तो अहम भूमिका निभाता ही है। इसके साथ-साथ अनुशासन और समय नियोजन का भी महत्वपूर्ण हाथ होता है। यह परिणाम छात्र जीवन का पहला पड़ाव है तथा इसी प्रकार सदैव लक्ष्य के प्रति उत्साहित होकर किया जाने वाला परिश्रम विद्यार्थी को सफलता की उस ऊंचाइयों तक ले जाता है जहां से वह अपने कार्यों के द्वारा एक सुदृढ़ समाज एवं देश का निर्माण करने में भागीदारी सुनिश्चित करता है। विद्यालय के संरक्षक संजीव त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्कृष्ट परिणाम एक दिन के प्रयास से अर्जित नहीं होता बल्कि इसके लिए अनुशासन, निष्ठा तथा सतत परिश्रम की आवश्यकता होती है। अव्वल प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों से उन्होंने आह्वान किया कि वे लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। समापन संबोधन में बोलते हुए विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार तिवारी ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के परिणाम दर्शाते हैं कि इस विद्यालय के छात्रों में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता है। मैं आशा करता हूं कि विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक इसी प्रकार अपने बेहतर प्रदर्शन और स्मन्यव से विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। अच्छे परिणाम से उत्साहित अभिभावकों ने विद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस संस्था में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार भी दिये जाते हैं जो अच्छे परिणाम से परिलक्षित हो रहा है।

# अश्लील वीडियो भेजने का अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना की पुलिस ने सोमवार शाम जिले के संझौली से अश्लील वीडियो भेज शादी-शुदा युवती को परेशान करने का आरोपित आलोक कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव के अनुसार सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक शादी शुदा युवती के पिता ने अज्ञात युवक पर सोशल मीडिया पर अश्लील व आपत्तिजनक पोस्ट कर परेशान करने की प्राथमिकी गत 3 जुलाई को किया था। पुलिस ने जांचोपरांत आरोपित को आज गिरफ्तार किया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 22 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.–12–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I– 25–26.

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर/I/डी.डी.यू के तहत चन्दौली मझवार और भभुआ सेक्शन के 1.7 कि.मी. में रेल का आकस्मिक नवीनीकरण (प्राथमिक) और मानपुर – पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल टीबीआर–31.569 ट्रैक कि.मी. और टीएफआर–19.17 ट्रैक कि.मी.।2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,16,35,215.65, 3. धरोहर राशि : ₹2,58,200.00, 4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 08.08.2025 को 12:00 बजे तक।5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0628/डीडीयू/अभि./टी/25–26/36

# गला रेतकर किशोर की हत्या

## मृतक की पहचान सोनू कुमार के रूप में, पुलिस जांच में जुटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के मसौढ़ा पंचायत अंतर्गत जोराबर बिगहा गांव के बधार में सोमवार सुबह एक किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा शव देखा तो शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। शव की पहचान गांव के ही सुरेन्द्र चौहान के 17 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोर की गला रेतकर हत्या की गई है और फिर शव को बधार में फेंक दिया गया। बताया गया कि सोनू रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे अपने एक दोस्त के साथ घर से निकला था, लेकिन सुबह उसका शव खेतों के पास पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान, थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और एसएफएल टीम के साथ बारीकी से जांच शुरू की गई। एसपी ने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस जघन्य कांड में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। समाचार प्रेषण तक इस मामले में अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोग शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाने में जुटे हैं। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। बहन की शादी हो चुकी है जबकि छोटा भाई अभी नाबालिग है। पिता ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ग्रामीणों व परिजनों ने प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## छत से गिरकर युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इसलामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सत्यारगंज मोहल्ले में शनिवार की शाम छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सत्यारगंज निवासी उमेश प्रसाद के 24 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मुकेश शनिवार की शाम अपने मकान की छत पर टहल रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इसलामपुर के एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी चिंताजनक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। रविवार को पटना में इलाज के दौरान मुकेश ने दम तोड़ दिया।

# व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहा जनसुराज : आरसीपी सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार में समग्र विकास और व्यवस्था परिवर्तन के लक्ष्य के साथ शुरू की गई बिहार बदलाव यात्रा के तहत एक तरफ जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर विभिन्न जिलों व प्रखंडों का दौरा कर रहे है। दूसरी तरफ पार्टी के वरीय नेता भी जिलों के दौरे पर निकल गए हैं। इसी कड़ी में जनसुराज पार्टी के नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री (भारत सरकार) पूर्व आईएएस अधिकारी आरसीपी सिंह अपने एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को नालंदा पहुंचे। मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित आरसीपी सिंह ने नालंदा विधानसभा क्षेत्र के मोहनपुर में पार्टी के नेता प्रियदर्शी अशोक द्वारा आयोजित बिहार बदलाव संवाद सभा को संबोधित किया। यहां हजारों की संख्या में स्थानीय लोग और संगठन के नेता मौजूद रहे। आरसीपी सिंह ने कहा कि बिहार को बदलना है। हम जनता को जगाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का राज स्थापित करना ही जनसुराज का एकमात्र लक्ष्य है। इसलिए हमलोग हर जिले में जाकर जनसुराज के विचारों को हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। हम सिर्फ सत्ता के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए मेहनत कर रहे हैं। सभा के दौरान मुख्य अतिथि आरसीपी सिंह ने जनसुराज पार्टी की नीतियों, प्रशांत किशोर के विचारों और पार्टी के विजन को विस्तार से रखा। उन्होंने जनता को आगामी विधानसभा चुनाव में एक सक्षम, पारदर्शी और जनहितकारी सरकार चुनने की आवश्यकता से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन अमित पासवान ने किया। इस मौके पर जनसुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद प्रसाद, जिला अभियान समिति संयोजक संजीव कुमार, विपिन यादव प्रियदर्शी, अशोक कमलेश पासवान, इंद्रदेव कुशवाहा समेत पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।




# डीएम ने योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय, राजस्व और तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों की पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध कार्यान्वयन के स्पष्ट निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग की समीक्षा में डीएम ने नाराजगी जताई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में डिग्री कॉलेज के लिए प्रस्तावित भूमि का प्रतिवेदन केवल अकबरपुर से प्राप्त हुआ है। उन्होंने अन्य अंचल अधिकारियों को तत्काल रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। रजौली में नए कारा भवन, पर्यटन संरचनाओं और नगर परिषद हिसुआ के बस पड़ाव के लिए भूमि हस्तांतरण में भी प्रगति नहीं होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई गई।

**पंचायत सरकार भवन निर्माण में धीमी गति**

पंचायती राज विभाग की समीक्षा में डीएम ने धमौल (पकरीबरावां) व मोहीउद्दीनपुर (वारिसलीगंज) पंचायतों में भूमि उपलब्धता व सीमांकन संबंधी प्रतिवेदन अब तक नहीं मिलने पर चिंता जताई। संबंधित अंचल और प्रखंड अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कृषि व समाज कल्याण योजनाओं की स्थिति कृषि विभाग की योजनाओं - खासकर एग्रीस्टेक और नीलगाय-वन्य जीव क्षति प्रबंधन, एवं ई-किसान भवन निर्माण की स्थिति की भी डीएम ने विस्तार से समीक्षा की। निर्माण कार्यों में विलंब पर संबंधित अभियंताओं को फटकार लगाई गई। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में नारी शक्ति योजना अंतर्गत 3 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर चर्चा हुई। दो केंद्रों पर भवन निर्माण शुरू हो चुका है, जबकि एक केंद्र के लिए भूमि नहीं मिलने पर रजौली अंचलाधिकारी को जल्द भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मनरेगा के तहत 200 आंगनबाड़ी केंद्रों पर शौचालय निर्माण के लिए राशि भेजी गई थी, जिनमें से 25 केंद्रों की राशि तकनीकी कारणों से वापस हो गई। डीएम ने इसे शीघ्र दुरुस्त कर प्रस्ताव दोबारा भेजने को कहा।विद्युत विभाग के चार प्रस्तावित पीएसएस (पावर सब-स्टेशन) के लिए चिन्हित भूमि अब तक विभाग को हस्तांतरित नहीं हुई है। डीएम ने अंचल अधिकारियों को अपर समाहर्ता के समन्वय से भूमि हस्तांतरण शीघ्र कराने का निर्देश दिया। जनसम्पर्क विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सफलता की कहानी के तहत लाभार्थियों की कहानियां, फोटो और वीडियो सहित समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर नाराजगी जताई और सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे यह कार्य प्राथमिकता से करें।

# करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** थरथरी थाना क्षेत्र के लखाचक गांव में सोमवार को बिजली मरम्मत के दौरान करंट लगने से 25 वर्षीय बिजली मिस्त्री सुधीर कुमार की मौत हो गई। मृतक नूरसराय थाना अंतर्गत जयप्रकाशपुर गांव के निवासी थे और विगत 5-6 महीनों से थरथरी बिजली विभाग में मानव बल के तहत कार्यरत थे। सुधीर के बड़े भाई सुजीत कुमार भी इसी विभाग में कार्यरत हैं और घटना के समय प्रतापपुर में ड्यूटी पर थे। सुधीर की शादी चंडी थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव में हुई थी और वे तीन छोटी बेटियों के पिता थे।

**ट्रांसफॉर्मर से बिजली नहीं हुई थी पूरी तरह कट**

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, लखाचक गांव में जिस ट्रांसफॉर्मर पर काम किया जा रहा था, उससे बिजली पूरी तरह से काटी नहीं गई थी। कई ग्रामीणों ने बताया कि इस गड़बड़ी की जानकारी विभाग को पहले से थी, लेकिन समस्या की अनदेखी की जाती रही।

ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाए कि घटना के दिन किस बिजली मिस्त्री की ड्यूटी निर्धारित थी?

क्या सुधीर को बिजली कटने की पुष्टि के बिना पोल पर चढ़ने को कहा गया?

क्या यह विभागीय लापरवाही या सिस्टम की खामी का नतीजा था?

**जांच की मांग**

परिजनों और ग्रामीणों ने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है और जब तक इसे दुरुस्त नहीं किया जाएगा, ऐसे हादसे रुकना मुश्किल हैं। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने से मौत का है, पूरी घटना की जांच की जा रही है।

यह दर्दनाक हादसा बिजली व्यवस्था में गंभीर खामियों और विभागीय लापरवाही की ओर इशारा करता है, जिस पर शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है।

# नवादा के दो खिलाड़ियों ने दिलाया बिहार को स्वर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उत्तराखंड के देहरादून स्थित गंगा एथलेटिक स्टेडियम, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर रग्बी सेवन चैंपियनशिप में बिहार की बालक एवं बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत में नवादा जिले के दो होनहार खिलाड़ियों–साक्षी कुमारी (बालिका वर्ग) एवं पवन राज (बालक वर्ग)–ने बिहार टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अहम भूमिका निभाई। दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की बदौलत बिहार की टीमें फाइनल में उड़ीसा को हराकर राष्ट्रीय चैंपियन बनी। बालिका टीम ने टूर्नामेंट में असम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं बालक टीम ने चंडीगढ़, हरियाणा, पश्चिम बंगाल को हराकर सेमीफाइनल में महाराष्ट्र और फाइनल में उड़ीसा को शिकस्त दी। दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजकीय खेल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस सफलता के पीछे नवादा जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव विक्रम कुमार, शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा, अकादमी संचालक कीर्ति रंजन, कोच मंजीत कुमार, कृष्णा यादव एवं राहुल कुमार का विशेष योगदान रहा। उनकी इस उपलब्धि पर रामविलास प्रसाद, अलखदेव यादव, शिवकुमार प्रसाद सहित कई खेलप्रेमियों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# वित्त रहित शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में वित्त रहित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सोमवार को काला बिल्ला लगाकर कार्यस्थलों पर विरोध प्रदर्शन किया। यह आंदोलन वित्त रहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर पूरे जिले में एक साथ किया गया। मोर्चा के जिलाध्यक्ष व वारसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिपिन सिन्हा ने कहा कि सरकार वित्त रहित शिक्षकों के साथ दोहरी नीति अपना रही है। राज्य के अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों एवं इंटरमीडिएट महाविद्यालयों में कार्यरत हजारों शिक्षकों और कर्मियों को नियमित वेतन और स्थायीत्व से वंचित रखा गया है, जिससे उनमें गहरा आक्रोश है।

उन्होंने बताया कि मोर्चा की प्रमुख मांगों में अनुदान के स्थान पर नियमित वेतनमान, सात वर्षों के बकाया अनुदान का एकमुश्त भुगतान, सभी कार्यरत शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों की सेवा स्थायी करना, सेवा निवृत्ति की आयु में वृद्धि, एवं सेवानिवृत्ति उपरांत पेंशन की व्यवस्था – शामिल हैं।

डॉ. सिन्हा ने यह भी बताया कि अगर सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो संघर्ष और तेज होगा। इसी क्रम में 23 जुलाई को पटना विधानमंडल का घेराव किया जाएगा और गर्दनीबाग में राज्यव्यापी धरना आयोजित किया जाएगा। वारसी कॉलेज में आयोजित इस प्रदर्शन में प्रो. अजय कुमार, प्रो. कौशल किशोर, प्रो. महेन्द्र कुमार, प्रो. विष्णुदेव पासवान, प्रो. जाहिद इकबाल, संजय प्रसाद, विद्याभूषण, मनोज कुमार, अशोक कुमार, शिवशंकर सिंह, उमेश सिंह सहित कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# प्रधान लिपिक के निधन पर शोक सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सोमवार को समाहरणालय, नवादा स्थित डीआरडीए सभागार में नारदीगंज अंचल कार्यालय में कार्यरत उच्चवर्गीय लिपिक विजय कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला पदाधिकारी,नवादा रवि प्रकाश एवं सभी पदाधिकारियों तथा कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके शोक संतप्त परिजनों को इस दुःखद क्षण को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। शोक सभा में उप विकास आयुक्त नवादा, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता नवादा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी (रजौली एवं नवादा सदर), भू-अर्जन पदाधिकारी नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



# स्वर्ण पदक विजेता अंकित कुमार को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के जेपी आश्रम, सोखोदेवरा में सोमवार को एक गरिमापूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के चौथे दीक्षांत समारोह (बैच 2000-2024) में कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र अंकित कुमार को सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने की। उन्होंने अंकित को अंगवस्त्र एवं जेपी जी का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अंकित के पिता एवं ग्राम निर्माण मंडल में कार्यरत डॉ. भारत भूषण शर्मा ने भावुक स्वर में कहा कि हर पिता का सपना होता है कि उसका बेटा परिवार और समाज का नाम रोशन करे। आज मेरा वह सपना साकार हुआ है।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, सह-वैज्ञानिक अंगद कुमार, सुमिता रंजन, पिंटू पासवान, सरवन रविदास समेत ग्राम निर्माण मंडल के कर्मी सुचिता तिर्की, धीरेंद्र कुमार मन्नू, दिलीप मंडल, मनोज कुमार सहित कई लोगों ने अंकित को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, दो जखमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोत्रायण टोला बिचली बुच्ची गांव में सोमवार को गोली चलने की घटना हुईं। इस घटना में दो व्यक्ति जख्मी होने की बात कही गई है। घटना में गांव के द्वारिका यादव और पिंकी कुमारी जख्मी हो गये। जख्मी हालत में इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद द्वारिका यादव को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। घटना के पीछे जमीनी विवाद में बताया जा रहा है। पीड़ित परिजनों ने गांव के पांच व्यक्तियों के द्वारा गोली चलाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा पिंकी कुमारी से जेवरात छीनने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार जिला प्रशासन से की है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने कहा अभी तक किसी भी पक्ष से आवेदन नहीं आया है।



# नवनियुक्त सात प्रधानाध्यापकों को मिला औपबंधिक नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में सोमवार को बीपीएससी से चयनित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के सात नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीइओ) दीपक सक्सेना, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन एवं बीआरपी आनंद कुमार ने नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा और उन्हें विद्यालय संचालन में निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। जिन प्रधानाध्यापकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र मिला, उनमें शामिल हैं:

दुष्यंत कुमार - उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, धनियावां

विजय कुमार शर्मा - उच्च माध्यमिक विद्यालय, कहुआरा

अंकिता प्रिया - उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बरियो

प्रकाश कुमार - उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, डोमावर

सुबोध कुमार - उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सभड़ी

दिलीप कुमार मिश्र - उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोसला

रिम्पी कुमारी - उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हंडिया।

बीइओ ने बताया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देश के अनुसार, सभी नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों को 21 से 26 जुलाई के बीच संबंधित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करना है। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने प्रधानाध्यापकों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे शिक्षा व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें।



# समाजसेवी ने सीएचसी पकरीबरावां को भेंट किया वाटर कूलर व आरओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को पकरीबरावां बाजार निवासी समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद की ओर से वाटर कूलर युक्त आरओ सिस्टम प्रदान किया गया। यह जनसेवा कार्य उन्होंने अपनी दिवंगत धर्मपत्नी मीना देवी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर कराया। इस अवसर पर वाटर कूलर आरओ का उद्घाटन समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार, जिला परिषद सदस्य बच्चन देवी के प्रतिनिधि पंकज सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रतन गुप्ता एवं पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज कुमार साव ने संयुक्त रूप से किया। बीपीआरओ गौरव कुमार ने सामुदायिक सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से सीएचसी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों व परिजनों को शुद्ध एवं ठंडा पानी उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें काफी राहत मिलेगी।

समाजसेवी के पुत्र जैनेन्द्र कुमार उर्फ मनोज ने बताया कि यह वाटर कूलर आरओ मरीजों और आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है। इसकी नियमित तकनीकी देख-रेख की भी व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को निरंतर लाभ मिलता रहे। इस अवसर पर चंदन कुमार, प्रकाश कुमार, प्रिंस कुमार, पुष्पा कुमारी, रेखा कुमारी, कुमारी प्रिया, जाह्नवी कुमारी, देवेंद्र शास्त्री, जवाहर यादव, रंजीत कुमार, सन्नी कुमार, पुष्कर कुमार, विशाल मोहन, विशाल कुमार समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# संजय हत्याकांड में परिजनों ने लगाए चार युवकों पर संगीन आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** तारगिर-लालू मोड़ पथ स्थित कुतलूपुर मोड़ के समीप रविवार को एक पैन में संदिग्ध अवस्था में मिले दरियापुर निवासी 22 वर्षीय संजय कुमार की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के भाई उदय कुमार उर्फ चिंटू ने चार युवकों पर रंगदारी मांगने और हत्या की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। संजय, दरियापुर निवासी संतोष कुमार सिंह का पुत्र था और बीते दो वर्षों से तारगिर बाजार में मोटर-पंखा रिपेयरिंग की दुकान चला रहा था। परिजनों का दावा है कि रंगदारी नहीं देने पर ही उसकी हत्या कर दी गई।

मृतक के भाई द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, 16 जुलाई की शाम संजय अपने भाई चिंटू के साथ दुकान पर मौजूद था, तभी तारगिर निवासी लड्डू कुमार (पिता- शैलेंद्र प्रसाद), सौरभ कुमार (पिता- अमरेश प्रसाद), पिंटू कुमार और चंदन कुमार (पिता अज्ञात) हथियारों से लैस होकर दुकान पहुंचे और पचास हजार रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी।

रजौली थानाध्यक्ष ने पुष्टि की है कि चारों आरोपितों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए नवादा एसपी अभिनव धीमान ने स्वयं रविवार शाम को घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। घटना के बाद से मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। परिजन दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर सजा की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## जमीनी विवाद में राजद नेता से मारपीट, सड़क जाम और उपद्रव

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एकंगरसराय थाना क्षेत्र के रक्शा गांव में सोमवार को जमीन के रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस झड़प में राजद नेता हेमंत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में तनाव फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने एकंगरसराय-हिलसा मुख्य पथ को रक्शा गांव के पास दो घंटे तक जाम कर दिया। इसी दौरान एक बाइक को भी आग के हवाले कर दिया गया। सूचना मिलते ही डीएसपी गोपाल कृष्ण, एकंगरसराय थानाध्यक्ष सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। लेकिन स्थिति नियंत्रित करने गई पुलिस टीम पर भी उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने किसी तरह भीड़ को शांत कर जाम हटवाया।

# प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में तिथि भोजन का आयोजन, बच्चों को दी गई पाठ्य सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत एरुरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में सोमवार को तिथि भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चे विशेष रूप से उत्साहित नजर आए। इस आयोजन की पहल पकरीबरावां बाजार निवासी समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद 'किताब दुकान' द्वारा की गई। तिथि भोजन के आयोजन के अवसर पर एमडीएम प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि इस तरह की पहल से समुदाय और विद्यालय के बीच सहभागिता बढ़ती है तथा बच्चों को अतिरिक्त प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि अन्य विद्यालयों में भी इस तरह के आयोजनों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भोजन उपरांत विद्यालय में परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नियमित उपस्थिति के लिए अन्य बच्चों को कलम भेंट कर उन्हें विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया। पुरस्कृत विद्यार्थियों में अन्या कुमारी, गुलसनिया कुमारी, सवरिता कुमारी, आयुष, स्मिती, मौसम कुमारी, लव कुमार, राजवीर कुमार, माधुरी कुमारी, प्रियंका, नयन, अंकुश, निशा, खुशी सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल थी। इस अवसर पर जैनेन्द्र कुमार विद्यार्थी उर्फ मनोज, चंदन कुमार, प्रकाश कुमार, योग प्रशिक्षक देवेंद्र शास्त्री, सन्नी कुमार, प्रिंस कुमार, प्रभारी प्रधान शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद, शिक्षक मनोज कुमार, रौशन कुमार, मंगल कुमार सहित विद्यालय परिवार व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का डीएम ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया समाहरणालय के सभाकक्ष में सोमवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में जिले में चल रहे नीलाम पत्र वाद, जिला जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सीपी ग्राम, मुख्यमंत्री दरबार में आए मामलों, सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज शिकायतों, उच्च न्यायालय में लंबित मामलों, सूचना का अधिकार और मानवाधिकार से संबंधित आवेदनों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। जिला प्रशासन ने शिक्षा, राजस्व, बिजली, भू-अर्जन और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। भू-अर्जन पदाधिकारी को खास तौर पर कहा गया कि मुआवजा से संबंधित शिकायतों का समाधान इसी सप्ताह किया जाए। दैनिक जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ विभागों में पांच से अधिक मामले लंबित हैं। इसके मद्देनजर संबंधित विभागों को स्मरण पत्र जारी कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। महिला संवाद के तहत प्राप्त आकांक्षाओं की भी समीक्षा की गई। अब तक 9530 आकांक्षाओं को पूर्ण किया गया है जबकि 5929 मामलों में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पेयजल, ऊर्जा, परिवहन, जल संसाधन, नगर विकास, सहकारिता और अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। बिजली, नगर विकास, आपूर्ति विभाग, कुशल युवा कार्यक्रम और मुख्यमंत्री स्वंय सहायता योजना के तहत बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया गया है। डॉ. अंबेडकर समग्र विकास अभियान की समीक्षा में बताया गया कि इस अभियान में 22 प्रकार की योजनाएं शामिल हैं। राशन कार्ड, विद्यालयों में दाखिले, आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आवास योजना, नल-जल योजना, बासगीत पर्चा, मनरेगा जॉब कार्ड, बिजली कनेक्शन आदि मामलों की समीक्षा की गई। विद्यालयों में दाखिले के संबंध में 7709 में से 6546 बच्चों का नामांकन हो चुका है। शेष बच्चों का नामांकन अगले सात दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया गया। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के मामलों में अब तक 65,290 में से 25,022 प्रमाण पत्र निर्गत किए जा चुके हैं। पिछले 10 दिनों में 60 हजार से अधिक प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। पंचायत स्तर पर इस कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलास्तरीय मॉनिटरिंग सेल के गठन की जानकारी भी दी गई। इसके माध्यम से विभिन्न स्तरों से प्राप्त पत्रों और सुझावों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त पत्रों का जवाब 24 घंटे के भीतर भेजा जाए। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा में बड़े राशि वाले कम से कम पांच मामलों के चयन कर शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। साथ ही सबसे पुराने मामलों की सूची तैयार कर उन्हें भी प्राथमिकता देने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी और अभियंता उपस्थित रहे।



# गयाजी के विकास को लेकर रेल मंत्री से डॉ. प्रेम कुमार ने किया पत्राचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया शहर के विकास और स्थानीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहकारिता मंत्री सह गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्राचार कर गयाजी जंक्शन के निकट स्थित गुमटी नंबर 1 पर पैदल-सह-मोटर साइकिल ओवरब्रिज निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए ध्यान आकृष्ट कराया है। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि गयाजी जंक्शन रेलवे प्लेटफॉर्म के विस्तार कार्य के कारण गुमटी नंबर 1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इस कारण स्थानीय नागरिकों, छात्रों एवं व्यापारियों को एक ओर से दूसरी ओर जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह समस्या क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी असुविधा का कारण बन रही है और शीघ्र समाधान आवश्यक है। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पत्र में यह भी रेखांकित किया है कि पूर्व मध्य रेलवे, दीनदयाल उपाध्याय मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 3.87 करोड़ रुपए की लागत से पैदल-सह-मोटर साइकिल ओवरब्रिज निर्माण का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था, परंतु अभी तक निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ है। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि जनहित में इस ओवरब्रिज के निर्माण को शीघ्र स्वीकृति दी जाए ताकि गया शहरवासियों को राहत मिल सके।

# वर्षों से रोक सूची में फंसी नौ जमीनों को मिली राहत

## डीएम ने हटाई खरीद-बिक्री पर लगी रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिले में वर्षों से खरीद-बिक्री पर रोक झेल रही नौ जमीनों को सोमवार को जिला प्रशासन ने रोक सूची से मुक्त कर आमजन को बड़ी राहत दी है। इन जमीनों पर 2009-10 और 2012-13 से रोक लगी थी जिसकी वजह से न तो इनकी खरीद-बिक्री हो पा रही थी और न ही जमीन मालिकों को उनके हक का पूरा लाभ मिल रहा था। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि संबंधित खाता-खेसरा की गहन जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि इन जमीनों पर अब कोई विवाद, सरकारी दावा या न्यायालय में मामला लंबित नहीं है। ऐसे में इन नौ जमीनों को रोक सूची से हटा दिया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार रोक सूची में आमतौर पर वे जमीनें डाली जाती हैं जिन पर किसी प्रकार का विवाद होता है, जैसे सरकारी अधिग्रहण, न्यायालय में वाद, सीलिंग आदि। जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व और अवर निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि बाकी लंबित मामलों की भी जांच कर फाइल प्रस्तुत करें ताकि बेवजह आमजन को कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े। विगत एक महीने में जिले में 40 से अधिक मामलों को रोक सूची से मुक्त किया जा चुका है। प्रशासन का प्रयास है कि जो भी जमीन रैयती है और विवाद से मुक्त है, उसकी खरीद-बिक्री की प्रक्रिया बाधित न हो। आज जिन नौ जमीनों को रोक सूची से मुक्त किया गया है, उनमें चंदौती अंचल के हरियो मौजा अंतर्गत छत्रधारी पासवान की वर्ष 2009-10 से फंसी जमीन, कंडी मौजा के महेश चंद्र की 2012 से रोक लगी जमीन, बोधगया अंचल के अमवा मौजा में योगेंद्र यादव की 2012 से, नावा मौजा में शिव बालक रविदास की 2017 से, अमवा मौजा में ममता कुमारी की 2013 से, बकरौर मौजा में गिरजा देवी की 2012 से, मानपुर अंचल के सूढ़ेरी मौजा में द्रोपदी देवी की 2012 से, लखनपुर मौजा में रामवरत प्रसाद की 2012 से और बूढ़ी मौजा में शिव कुमार की 2013 से रोक सूची में पड़ी जमीन शामिल है।

# कौशल युवा सप्ताह सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोंच।** जन शिक्षण संस्थान गया के व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र ददरेजी में कौशल भारत किशन के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कौशल युवा सप्ताह सह प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जन शिक्षण संस्थान गया के निदेशक डा. ऋतु रानी, वार्ड पार्षद बबीता देवी, रमेश कुमार द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त अवसर पर 40 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। संस्थान के निदेशक डा. ऋतु रानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन शिक्षण संस्थान के अंतर्गत कौशल विकास योजना आपके और परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए संचालित है। कार्यक्रम का संचालन बलिराम कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रवीन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। मौके पर समीसा देवी, सरिता देवी तथा सैकड़ों की संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थिति थे।

# मकान से लाखों के सामान की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शिक्षक कॉलोनी, धंधवा रोड, दोमुहान, बोधगया में राजीव रंजन सिंह के मकान में लाखों का सामान रात में चोरों ने चोरी कर ली है। राजीव रंजन सिंह एवं उनकी पत्नी कुछ दिनों से पटना में रह रहे थे। मकान में उनकी माता जी एवं लगभग 12 साल के लड़के घर पर मौजूद थे। मकान के पिछले हिस्से से आकर खिड़की को कबाड़ कर आसानी से उस कमरे में घुसा है जहां कोई सोया हुआ नहीं था। गोदरेज का लॉक तोड़कर सभी ज्वेलरी निकाल कर चोर ले भागा। इस घटना को सुनकर सुशीला कुमारी, प्रदेश महासचिव, पंचायती राज प्रकोष्ठ, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए प्रशासन से मांग की है कि त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरों को पकड़ा जाए ताकि पीड़ित परिवार को सामान वापस हो सके। बता दें कि कुछ माह पूर्व भी शिक्षक कॉलोनी से बाइक चोरी हो गई थी। आज की घटित घटना से पूरा शिक्षक कॉलोनी परिवार मर्माहत है। लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द चोरों को पड़कर समान वापसी साथ ही कड़ी कार्रवाई भी की जाए।

# विकास मित्र जय कुमार के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नगर प्रखंड के विकास मित्र संघ के अध्यक्ष सह वार्ड 2, 3 के विकास मित्र जय कुमार के सामाजिक निधन पर गया जिला जनता दल यू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यन्यवन समिति के सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने गहरा दुख व्यक्त किया। डॉ. कुमार ने मृतक के परिवार से बात कर कहा मृतक जय कुमार बहुत ही तेजतर्रार विकास मित्र थे। इनका एक बेटा और एक बेटी है। बेटी के इसी वर्ष शादी होना था। डॉ. कुमार ने डीएम शशांक शुभंकर से बात कर सरकार द्वारा पर्याप्त मुआवजा की मांग की है। मृतक की आत्मा शांति की कामना की है।

# सरकारी बस पानी भरे खेत में गिरी, सवार यात्री बाल-बाल बचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** गया-गोह मुख्य मार्ग पर स्थित बेदौली मोड़ के पास एक बड़ा हादसा सोमवार को दोपहर साढ़े तीन बजे हुआ जब सरकारी बस असंतुलित होकर पानी भरे खेत में जा गिरी। घटना में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। संवाद सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरी सरकारी बस गया से कोंच होते हुए आंती जा रही थी। बस के पानी भरे खेत में गिरने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं, पास से गुजर रहे स्कूली बस पर सवार बच्चे भी बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना पर अंचलाधिकारी मुकेश कुमार और थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। प्रशासन ने चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

# नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय अंसारा में नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के साथ बैठक की। प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने शैक्षणिक कार्यों का भी जायजा लिया तथा छात्रों की उपस्थित अच्छी रहने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अभिभावकों के साथ बैठक भी की जाएगी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि फिलहाल अभी विद्यालय तक आने जाने की रास्ते को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से पहल की जाएगी। साथ ही उपस्थित बच्चों के बीच कॉपी कलम वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी शिक्षक सचिन कुमार, शिक्षक शमीम आलम, नन्द कुमार, सुधीर कुमार ग्रामीण गनौरी यादव, संजय यादव, दुलारचंद यादव सहित अन्य मौजूद थे।


**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
Govt. of Bihar
OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD AURANGABAD
Invitation for Bids
Invite Re-Tender vide NIT No. 09/2025–26

The Executive Officer, Aurangabad Nagar Parishad, Bihar invites online Tender in SBD Mode basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Start of Bid/Downloading of RFP Document. | From 25.07.2025 (10.00 AM) www.eproc2.bihar.gov.in | | | |
| Last Date of Online Bid Submission | 01-08-2025 Till 5.00 PM. | | | |
| Period during which hard copies of documents shall be physically submitted. | 04-08-2025 Till 1.00 PM At Nagar Parishad office, Aurangabad | | | |
| Time & date of online opening of documents. (Mandatory documents) Technical bid | 04-08-2025 Till 3.00 PM | | | |
| Time & date of online opening of Financial bid | After decision of Technical Bid. | | | |

| Sl. No. | Name of the Work | Estimated Project Cost (In Rs.) | Bid Security/ EMD (2%) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Tender Processing Fee |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Ram Janki Park in Aurangabad Municipal Council under AMRUT 2.0 in Bihar. | 239,69,325.00 | 4,79,500.00 | 10,000.00 | As per EPROC 2.0 |
| Periods of Bids Validity | | 120 Days | | | |

The bid forms and other detail scan be seen& downloaded from the website portal https://www.eproc2.bihar.gov.in.

- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT /RTGS in favour of Executive officer Nagar Parishad Aurangabad.
- The RFP Maybe Postponed, modified or Cancelled at any time due to administrative reasons and No Claim shall be entertained on this account.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
PR- 009084 (B & C) 2025-26
Executive Officer
Aurangabad Nagar Parishad

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार


## चार एनबीडब्लू गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती पुलिस ने कल्याणपुर और अचूकी गांव से 4 एन बी डब्लू वारंटी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया है। इन वारंटियों पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम कल्याणपुर से राहुल रवानी पिता अवधेश रवानी, अवधेश रवानी पिता जटू रवानी और चेंगडा यादव पिता चनारिक यादव तथा ग्राम अचूकी से धर्मेंद्र दास पिता नरेश दास को गिरफ्तार किया।

## निधन पर शोक

**गयाजी।** नगर प्रखंड के ग्राम बिथो शरीफ़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं शहर के प्रसिद्ध बेस्टो टेलर प्रोपराइटर नेजाम अंसारी के गत रात्रि के हार्ट अटैक से हुए निधन पर जिला जनता दल यू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. जितेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग ने गहरा दुःख व्यक्त किया।

# आईआईएम बोधगया ने श्रीलंका के 24 राजनीतिज्ञों का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गयाजी)।** क्षेत्रीय लोकतांत्रिक संवाद और नेतृत्व क्षमता निर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, आईआईएम बोधगया ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा आयोजित चल रहे युवा राजनीतिक नेता कार्यक्रम के हिस्से के रूप में विशेष रूप से डिजाइन किए गए शैक्षणिक मॉड्यूल के लिए श्रीलंका के 24 युवा राजनीतिक नेताओं की मेजबानी की। श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल द्वीपीय राष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य के विविध वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें वर्तमान सांसद, स्थानीय सरकार के पार्षद, युवा नेता और कानूनी पेशेवर शामिल हैं। कार्यक्रम में 15 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिनमें नेशनल पीपुल्स पावर के चार प्रतिनिधि, जनता विमुक्ति पेरामुना और समागी जन बालवेगया (एसजेबी) के तीन-तीन प्रतिनिधि, श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) और इलंकाई तमिल अरासु कच्ची (आईटीएके) के दो-दो प्रतिनिधि और दस अन्य राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के एक-एक प्रतिनिधि शामिल थे। इस दल में 20 पुरुष और 4 महिला प्रतिभागी शामिल हैं जो सिंहली, तमिल और मुस्लिम समुदायों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो देश की राजनीतिक और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो. विनीता सहाय ने कहा कि यह केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं है। बल्कि लोकतांत्रिक भाईचारे का निर्माण है। आईआईएम बोधगया में दक्षिण एशिया के भावी नेता एक-दूसरे के साथ जुड़कर सहयोग, सहानुभूति और साझा प्रगति से परिभाषित एक क्षेत्र की नींव रख रहे हैं। आईआईएम बोधगया में 21 जुलाई को आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में लोक नेतृत्व के प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें सार्वजनिक संस्थानों का निर्माण और नेतृत्व, नीति क्रियान्वयन में हितधारकों की गतिशीलता, नेतृत्व में भावनात्मक बुद्धिमत्ता और संस्थागत सुधार के लिए सहयोगात्मक शासन शामिल थे। व्याख्यानों, केस स्टडीज और इंटरैक्टिव सिमुलेशन के माध्यम से आयोजित इन सत्रों को आईआईएम बोधगया के वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा प्रभावी लोक नेतृत्व पर व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए तैयार किया गया था। यह मॉड्यूल अंतर-राष्ट्रीय संवाद, पारस्परिक शिक्षा और भारतीय तथा श्रीलंकाई दोनों दृष्टिकोणों से शासन संबंधी चुनौतियों पर चिंतन को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया था। श्रीलंका के अटॉर्नी एट लॉ और सांसद के सदस्य चित्राल फर्नांडो ने इस समृद्ध अनुभव के लिए आभार व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि जागरूकता और नेतृत्व पर प्राप्त अंतर्दृष्टि श्रीलंका में जनसेवा और शासन के प्रति उनके दृष्टिकोण को आकार देने में मूल्यवान साबित होगी। इस यात्रा में ऐतिहासिक महाबोधि मंदिर और आसपास के बौद्ध मठों का भ्रमण भी शामिल था जिससे इस क्षेत्र के आध्यात्मिक और सभ्यतागत महत्व को बल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा की शुरुआत नई दिल्ली से की जहां उन्होंने भारतीय संसद, आईआईटी दिल्ली, जेएनयू, यूआईडीएआई और एनडीटीवी सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और संस्थानों के साथ बातचीत की।

# नीदरलैंड में 'विष्णुपद श्रृंगार में रंगोली द्वारा भारतीय कला एवं संस्कृति' विषय पर किया शोधपत्र प्रस्तुत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** नीदरलैंड में आयोजित विश्व के सबसे बड़े गणित और कला सम्मेलन में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा पीठ के शिक्षक शिक्षा विभाग के शोधार्थी कुमार गंधर्व मिश्रा ने 'विष्णुपद श्रृंगार में रंगोली द्वारा भारतीय कला एवं संस्कृति के साथ-साथ गणितीय सृजनात्मकता की अभिव्यक्ति' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। सम्मलेन में विश्वभर के 40 देशों के प्रतिभागियों के बीच चयनित कला आधारित पत्रों में गंधर्व को विष्णुपद श्रृंगार की शैक्षिक प्रांसगिकता पर प्रस्तुतीकरण के लिए आमंत्रित किया गया था। इस उपलब्धि पर सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, प्रो. रविकांत, अधिष्ठाता, शिक्षा पीठ एवं विभाग के अन्य प्राध्यापकों ने गंधर्व को बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं। परंपरा के अनुसार प्रत्येक दिन सायंकाल में भगवान विष्णु के चरण चिन्ह (विष्णुपद) का रंगोली से श्रृंगार किया जाता है जो विभिन्न प्रकार के ज्यामितीय आकृतियों का रूप लेता है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इन ज्यामितीय आकृतियों का गणितीय अध्ययन गंधर्व मिश्रा ने अपने शोध पर्यवेक्षक डॉ तरुण कुमार त्यागी एवं लेफ्टिनेंट (डॉ.)प्रज्ञा गुप्ता के निर्देशन में किया था। विष्णुपद मंदिर में बनाई जाने वाली ये रंगोलियां ज्यामिति में काफी परिपूर्ण हैं जो साधारण से लेकर उच्च-स्तर ज्यामिति विशेषताओं को दर्शाती हैं तथा विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक और स्थानीय प्रसंग प्रदान करने के साथ-साथ उनमे गणितीय सृजनात्मकता के संवर्धन का भी अवसर प्रदान करती हैं। सम्मलेन में गंधर्व ने बताया कि कैसे यह श्रृंगार भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग है और किस प्रकार इस शोध का शैक्षिक उपयोग विद्यार्थियों के ज्यामितीय संवर्धन, उनके ज्यामितीय चिंतन के स्तर को पहचानने में तथा ज्यामिति शिक्षण को विद्यार्थियों के लिए रुचिकर बनाने के लिए किया जा सकता है। शोध के प्रस्तुतीकरण के दौरान गंधर्व ने इस रंगोली परंपरा का श्रेय विष्णुपद मंदिर प्रबंधन समिति और श्रृंगार करने वाले पंडों विशेषकर विजय गायब, बलदेव और अन्य को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है जिन्होंने इस श्रृंगार से सम्बन्धित कई जानकारी और अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक पहलुओं को विद्यार्थियों के बीच शामिल करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है और इस कड़ी में यह शोध और इसके परिणाम काफी प्रांसगिक हैं।

# काव्यगोष्ठी में पढ़ी गयीं सावन पर मनभावन रचनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की पश्चिम बंगाल प्रदेश इकाई की आया सावन झूम के मासिक काव्यगोष्ठी कोलकाता के प्रतिष्ठित बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय में शब्दवीणा के राष्ट्रीय परामर्शदाता एवं पश्चिम बंगाल प्रदेश संरक्षक पुरुषोत्तम तिवारी की अध्यक्षता में उत्साहवर्द्धक वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जितेन्द्र जितांशु एवं बतौर विशिष्ट अतिथि कृष्णानंद मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन शब्दवीणा के पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष राम नाथ बेखबर ने किया। काव्यगोष्ठी का शुभारंभ कवयित्री हिमाद्रि मिश्र द्वारा सुमधुर स्वर में प्रस्तुत शब्दवीणा गीत से हुआ। कवि राम नाथ बेखबर की गजल यादों की भूल-भुलैया है, सावन का मस्त महीना है। बहकी-बहकी पुरवैया है, सावन का मस्त महीना है सुन श्रोतागण झूम उठे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–12–25, दिनांक** 17.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–12–25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 160 किमी. प्रति घंटा से ट्रेनों के आवागमन के संबंध में हावड़ा–बर्द्धमान कॉर्ड लाइन खंड में कॉन्टैक्ट एवं कैटेनरी वायर का प्रतिस्थापन। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 1,49,49,082/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु. 2,24,800/–, **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 11.08.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/ वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov. in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-202/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
Govt. of Bihar
OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD AURANGABAD
Invitation for Bids
Invite Re-Tender vide NIT No. 08/2025–26

The Executive Officer, Aurangabad Nagar Parishad, Bihar invites online Tender in two bid system (Eligibility and Financial) on Engineering, Procurement and Construction (EPC) Mode basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Start of Bid/Downloading of RFP Document. | From 25.07.2025 (10.00 AM) www.eproc2.bihar.gov.in | | | |
| Last Date of Online Bid Submission | 01-08-2025 Till 5.00 PM. | | | |
| Pre-bid Meeting | 24-07-2025 Till 12.00 PM. At Nagar Parishad office, Aurangabad | | | |
| Period during which hard copies of documents shall be physically submitted. | 04-08-2025 Till 1.00 PM At Nagar Parishad office, Aurangabad | | | |
| Time & date of online opening of documents. (Mandatory documents) Technical bid | 04-08-2025 Till 3.00 PM | | | |
| Time & date of online opening of Financial bid | After decision of Technical Bid. | | | |

| Sl. No. | Name of the Work | Estimated Project Cost (In Rs.) | Bid Security/ EMD (2%) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Plant Capacity (In TPD) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Design, Build, construct, install, and commissioning of Waste to Compost Plant (W2C) Plant of 30 TPD for fresh waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years on EPC Mode. | 237,60,804.00 | 475,500.00 | 10,000.00 | Applicable for 30 TPD |
| Periods of Bids Validity | | 120 Days | | | |

The bid forms and other detail scan be seen& downloaded from the website portal https://www.eproc2.bihar.gov.in.

- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT /RTGS in favour of Executive officer Nagar Parishad Aurangabad.
- The RFP Maybe Postponed, modified or Cancelled at any time due to administrative reasons and No Claim shall be entertained on this account.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
PR- 009083 (B & C) 2025-26
Executive Officer
Aurangabad Nagar Parishad

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

संपादकीय

# डॉलर पर आ रही आंच, पर दुनिया के पास विकल्प नहीं

सन् 2025 की पहली छमाही में अमेरिकी डॉलर को वैश्विक मुद्रा बाजार में बड़ा झटका लगा है. डॉलर की ताकत मापने वाला यूएस डॉलर सूचकांक (डीएक्सवाई) 11त्न से अधिक गिरा है. यह 1973 में ब्रेटन वुड्स व्यवस्था के ढहने के बाद सबसे बड़ी गिरावट है. यह गिरावट तब हुई, जब डोनाल्ड ट्रम्प की सत्ता में वापसी ने अमेरिका की घरेलू तथा वैश्विक नीतियों की दिशा को बदल दिया है. इनका असर कूटनीति या जलवायु समझौतों तक सीमित नहीं है, बल्कि डॉलर की वैधता और स्थिरता तक पहुंच चुका है. 1944 में बनी ब्रेटन वुड्स व्यवस्था में वैश्विक मुद्राएं अमेरिकी डॉलर से जुड़ी थीं और डॉलर सोने से. उद्देश्य स्थिर विनिमय दर और आर्थिक स्थिरता था. 1971 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर को सोने से अलग कर दिया, तो यह व्यवस्था ढह गई. फिर भी अमेरिका ने आर्थिक, राजनीतिक व सैन्य ताकत के बूते डॉलर को वैश्विक मुद्रा बनाए रखा. 1973 के बाद डॉलर को झटके तो लगे, लेकिन वह अंतरराष्ट्रीय लेन-देन और रिजर्व का प्रमुख माध्यम बना रहा. डॉलर से चलनेवाली स्वैप लाइनें और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग नेटवर्क मिलकर उसे वह दर्जा देते हैं, जिसे अब तक कोई मुद्रा चुनौती नहीं दे सकी है. फिलहाल डॉलर में गिरावट के मूल में चार कारण हैं. पहला, मंदी की आशंका और चुनावी दबाव में दो बार ब्याज दरें घटाना. इससे बांड का यील्ड कम हो गया और डॉलर की मांग कमजोर पड़ी. दूसरे; बजट घाटे, कर्ज सीमा विवाद और राजनीतिक अनिश्चितता, जिससे वैश्विक निवेशकों का भरोसा डगमगाया है. तीसरा; अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज 35 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो चुका है. चौथा, ट्रम्प ने वैश्विक वित्तीय स्थिरता व व्यापार नियम बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, यूएन, आईएमएफ, डब्ल्यूटीओ को दरकिनार कर दिया है. ट्रम्प अब फेड रिजर्व को सरेआम धमका ही रहे हैं कि ब्याज दरें और कम करे. अमेरिकी संस्थानों की विश्वसनीयता कानूनी ढांचे व फेड रिजर्व की आजादी और राजकोषीय स्थिरता पर टिकी होती है. ट्रम्प उस नींव को हिला रहे हैं. ट्रम्प ने डॉलर को भू-राजनीतिक औजार बना दिया है. वे इसके मार्फत प्रतिबंध, टैरिफ एवं दूसरे कूटनीतिक दबाव डाल रहे हैं. इसने अमेरिकी नीतियों से असहमत देशों को वैकल्पिक रास्ता खोजने पर मजबूर किया है. चीन, रूस, ब्राजील, ईरान, भारत जैसे देश गैरडॉलर लेन-देन करने लगे हैं. कई सौदे युआन, रूबल, येन, दिरहम, रुपए में हो रहे हैं. सोना और डिजिटल करेंसी रिजर्व संपत्ति बन रही है. 2023 से 2025 के बीच चीन ने 100 अरब डॉलर से अधिक अमेरिकी बांड घटाए हैं. यानी कोई वैकल्पिक मुद्रा पूरी तरह तैयार न हो, पर डॉलर को चुनौती मिल रही है. फिलहाल हर वैकल्पिक मुद्रा या प्रणाली (युआन, सीबीडीसी, यूरो, सोना, क्रिप्टो) की सीमाएं हैं. युआन पर नियंत्रण व पारदर्शिता कम है. डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) के स्टेबलकॉइन्स अभी शुरु हो रहे हैं और अंतरसंचालनीय नहीं है. यूरो अस्थिर है, क्रिप्टो रहस्यमय. सोना 'वैश्विक संपत्ति' है, पर उसे भुनाना आसान नहीं और उससे ब्याज नहीं मिलता. यानी फिलहाल कोई डॉलर जैसा नहीं. डॉलर इंडेक्स में गिरावट से वैश्विक मौद्रिक व्यवस्था में बदलाव तुरंत नहीं होने जा रहा, पर यह डॉलर के प्रभुत्व को दीर्घकालिक संरचनात्मक चुनौती है. डॉलर की हैसियत : डॉलर महज व्यापार या विनिमय का माध्यम नहीं है. वह नगदी से ज्यादा भरोसेमंद है. सारे देश विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा डॉलर सरकारी बांड में रखते हैं, क्योंकि वह 'ग्लोबल स्टोर ऑफ वैल्यू' है. 25 ट्रिलियन डॉलर का अमेरिका ट्रेजरी बांड बाजार दुनिया में सबसे बड़ा है. दुनिया के ज्यादातर कर्ज, बांड, बैंकिंग लेन-देन, कॉर्पोरेट फाइनेंस डॉलर में होते हैं. डॉलर पूंजीगत लाभ, ब्याज आय देता है, भुनाने में आसान भी है. स्विफ्ट, चिप्स, फेडवायर जैसे त्वरित भुगतान नेटवर्क से रोजाना 7 ट्रिलियन डॉलर का लेन-देन होता है. डॉलर एक पूरी व्यवस्था है, जो चौबीसों घंटे चालू रहती है. दुनिया का 88प्रतिशत विदेशी व्यापार किसी न किसी रूप में डॉलर से होता है. दुनिया के प्रमुख आर्थिक खिलाड़ी (जापान, चीन, इंग्लैंड, भारत) अमेरिकी बांड के बड़े धारक हैं।

# गांव से ग्लोबल तक, 'युवा शक्ति' लिख रही कामयाबी की गाथा

**वर्तमान भारत में यदि कोई एक शब्द राष्ट्र निर्माण के स्तंभ के रूप में बार-बार उभरता है, तो वह है 'युवा शक्ति'। यह शक्ति न केवल भारत की आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा है, बल्कि उसकी सामाजिक, आर्थिक और वैश्विक आकांक्षाओं की आधारशिला भी है। अपने 10 वर्ष पूरे कर चुकी भारत सरकार की 'कौशल भारत मिशन' योजना इस देश की युवा शक्ति के लिए न सिर्फ सामाजिक परिवर्तन बल्कि आर्थिक सुदृढ़ता का प्रतीक बन चुकी है। कौशल भारत मिशन की शुरुआत वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उस समय की गई थी, जब देश की युवा आबादी को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना सबसे बड़ा लक्ष्य था। उद्देश्य स्पष्ट था, भारत के युवाओं को न केवल पारंपरिक शिक्षा देना, बल्कि उन्हें रोजगार-उन्मुख और उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना। यह पहल इस धारणा पर आधारित थी कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह व्यक्ति को जीवन यापन के साधन और समाज के लिए योगदान की क्षमता प्रदान करे।**

अमित शर्मा

केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप संवर्धन योजना और उदान जैसी उप-योजनाएं शामिल हैं। ये योजनाएं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में युवाओं को तकनीकी और गैर-तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। इस मिशन की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते एक दशक में लगभग दो करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिनमें से एक बड़ी संख्या को रोजगार भी प्राप्त हुआ है या उन्होंने अपना स्वरोजगार स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी का युवा शक्ति के भविष्य को लेकर विजन स्पष्ट नजर आता है। वह स्पष्ट कर चुके हैं कि आने वाले वर्षों में भारत सरकार का ध्यान वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देने पर केंद्रित रहेगा। इस मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि इस मिशन ने अब तक अनगिनत युवाओं को अवसरों से जोड़ा है और उन्हें अपने जीवन में एक नई दिशा दी है। यह वक्तव्य न केवल एक सांकेतिक घोषणा है, बल्कि भारत सरकार की उस दीर्घकालिक दृष्टि का संकेत है जिसके केंद्र में 'विकसित भारत' का निर्माण है। कौशल भारत मिशन की सफलता के पीछे कई रणनीतिक निर्णयों और संस्थागत बदलावों का योगदान रहा है। सबसे पहले तो केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय स्थापित कर एक व्यापक कौशल पारिस्थितिकी तैयार की गई। दूसरे, उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को समय-समय पर अद्यतन किया गया। तीसरे, सरकारी प्रशिक्षण केंद्रों के अलावा निजी भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया गया जिससे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीकी सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें।

जहां एक ओर इस मिशन ने शहरी युवाओं को सशक्त किया, वहीं दूसरी ओर यह ग्रामीण भारत की छुपी हुई प्रतिभाओं के लिए भी एक वरदान साबित हुआ। उत्तर प्रदेश, बिहार,



ओडिशा, झारखंड जैसे राज्यों में लाखों युवा, जो कभी खेतों या दिहाड़ी मजदूरी तक सीमित थे, आज प्रशिक्षित होकर इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, होम हेल्थ केयर वर्कर, कुक, और अन्य तकनीकी भूमिकाओं में स्थापित हैं। इन युवाओं की कहानियां उस परिवर्तन का प्रतीक हैं जो इस मिशन ने जमीनी स्तर पर लाया है।

इतना ही नहीं, महिलाओं की भागीदारी भी इस मिशन की विशेष उपलब्धि रही है। लाखों महिलाएं, जिन्होंने कभी घरेलू कामकाज तक सीमित जीवन जिया था, अब सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन, हेल्थ वर्कर और यहां तक कि इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयर जैसी तकनीकी भूमिकाओं में प्रशिक्षित होकर न केवल आत्मनिर्भर बनीं, बल्कि अपने परिवारों की आर्थिक रीढ़ भी बनीं। इस सामाजिक परिवर्तन ने भारत में महिला सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिखी है। हालांकि, इस मिशन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं थीं। एक बड़ी चुनौती थी गुणवत्ता और प्रशिक्षण की मानकीकरण। देश भर में प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या तो बढ़ी, परंतु सभी जगह एक समान प्रशिक्षण गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक कठिन कार्य रहा। इसके अलावा, ग्रामीण इलाकों में डिजिटल साक्षरता और पहुंच की सीमाएं भी मिशन की गति को प्रभावित करती रहीं। फिर भी, सरकार ने समय-समय पर डिजिटल कौशल प्रशिक्षण, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, और मोबाइल ऐप्स के माध्यम से इन चुनौतियों का सामना किया।

कौशल भारत मिशन को वैश्विक संदर्भ में भी देखा जाए तो यह कई अंतरराष्ट्रीय मॉडल्स के साथ तुलनात्मक रूप से बेहतर साबित हुआ है। जर्मनी और स्विट्जरलैंड के ड्यूल अप्रेंटिसशिप मॉडल को अपनाते हुए भारत ने उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच सेतु बनाने का प्रयास किया है। यह प्रयास अब इस दिशा में बढ़ चुका है कि भारत के तकनीकी और व्यावसायिक प्रमाणपत्रों को वैश्विक मान्यता मिले, जिससे प्रशिक्षित युवा विदेशों में भी कार्य कर सकें। हालिया वर्षों में कौशल भारत मिशन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, हरित ऊर्जा, ई-वॉलेटिंग और डिजिटल बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं। यह कदम न केवल मिशन की समकालीनता को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि सरकार बदलते समय के साथ चल रही है और आने वाले दशक में युवाओं को 'फ्यूचर-रेडी' बनाने की तैयारी कर रही है।

प्रधानमंत्री के हालिया वक्तव्य में यह बात विशेष उल्लेखनीय रही कि सरकार अब युवाओं के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगी। इसका अर्थ यह है कि भारत अब कौशल निर्माण में केवल अपने आंतरिक आवश्यकताओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक रोजगार बाजार में भी भारतीय युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। इससे न केवल विदेशी करेंसी की प्राप्ति बढ़ेगी, बल्कि भारत की ग्लोबल वर्कफोर्स के रूप में प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।

आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो कौशल भारत मिशन का प्रत्यक्ष लाभ रोजगार दर में वृद्धि और बेरोजगारी दर में गिरावट के रूप में देखा गया है। आर्थिक सर्वेक्षणों में यह बात बार-बार उभर कर सामने आई है कि जिन युवाओं ने कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उनकी औसत आय में वृद्धि हुई है और वे नौकरी के लिए लंबे समय तक भटकने से बचे हैं। कई राज्यों में तो यह भी देखा गया है कि प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं ने स्वयं का व्यवसाय शुरू किया और अब वे न केवल खुद को, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार पिछले 10 वर्षों में लगभग दो करोड़ से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इनमें से लगभग सत्तर प्रतिशत युवाओं को या तो किसी कंपनी में रोजगार मिला या उन्होंने स्वरोजगार शुरू किया। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि यह मिशन केवल एक घोषणात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जमीन पर कार्यरत एक क्रियाशील परिवर्तन है।

यदि हम भविष्य की बात करें, तो कौशल भारत मिशन के अगले दशक की दिशा और गति को लेकर कई योजनाएं तैयार हैं। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक कम से कम पांच करोड़ युवाओं को ऐसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाए जो न केवल वर्तमान में प्रासंगिक हों, बल्कि आने वाले वर्षों में अत्यधिक मांग वाले साबित हों। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित प्रौद्योगिकी, वित्तीय तकनीक, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। कुल मिलाकर, कौशल भारत मिशन एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है जिसने भारत के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया है।

यह मिशन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर आत्मबल और आत्मसम्मान का संचार करने वाली पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि 'कौशल भारत, युवा भारत की आत्मनिर्भरता की आधारशिला है', आज पूर्णतया साकार होता दिख रहा है। यह मिशन भारत की युवा शक्ति को न केवल योग्य बना रहा है, बल्कि उसे राष्ट्र निर्माण की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर रहा है और यही वह बिंदु है जहां से विकसित भारत का सपना, एक ठोस हकीकत की ओर अग्रसर होता है।

अध्यात्म

## रोज अच्छी बातें सुनते और पढ़ते रहने से नकारात्मक विचार खत्म होते हैं

एक लड़के को उसके पिता ने संत कबीर के पास भेजा और कहा कि रोज उनके प्रवचन सुनो, लड़के ने कबीर से कहा कि मैं तो समझदार हूं, मुझे प्रवचनों की जरूरत नहीं है

संत कबीर के कई ऐसे प्रेरक प्रसंग प्रचलित हैं, जिनमें सुखी और सफल जीवन के सूत्र छिपे हैं। इन सूत्रों की वजह से हमारी कई समस्याओं दूर हो सकती हैं। कबीर से जुड़े एक प्रसंग के अनुसार एक दिन क्षेत्र का एक लड़का संत कबीर के पास पहुंचा। लड़के ने संत कबीर से कहा कि गुरुजी, मैं पढ़ा-लिखा हूं और अपना अच्छा-बुरा समझता हूं, लेकिन मेरे माता-पिता ने मुझे आपके प्रवचन सुनने भेजा है। आप ही बताइए मेरे जैसे समझदार इंसान को सत्संग की क्या जरूरत है?

कबीरजी ने उस लड़के की पूरी बात सुनी। इसके बाद भी वे चुपचाप रहे। उन्होंने पास में रखी हथौड़ी उठाई और जमीन में गड़े एक खूंटे पर मार दी। ये देखकर लड़के को कुछ समझ नहीं आया, कुछ देर बाद वह वहां से चला गया।

अगले दिन वही लड़का कबीर के पास वापस आया और बोला कि मैंने कल एक प्रश्न पूछा था, आपने उसका उत्तर नहीं दिया था। कृपया आज मेरे प्रश्न का उत्तर दे दीजिए। कबीर ने फिर उसी खूंटे के ऊपर हथौड़ी मार दी, लेकिन कुछ बोले नहीं।

लड़के ने सोचा कि शायद इनका मौन व्रत है, इसी वजह से कुछ बोल नहीं रहे हैं। इसके बाद वह तीसरे दिन फिर आया और वही प्रश्न पूछा। इस बार भी कबीर ने उसी खूंटे पर हथौड़ी मार दी।

ये देखकर लड़के का धैर्य टूट गया। उसने कहा कि आप मेरे प्रश्न का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं? मैं तीन दिन से एक ही बात आपसे पूछ रहा हूं। संत कबीर बोले कि मैं तो तुम्हें रोज जवाब दे रहा हूं। मैं इस खूंटे पर हथौड़ी मारकर जमीन में इसकी पकड़ मजबूत कर रहा हूं। अगर इस खूंटे की पकड़ कमजोर होगी तो इससे बंधे पशुओं की खींचतान से या ठोकर लगने से ये निकल जाएगा। ठीक इसी तरह का काम प्रवचन करते हैं। सत्संग, प्रवचन और अच्छी बातें हमारे मनरूपी खूंटे पर बार-बार प्रहार करती हैं तो हमारे नकारात्मक विचार खत्म होते हैं। सकारात्मक विचार बढ़ते हैं। हर रोज अच्छी बातें पढ़ने और सुनने से हमारा मन बुराई से दूर हो जाता है। इसलिए सत्संग जरूरी है।

# सेहत के लिए फायदेमंद है कलाकृतियों को निहारना...

**हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि कला चिकित्सा का भी माध्यम है। इसे 'आर्ट थेरेपी' के नाम से भी जाना जाता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने में प्रभावी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में बताया गया है कि कला-आधारित उपचार, जैसे चित्रकला और संगीत सुनना मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रबंधन में सहायक हैं। कोई भी व्यक्ति अपने तनाव या अवसाद के क्षणों में अपने मनपसंद गीत-संगीत या अपनी अन्य अभिरुचि की कलाकृतियों के साथ थोड़ा समय बिताए, उनमें गहराई में डूबने की कोशिश की तो इसके प्रभाव को महसूस कर सकता है। ये गतिविधियां मस्तिष्क में आक्सीटोसिन और डोपामाइन जैसे 'न्यूरोट्रांसमीटर' यानी प्रसन्नता की भावना को बढ़ने वाले रसायनों को बढ़ाते हैं।**


सरस्वती रमेश

कलाकृतियां मन को लुभाती हैं। लुभाएं भी क्यों न! आखिर ये मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहे हैं। ये हमें जोड़ती हैं, शिक्षित करती हैं और जीवन को समृद्ध बनाती हैं। फिर भी अक्सर पाया जाता है कि लोग किसी कलाकृति को निहारना तो पसंद करते हैं, लेकिन खरीदना या अपने घर की दीवारों पर सजाना विलासिता समझते हैं। जबकि हाल के वर्षों में हुए शोध से पता चला है कि कला को निहारना विलासिता नहीं, स्वास्थ्य के लिए औषधि का काम कर सकता है। दरअसल, कलाकृतियों का स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। कलाकृतियां न केवल सौंदर्य का रूपक होती हैं, बल्कि स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं को बेहतर बनाने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। मतलब यह एक समग्र चिकित्सा और कल्याण का साधन है।

कलाकृतियों और सेहत के रिश्ते पर अध्ययन करते हुए वैज्ञानिकों ने पाया कि किसी कलाकृति को निहारना सेहत के लिए फायदेमंद है। फिर चाहे आप वह कला किसी कला वीथिका यानी 'आर्ट गैलरी' में देख रहे हों या अस्पताल की गलियारे में। दोनों ही दशाओं में आपको उतना ही फायदा होगा। कला को कब, कहां और क्यों उपयोग में लाया जा सकता है, इस बारे में लगातार और अधिक शोध हो रहे हैं। अधिक विश्वसनीय साक्ष्यों की तलाश की जा रही हैं, ताकि यह स्पष्ट पता लग सके कि किसी खास स्वास्थ्य लाभ के लिए किस प्रकार की कला का उपयोग किया जाना चाहिए।

शोधकर्ताओं के अनुसार कला को देखने से 'यूडेमोनिक वेल-बीइंग' में सुधार होता है। यूडेमोनिया स्व की पहचान, वास्तविक जीवन मूल्यों का विकास और जीवन के सही अर्थ को समझकर उसी के अनुसार जीवन जीने पर जोर देता है। यह अवधारणा व्यक्तिगत विकास और नैतिक गुणों को प्रोत्साहित करती है, जिसका लक्ष्य अस्थायी आनंद से परे स्थायी संतुष्टि और दीर्घकालिक मानसिक सुख है। 'यूडेमोनिक वेल बीइंग' के लिए कुछ खास गतिविधियां होती हैं, जिनका अभ्यास किया जाता है। जैसे जीवन के प्रति अपना एक नजरिया स्थापित कर उस पर हर हाल में कायम रहने का प्रयास किया जाता है।

हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि कला चिकित्सा का भी माध्यम है। इसे 'आर्ट थेरेपी' के नाम से भी जाना जाता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने में प्रभावी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में बताया गया है कि कला-आधारित उपचार, जैसे चित्रकला और संगीत सुनना मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रबंधन में सहायक हैं। कोई भी व्यक्ति अपने तनाव या अवसाद के क्षणों में अपने मनपसंद गीत-संगीत या अपनी अन्य अभिरुचि की कलाकृतियों के साथ थोड़ा समय



बिताए, उनमें गहराई में डूबने की कोशिश की तो इसके प्रभाव को महसूस कर सकता है। ये गतिविधियां मस्तिष्क में आक्सीटोसिन और डोपामाइन जैसे 'न्यूरोट्रांसमीटर' यानी प्रसन्नता की भावना को बढ़ने वाले रसायनों को बढ़ाते हैं।

एक दूसरे अध्ययन में पाया गया कि नियमित कला गतिविधियां, मसलन, जैसे स्केच या रेखाचित्र बनाना या मिट्टी की मूर्तिकला आदि कार्टिसोल यानी तनाव हार्मोन के स्तर को तीस फीसद तक कम कर सकती हैं। इसके साथ ही कलाकृतियां भावनाओं को व्यक्त करने का एक सुरक्षित माध्यम प्रदान करती है, जिससे लोग अपनी भावनाओं को समझ और प्रबंधित कर सकते हैं। कलाकृतियों को देखने या बनाने से आत्मसम्मान और आत्मविश्वास बढ़ता है।

इस मसले पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि किसी मरीज की नियमित देखभाल के साथ-साथ रचनात्मक दृष्टिकोण का भी उपयोग किया जाना चाहिए। आलंकारिक, अमूर्तन, आधुनिक और समकालीन चित्रकारी, फोटोग्राफी, मूर्तिकला आदि कलाएं स्वास्थ्य के लिए अच्छी पाई गई हैं। इन कलाओं को संग्रहालय, कला वीथिका, क्लीनिक, अस्पताल जैसी अलग-अलग जगहों पर रखा जाना चाहिए।

जीवन का एक उद्देश्य होता है, जो हमारे भविष्य बनाने या करिअर के उद्देश्यों से बड़ा हो सकता है या अलग हो सकता है। कोई ऐसा लक्ष्य, जो किसी दूसरे की भलाई के साथ हमें संतुष्टि दे। जो हमारे उन गुणों को निखारने का प्रयत्न करे, जिससे हमें वास्तविक खुशी मिलती है और जिसे करके हमें भीतर से अच्छा महसूस हो और कुछ ऐसा सार्थक करने का अहसास हो, जो हमारे जीवन को सही मायने में अर्थ दे। यह 'हेडोनिक वेल बीइंग' की विपरीत अवस्था है, जो त्वरित आनंद और अस्थायी खुशी पर केंद्रित है।

कला सृजन से मानसिक सेहत को होने वाले फायदों के बारे में व्यापक रूप से शोध हुए हैं, लेकिन कला को देखने के प्रभाव पर अनुसंधान और इससे होने वाले शारीरिक स्वास्थ्य लाभ को कम करके आंका गया। मगर इसके प्रभावों को देखते हुए अब ऐसा नहीं होना चाहिए। इसके सकारात्मक प्रभावों को समझने के बाद अधिक से अधिक लोगों को कलाकृतियों से जोड़कर उनके स्वास्थ्य के लिए नए रास्ते खोलने की संभावना बढ़ी है। यों भी, रोजमर्रा की जिंदगी की व्यस्तताओं ने आज मनुष्य को जिस स्तर तक खुद को गंवा देने तक के हालात में डाल दिया है, उसमें वह जीवन की बहुत सारी वास्तविकताओं और जरूरतों को भूल गया है। ऐसे में उपजे मानसिक थकान से जिस तरह की जटिलताएं पैदा होती हैं, उसे कलात्मकता की दुनिया के अहसास को करीब से महसूस करने पर कम या दूर किया जा सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके ऊपर मानसिक दबाव बढ़ सकता है। ससुराल पक्ष के लोगों को परेशानी हो सकती है। अपनी बुद्धि का उचित प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं।

**वृषभ**
व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से सराहना प्राप्त होगी। धन की कमी से रुके कार्य प्रारम्भ हो सकते हैं। आपको व्यापार में बड़े अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क**
यदि आपका वजन बढ़ा हुआ है तो आपको इस पर नियन्त्रण करना चाहिये। लोग आपकी आलोचना करेंगे। जीवनसाथी के साथ नोक-झोंक होने की आशंका है।

**सिंह**
घर में आपका मन नहीं लगेगा। तीर्थ स्थल की यात्रा हो सकती है। हिसाब-किताब में आपको पारदर्शिता रखनी चाहिये। अपने स्वाभिमान से समझौता न करें।

**कन्या**
आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चे अत्यन्त अनुशासित रहेंगे। रिश्तेदारों के घर जाने का अवसर मिलेगा। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से मुलाकात होगी।

**तुला**
समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। पिताजी के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

**वृश्चिक**
नयी नौकरी के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। आपकी दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। मन में अज्ञात कारणों से चिन्ता रहेगी।

**धनु**
नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं। सन्तान की उन्नति से आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। पूर्व में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। आपकी प्रतिभा और योग्यता की प्रशंसा होगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका मन अत्यन्त प्रसन्न रहेगा। बढ़ते खर्चों को लेकर निराशा होने की सम्भावना है। बच्चों के स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है।

**कुंभ**
अटके हुये काम दोबारा शुरू होंगे। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। शारीरिक पीड़ा हो सकती है। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी।

**मीन**
आपको कार्यक्षेत्र में नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण रखें। प्रेम सम्बन्धों में थोड़ी अनबन हो सकती है।

# 23 एवं 27 जुलाई को आयोजित होगी परीक्षा

## सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा को लेकर ब्रीफिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निदेश के आलोक में अपर समाहर्ता मोतिहारी मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा के आयोजन को लेकर केंद्र अधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। बताया गया कि सिपाही के पद पर नियुक्ति के लिए 23.07.2025 (बुधवार) एवं 27.07.2025 (रविवार) को पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय में कुल 17 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत दिनांक 23 जुलाई को 7151 एवं दिनांक 27 जुलाई को 10464 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा 12:00 बजे से 2:00 बजे तक चलेगी। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा केंद्र पर 9:30 बजे से प्रारंभ हो जाएगा परंतु 10:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं रहेगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर जाने वाले दंडाधिकारी व अन्य पदाधिकारी भी अपना पहचानपत्र साथ रखना रखेंगे एवं ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अपर समाहर्ता के द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय मुख्य द्वार पर फ्रिस्किंग का निर्देश दिया गया। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि 10:30 बजे पूर्वाह्न के बाद प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा जहां अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक सत्यापन एवं फोटोग्राफी भी कराई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से जैमर लगाए गए हैं। किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी कर्मी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं है। सभी परीक्षा केंद्रों पर 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा -144 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। संयुक्त ब्रीफिंग में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, यशवंत कुमार, डीपीओ नित्यम गौरव के द्वारा भी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित केंद्र अधीक्षक को संबोधित किया गया।

## युवाओं के लिए हितकर साबित होगा वाचनालय : प्रो राकेश

**तेघरा (नबिटा संवाददाता)।** प्रखण्ड के ग्रामीणों की मांग पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा के द्वारा अनुशंसित वाचनालय भवन बनकर तैयार हो गया। सोमवार को सांस्कृतिक सह वाचनालय मडल भवन का उद्घाटन प्रो राकेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने यहां के नागरिकों से अनुरोध किया की जिस उद्देश्य यह भवन बनाया गया है। इसका जिम्मेवारी आप सबों पर है। उन्होंने अपने फंड का अधिकांश राशि स्कूल भवन पुस्कालय कम्प्यूटर मे ही खर्च किया। वही दूसरी ओर उत्क्रमित मध्य विद्यालय संघौल मे आठ कम्प्यूटर, बैटरी, प्रिंटर आदि का उद्घाटन किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश अंबष्ठ, मंडल अध्यक्ष श्याम कुमार छोटे, सुनील कुँवर आदि थे।

## एक नजर

### छात्रा की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** छात्रा की हत्या के विरोध में नावकोठी में केंडिल मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार ने किया। इसमें दर्जनाधिक युवा और छात्रों ने भाग लिया। कैंडल मार्च बाजार के पश्चिमी छोर से प्रारंभ होकर मुख्य सड़क से होते हुए थाना चौक पर प्रतिरोध सभा में परिणत हो गया। जिला परिषद प्रतिनिधि डा राजेंद्र शर्मा ने कहा यह घटना बेहद घृणित है और सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा है। ऐसे कुत्य करने वालों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। आशीष ने कहा कि आखिर बेटियों पर अत्याचार कब तक होती रहेगी। हम इस घटना की तीखी भर्त्सना करते हैं और एस आई टी जांच की मांग करते हैं। दोषी को फाघ्सी की सजा दी जाए. ऐसे लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। इसमें धर्मवीर भारती, बबलू कुमार काबुली, अंकित कुमार योगेंद्र चौधरी, सन्नी कुमार, चमन, वीरेंद्र जायसवाल, सोनू, राजू, महेश महतो, अमन, रमन सहित दर्जनाधिक सामाजिक कार्यकर्ता और छात्र शामिल हुए।

### विद्यालय प्रधान ने किया योगदान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सोमवार को प्रधानाध्यापकों ने योगदान किया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकमुजफ्फर में नन्द किशोर पंडित, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजाकपुर में अरूण कुमार, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डफरपुर पश्चिम में रेखा कुमारी ने योगदान किया। मौके पर अभय कुमार झा, इन्दु कुमारी, अभय कुमार सिंह, खुश्बू कुमारी, अशोक कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक सरोज कुमार, प्रधान शिक्षिका मुन्नी कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे। इधर प्राथमिक विद्यालयों में भी प्रधान शिक्षकों ने योगदान किया। प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति टोल हसनपुर बागर में ष्ण कुमार ने योगदान दिया। मौके पर अजय कुमार, मो इमरान, राकेश कुमार, ममता कुमारी, निकहत आरा ,नासरीन खातून सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### प्रधान शिक्षक ने किया योगदान

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत कन्या प्राथमिक विद्यालय संजोयल में प्रधान शिक्षक के पद पर विनोद कुमार पाल का योगदान एचएम राणा जी द्वारा सोमवार को कराया गया। इस विद्यालय में लंबे अरसे के बाद पहली बार वर्ग (1-5) में प्रधान शिक्षक के पद को सरकार द्वारा भरा गया है। उनके योगदान के बाद एचएम सेत अन्य शिक्षक विनोद कुमार पाल को बधाई दी। कहा हम लोगों को आशा और विश्वास है कि वे अपने दायित्व को पुरी निष्ठा से ईमानदारी के साथ विद्यालय का नाम रोशन करने का काम करेंगे। यही हमलोगो की अपेक्षा है।

### वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भवानंदपुर गांव के वार्ड संख्या 13 निवासी मोहम्मद अब्दुल के पुत्र मोहम्मद जावेद को वीरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि थाना जी आर 1073/16 के तहत बेगुसराय से वारंट जारी किया गया था। जिसके तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय भेज दिया गया।

### सर्किल में इंस्पेक्टर सुचित ने दिया योगदान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर सुचित कुमार ने सर्किल कार्यालय में रविवार को अपना पदभार ग्रह्ण किया। उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के उपरांत कहा कि विधि व्यवस्था दुरूस्त रखना, अपराध पर नियंत्रण करना ही प्राथमिकता है। इनके योगदान से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहने की आश जगी है।

### मॉडल पंचायत बनाने को लेकर योजनाओं का शिलान्यास

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के संदेश प्रखंड स्थित कोरी पंचायत को मॉडल बनाने के लिए कई योजनाओं का शिलान्यास सोमवार को किया गया। जिसमें महादलित टोला वार्ड नंबर 4 एवं 5 को मॉडल बनाने के लिए प्रखंड विकाश पदाधिकारी चंदन कुमार ने जीविका भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, खेल के मैदान, जल जीवन हरियाली के तहत तालाब निर्माण एवं शुद्ध पेयजल का नल निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। यह योजना मनरेगा के अंतर्गत कराया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरी पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने की। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी अनिल प्रसाद, जीविका दीदी, कोरी पंचायत समिति सदस्य एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### बच्चियों का किया जा रहा टीकाकरण

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बिहार सरकार के द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 09 वर्ष से 14 वर्ष तक की बच्चियों का टीकाकरण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिले के डीआईओ डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने बताया की प्रारम्भिक रुप से मोतिहारी नगर के विधालयों का आच्छादन किया जाना है। इस कार्यक्रम को लेकर एचपीवी टीकाकरण में कार्य करनेवाली टीम के कार्यशाला का आयोजन जीएनएम स्कूल सदर अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ मनोज तुमराडा के द्वारा दिया गया। उन्होने बताया कि टीकाकरण के दिन सभी बच्चियों का निबंधन करवाना आवश्यक है, टीकाकरण के बाद उनके मोबाइल नम्बर पर टीकाकरण सर्टीफिकेट भी उपलब्ध होगा, इन्होंने बताया कि टीकाकरण का किसी तरह का गंभीर दुष्परिणाम नहीं होता।टीकाकरण कार्यक्रम में हर सेशन साईट पर आर बी एस के की मेडिकल टीम मौजूद रहेगी, जिससे उन्हें तत्काल चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा सकती है। सेशन के दौरान एईएफआई से बचाव के लिए पुरी सुविधा रखी गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं में होने वाले बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचाव के लिए दिया जाना है द्य यह 9 वर्ष से 14 वर्ष तक की बच्चियों को दिया जा रहा है।

## गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच हेतु शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी में सोमवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सकों की टीम डा चंदन कुमार मिश्रा, डा. भारती भूषण ने 70 गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हेमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। जांचोपरांत पांच एनीमिक गर्भवती महिला पाई गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी।

## वित्तरहित शिक्षा नीति के खिलाफ शिक्षकों ने लगाया काला बिल्ला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** वित्त रहित शिक्षक कर्मियों ने सोमवार को वित रहित शिक्षा नीति के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर महाविद्यालय पहुंचे। राम चरित्र सिंह स्मारक महाविद्यालय बीहट में प्राचार्य डक्टर राजन कुमार के नेतृत्व में शिक्षक व कर्मचारियों ने बिहार सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए सरकार से मांग किया कि पिछले 8 वर्षों से अनुदान की बकाया राशि एक मुश्त दिया जाए। हमारी मांग है कि अनुदान नहीं बल्कि वेतनमान दिया जाए। वही प्राचार्य डा. राजन कुमार ने कहा कि हम वित रहित शिक्षकों के प्रति सरकार का रवैया बिल्कुल सौतेलापन है। सरकार से हमारी मांग है कि अनुदान नहीं वेतनमान चाहिए। उन्होंने कहा विगत 8 वर्षों से अनुदान की राशि नहीं मिलने से भुखमरी की स्थिति हो गई है। जिसकी मांग शिक्षकों के द्वारा लगातार की जा रही है। लेकिन सरकार वित रहित शिक्षकों के प्रति थोड़ा भी ध्यान नहीं है। इसलिए हम सब सरकार के इस वितरहित शिक्षा नीति के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर कॉलेज के काम कर रहे हैं। मौके पर प्रोफेसर शशि सिंह, हरि नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, हेमंत शर्मा, राजीव नंदन मिश्रा, अर्जुन शर्मा, रामनारायण मिश्र, विद्या सागर सिंह प्रधान लिपिक उपेंद्र मिश्रा, प्रोफेसर सीमा कुमारी, आशा कुमारी, संजय सिंह, अरूण शर्मा, सुरेंद्र कुमार राय, राजीव कुमार, सुधीर कुमार सिंह, रितु कुमारी, उमेश साह,गणेश पासवान, विष्णु देव दास, लक्ष्मी प्रसाद यादव, शोभा कुमारी, समेत सभी कॉलेज कर्मी मौजूद थे।

### शिक्षकों ने जताया विरोध

**नावकोठी।** डीएस इंटर कलेज पहसारा में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की दोहरी नीति के विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया गया। कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक प्रो अर्जुन कुमार सिंह एवं चुनचुन सिंह ने वित्त अनुदानित शिक्षक कर्मियों को एक मुश्त वार्षिक अनुदान देने, आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने, अनुदान के बदले वेतनमान देने समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन को धारदार करने का संकल्प लिया। वित्तरहित शिक्षा कर्मियों के गंभीर समस्या का निदान तथा वेतन एवं पेंशन का भुगतान करने का निर्णय नहीं लिए जाने पर राज्य भर में शिक्षाकर्मी क्षेत्र भ्रमण के दौरान नेताओं का घेराव करेंगे। उन्होंने वित्त रहित शिक्षा नीति के विरोध में 23 जुलाई को पटना में होने वाले धरना प्रदर्शन में शतप्रतिशत कर्मियों को शामिल होने का आह्वान किया। मौके पर वरिष्ट शिक्षक प्रो विनोद कुमार सिंह, प्रो नंदकुमार झा प्रो मनोहर कुमार, प्रो अमिता कुमारी प्रधान लिपिक दीपक कुमार सिंह सुनील कुमार सिंह, त्रिलोकी सिंह, विजय कुमार, परिचारी दशरथ सिंह राधेश्याम सिंह सुनीता कुमारी आदि मौजूद थे।

## एनएसयूआई ने कॉलेज में किया हवन कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज प्राचार्य के सदबुद्धि हेतु हवन कर भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना किया गया। जिसमे कॉलेज प्राचार्य डा. राम अवधेश सिंह को कॉलेज संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु सद्बुद्धि दे। इस कार्यक्र्म के नेतृत्व भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष राजा कुमार के द्वारा किया गया। वही राजा कुमार ने बताया कि बीते कई महीनो से बेगूसराय के महाविद्यालय के समस्याओं के समाधान के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति एवं जीडी कॉलेज के प्रचार को आवेदन दिया गया था। लेकिन समस्याओं के समाधान नहीं होने की वजह से हम लोगों को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। वही राजा कुमार ने बताया कि जीडी कॉलेज में व्यावसायिक पाठ्यक्र्मों के तहत कृषि विज्ञान में स्नातक के शिक्षक की व्यवस्था प्रारंभ किया जाए। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि जीडी कॉलेज में 2020 के बाद से छात्र संघ का चुनाव नहीं करवाया गया है। चुनाव यथाशीघ्र हो, जीडी कॉलेज में कंप्यूटर सेंटर के एक कार्यरत व्यक्ति को बेगूसराय विस्तार केंद्र में नियुक्त करने की मांग शामिल है, वही राजा कुमार ने बताया कि बेगूसराय के महाविद्यालय में प्राचीन इतिहास भूगोल समाजशास्त्र एवं वाणिज्य विषयों की शिक्षण व्यवस्था किया जाए। बेगूसराय के श्री कृष्ण महिला महाविद्यालय जिले का एकमात्र महिला महाविद्यालय है। जिसमें स्नातकोत्तर में किसी भी विषय की शिक्षण की व्यवस्था नहीं है जिसे यथाशीघ्र शुरू करवाया जाए। कॉलेज अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार ने बताया कि जीडी कलेज से जुड़ी समस्याओं के लिए प्राचार्य सहित कुलपति को लगातार आवेदन दिया गया है लेकिन समाधान नहीं हो पाया है, कॉलेज में दलालों की संख्या बढ़ने से छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलेज परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। बच्चों के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था हो। एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष मुरारी कुमार ने बताया कि पीजी के रिजल्ट में गड़बड़ी को यथाशीघ्र सुधारा जाए। विद्यार्थियों के साथ कलेज परिसर में सौतेली व्यवहार नहीं किया जाए। वही मुरारी कुमार ने बताया कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो हम लोग सड़क से सदन तक संघर्ष करने के लिए वाध्य होंगे। वही इस मौके पर प्रिंस कुमार, बबलू कुमार, रोहित कुमार, अंकित कुमार, समीर, राहुल कुमार सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत डुमरा मोहन पंचायत के ठिकाडीह गांव वार्ड 7 में बीते 15 दिनों से नल जल की समस्या को लेकर सोमवार की सुबह 9 बजे से आक्रोशित लोगों ने रोसड़ा बहेरी मुख्य सड़क के नरसिंहा चौक पर बांस बल्ला लगाकर लोगों ने सड़क जामकर सरकार व विभाग के पदाधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई दिनों से नलजल सेवा बंद है। गर्मी में लोगों को पीने का पानी के लिए काफी परेशानी होता है। गांव का सभी चापाकल सूख गया है जिसको लेकर आस पास के गांव और दूसरे वार्ड से पानी लाना पड़ता है पीने का पानी को लेकर लोगो को काफी परेशानी होता है। एक सप्ताह पूर्व स्थानीय बीडीओ को गांव के लोगों ने पानी समस्या को लेकर लिखित आवेदन भी दिया था। इधर सड़क जाम रहने कारण सड़क से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। लोगो ने बताया कि पानी की समस्या का निदान नहीं होने पर मजबूर होकर सड़क जाम करना पड़ा। सड़क जाम की सूचना पर शिवाजीनगर बीडीओ आलोक कुमार सिंह बीपीआरओ राजू कुमार,जाम स्थल पहुंच लोगो को शांत कराकर जल्द पानी चालू कराने के आश्वासन पर लोगो ने जाम हटाया।

## मतदान केंद्रों पर बीएलओ, बीएलए की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के 141 चेरियाबरियारपुर विधानसभा के 15 मतदान केंद्रों तथा 147 अजा बखरी विधानसभा के 57 मतदान केंद्रों पर बीएलओ, बीएलए तथा अन्य प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आहुत की गई। अध्यक्षता संबंधित मतदान केंद्रों के बीएलओ ने की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। इसके लिए बीएलओ मतदाताओं के घर घर जाकर इसका सत्यापन सहित कई अन्य डाक्यूमेंट्री कार्य संपादित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य है कि शतप्रतिशत त्रुटि रहित पुनरीक्षण कार्य सम्पन्न करना है। भ्रमण के क्र्म में अनुपस्थित मतदाता, मृत मतदाता, स्थांतरित मतदाता को चिह्नित किया गया है। बीएलओ ने ऐसे मतदाताओं की सूची पढकर उपस्थित बीएलए को सुनाया तथा उन्हें हस्तगत भी कराया। बीएलओ ने कहा कि इस सूची की जांच वे अपने स्तर से कर त्रुटि रहित मतदाता सूची निर्माण में सहयोग करने की अपील की। साथ ही एक भी वास्तविक मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं छूटे इसका भी ख्याल रखने का अनुरोध किया। सामूहिक सहयोग से ही यह कार्य संभव है। मौके पर पंकज कुमार, रजनीश कुमार, अली हुसैन, इन्द्र देव मोची, रामविलास मोची, संजय कुमार पासवान, महेश कुमार महतो, मनीष कुमार पाठक, अनिल कुमार महतो, बीरबल कुमार आदि थे।

## डीडीसी ने की विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** डॉ. प्रदीप कुमार, उप विकास आयुक्त -सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी केसरिया विधानसभा क्षेत्र के द्वारा प्रखंड कार्यालय सभागार में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, बीएलओ एवं बीएलए एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिन लोगों का प्रपत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है उन्हें चिन्हित किया गया है एवं उसकी सूची राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराते हुए सभी बीएलओ को भी निर्देश दिया गया कि सूची के अनुसार छूटे हुए लोगों को जिन्हें चिन्हित किया गया है, का सर्वे कर लें और उनसे भी प्रपत्र भरवाने की कोशिश करें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि एक बार पुनः डोर टू डोर जाकर समीक्षा कर ले एवं बीएलए से सहयोग प्राप्त करें। बैठक में स्थाई रूप से पलायन कर गए मतदाता, मृत मतदाता तथा दोहरी प्रविष्टि के मतदाता के संबंध में सभी पदाधिकारी से फीडबैक लिया और विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीएलओ एप में कैटोगरी वाइज चिन्हित करना सुनिश्चित करें। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर को मृत मतदाता, स्थाई रूप से पलायन कर गए मतदाता एवं दोहरी प्रविष्टी वाले मतदाता का सत्यापन करने के लिए क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ को अपने बीएलए के साथ बैठक करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के जिन निर्वाचकों का गणना पत्रक अपलोड नहीं किया गया है। उनकी सूची बीएलए को साझा करने का निर्देश दिया तथा संबंधित मतदान केंद्र पर सूची प्रदर्शित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं बीएलओ को निर्धारित समय के अंदर शत-प्रतिशत सही सही निर्वाचकों का गणना पत्रक पोर्टल पर अपलोड कराने का निर्देश दिया और कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम नहीं छूटे और जो अयोग्य मतदाता है उनका नाम डिलीट होना चाहिए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## पत्रकारिता का भविष्य एवं मीडिया की चुनौतियां विषय पर सेमिनार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** पहले पत्रकारिता मिशन था और आज प्रोफेशन हो गया है। आज पत्रकारिता के साथ ग्लैमर जुड़ गया है। मिशन में जोखिम होता है। विज्ञापन एक लाचारी है और हकीकत भी। इसी में सत्ता और विपक्ष की भूमिका होती है। ये बातें एलएनएमयू में मानविकी संकाय के अध्यक्ष डा. चंद्रभानु प्रसाद सिंह ने जीडी कॉलेज के दिनकर सभागार में कही। मौका था न्यूजविस्टा बिहार के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित पत्रकारिता का भविष्य एवं मीडिया की चुनौतियां विषयक सेमिनार का। अतिथियों का स्वागत डा. कुंदन कुमार ने किया। मंच संचालन प्रवीण प्रियदर्शी और धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु शेखर ने किया। डा. चंद्रभानु ने कहा कि सोशल पत्रकारिता क्रेज की तरह है। प्रिंट का अपना महत्व है। मुद्रित पत्रकारिता से भाषा का संस्कार सीखा जाता था। आज की पत्रकारिय भाषा भ्रष्ट हो गई है। भाषा का संकट तीन-चार वर्षों में बढ़ गया है। पत्रकारिता के भविष्य का संकट वर्तमान के संकट से जुड़ा हुआ है। सेमिनार को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह ने कहा कि पत्रकारों को हर दौर में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। दौर किसी का हो चुनौतियां रही हैं। एजेंडा चलाने का काम पत्रकारिता नहीं है। पर अभी यही हो रहा है। एजेंडा सेट होता है। यह देश के लिए खतरा है। पटना साइंस कॉलेज के प्रोफेसर डा. अखिलेश कुमार ने कहा कि पत्रकारों के समक्ष कई चुनौतियां हैं। पहले मुद्दा आधारित एजेंडा होता था। आज पूंजी का एजेंडा सेट हो रहा है। रौशन प्रकाश ने कहा कि मीडिया में कारपोरेट हावी है। जनता के बीच काम करने वाले पत्रकार खतरों के बीच काम करते हैं। दरभंगा स्नातक क्षेत्र से विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि पूरी दुनिया में हर क्षेत्र में काफी उथल पुथल चल रहा है। पत्रकारिता में तकनीकी क्रांति आ चुकी है। प्रिंट मीडिया के समानांतर खड़ा है सोशल मीडिया। सेमिनार में वरिष्ठ पत्रकार अग्नि शेखर, रितेश वर्मा, सुमित कुमार सिंह, सौरभ कुमार, हरेराम दास, विजय कुमार झा, मनीष कुमार, निरंजन कुमार सिन्हा, चंदन कुमार, संतोष श्रीवास्तव, अिनल पतंग, नरेन्द्र कुमार सिंह, अविनाश कुमार, अशोक कुमार अमर आदि थे।

## दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**बलिया (नबिटा संवाददाता)।** सोमवार को एनएच 31 रेलवे स्टेशन के समीप सड़क दुर्घटना में पिता और पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे आनंद-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जख्मी पिता पुत्र की पहचान जिले के चेड़िया बरियारपुर निवासी अमरेंद्र कुमार राय का पुत्र सोनू कुमार एवं सोनू कुमार का पुत्र प्रशांत कुमार के रूप में कराई गई है। घायल सोनू कुमार ने बताया कि अपने पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से डंडारी के रास्ते होते हुए बलिया एन एच 31 के रास्ते बेगूसराय की ओर जा रहा था।

## नगर निगम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर रहा हर संभव प्रयास : महापौर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। नागरिक सुविधा और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाला निर्माण तथा प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण हेतु कुल 75 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन सभी योजनाओं का क्रियान्वयन विभागीय प्रक्रिया के अंतर्गत पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। प्रत्येक योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए वार्डवार आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा गया है ताकि नागरिकों को सीधे इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इन योजनाओं के माध्यम से शहर की सड़कों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा। जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होगी जिससे जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी। स्वच्छता एवं सार्वजनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। नगर निगम मोतिहारी का यह प्रयास शहरवासियों के जीवनस्तर को उन्नत करने के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन दिशा में भी एक मजबूत कदम है। नगर निगम द्वारा लगातार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजनाओं का कार्यान्वयन समयबद्ध और जनहितकारी हो। महापौर प्रीति कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम मोतिहारी अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। ये 75 योजनाएँ शहर के प्रत्येक कोने तक विकास की रोशनी पहुँचाने का कार्य करेंगी। मैं शहरवासियों से अपील करती हूँ कि वे इन कार्यों में अपना सहयोग दें और अपने शहर को मिलकर स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### एचएम ने लिया योगदान

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकिय उत्क्रमित $2 उच्च विद्यालय बडगो के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम नरायण राम ने बी पी एस सी के तहत चयनित प्रधानाध्यापक जनमेजय कुमार पांडेय को सोमवार को प्रभार दिया। यू एच एस बडगो के शिक्षक प्रकाश भूषण, कुमकुम रंजन, दीपक कुमार शर्मा, कृति कुमारी, ज्योति कुमारी, कविता कुमारी, मनीषा जयसवाल, उतम कुमार सिंह, अराधना कश्यप, श्वेता कुमारी, अतिथि शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, मृतुंज पाठक, समेत शिक्षक, छात्र, छात्राओं ने माला, बुके व अंगवस्त्र से श्री पांडेय का विध्यालय के कार्यालय कक्ष में स्वागत किया। प्रभार ग्रहण के दौरान जनमेजय कुमार पांडेय ने कहा कि विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने पर जोड़ दिया जायेगा।

### कदाचारमुक्त सम्पन्न हुई व्यवसायिक परीक्षा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा का आयोजन सोमवार को प्रशिक्षण औघोगिक संस्थान साठी में आयोजित हुआ। परीक्षा सुबह 9रू30 बजे से आरंभ हुई। इस दौरान लिखित एवं व्यवहारिक परीक्षा ली गई। मजिस्ट्रेट सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रूपेश कुमार ने बताया कि व्यवसायिक परीक्षा किसी विशेष व्यवसाय या पेशे के लिए कौशल और ज्ञान का मूल्यांकन करने के लिए ली जाती है। यह परीक्षा व्यावसायिक शिक्षा, पारंपरिक शिक्षा के विपरीत, छात्रों को विशिष्ट व्यवसायों में काम करने एवं व्यावहारिक कौशल और ज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा ली गयी। इसमें इलेक्ट्रिशियन के 36 एवं फिटर के 36 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न हो गया है। जिसका रिपोर्ट तैयार कर जिला को भेजा जाएगा। परीक्षा को लेकर पुलिस बल व दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी।

### ग्राम नियोजन केंद्र द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्राम नियोजन केंद्र एवं एक्सिस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मानव दुव्यार्पार विरोध दिवस पर 15 से 30 जुलाई तक नरकटियागंज रेलवे स्टेशन परिसर में कैंप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जानकारी देते हुए ग्राम नियोजन के शशिकांत पाठक ने बताया कि मानव व्यपार एक गंभीर अपराध है। अगर कोई भी बच्चा रेलवे स्टेशन परिसर या ट्रेन में दिखे तो तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन या हमारी संस्था को सूचित करें या टॉल फ्री न० 1098 या 1800102722 पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। मौके पर अरुणेंद्र कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी जायसवाल ,सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, बहादुर माझी, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन के धक्के से जख्मी

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार के संध्या लौरिया से बरबीरो जा रहे एक अधेड़ अज्ञात वाहन के धक्के से जख्मी हो गये। जख्मी की पहचान बरबीरो निवासी भीखम साह के रूप मे हुई है।

### पिकअप पेड़ से टकराई, उप चालक की मौत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा लौरिया मुख्य सड़क में विशुनपुरवा टोल टैक्स के समीप आम के पेड़ से मुर्गा लदा पिकअप टकरा गया। जिससे पिकअप के उप चालक की मौत घटनास्थल पर ही हों गया। वहीं पिकअप का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची दोनों ब्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां पर डाक्टर डीपी सिंह ने उप चालक को मृत घोषित कर दिया। तथा चालक का इलाज कर बेहतर इलाज हेतु बेतिया गवर्मेंट अस्पताल रेफर कर दिया। मृत उप चालक की पहचान मनुआपुल थाना क्षेत्र के गुरवलिया धोबी टोला निवासी महंथ पासवान के 21 वर्षीय पुत्र रामबाबू कुमार के रूप में हुई है।

### विवाहिता की हत्या कर शव किया गायब

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर शव गायब कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला शिकारपुर थाना से जुड़ा है। मामले में मैनाटांड़ थाना के बौध बरवा गांव निवासी सूर्य प्रसाद ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में विवाहिता के पति नितेश कुमार, सर्वेश कुमार,रवेश कुमार समेत दस लोगो को नामजद किया है।आरोप है कि उसकी बेटी की शादी विगत सात मार्च 2025 को हुई थी।शादी के कुछ दिनों बाद से दहेज के लिए उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने बताया कि उसकी बेटी गर्भवती भी थी। जब वह बेटी के ससुराल गया तो उसकी बेटी ने बताया कि ससुराल वाले दहेज के लिए बराबर मारपीट करते रहते हैं और उसकी हत्या कर लाश लापता कर देने की धमकी देते हैं। पिता ने बेटी की सास कृष्णावती देवी व चचेरे ससुर शत्रुध्न साह से बेटी को मायके ले जाने के लिए प्रार्थना की। आरजू मिन्नत के बाद 18 जुलाई को दोनों ने विदाई की इजाजत दे दी और वह घर चला गया। उसने जब 17 जुलाई को चचेरे ससुर को फोन किया तो उसने बताया कि उसके दामाद की तबियत खराब है और सभी लोग पटना गए हैं। 19 जुलाई को उसका बेटा बहन के ससुराल वाले घर पर गया तो उसकी बहन घर पर नहीं थी। वह अपने बहनोई की दुकान पर गया तो उसका बहनोई स्पेयर्स पार्ट्स की दुकान चला रहा था।बहनोई से बहन के बारे में पूछने पर वह कुछ नहीं बोला और दुकान बंदकर भाग गया। जब वह दोबारा बहन के घर किराए के मकान में गया तो घर मे ताला लगा था।उसने बताया है कि सभी आरोपितों ने मिलकर दहेज के लिए उसकी बेटी की हत्या कर शव को गायब कर दिया है।

# सिवान में भूमि सर्वे का कार्य तेजी पर, रैयतों से मांगा गया प्रपत्र-2 और वंशावली

**● विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत ईटीएस मशीन से हो रहा त्रि-सीमाना सत्यापन कार्य**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

**सिवान।**
सिवान जिले में भूमि स्वामित्व से संबंधित अद्यतन रिकॉर्ड तैयार करने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के तहत जोर-शोर से कार्य जारी है। जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान में 19 अंचल शिविरों में ईटीएस मशीन के माध्यम से चयनित मौजों में त्रि-सीमाना निर्धारण, ग्राम सीमा का सत्यापन और स्थल सत्यापन का काम कराया जा रहा है।

**भूमि के स्वरूप में बदलाव है स्वाभाविक प्रक्रिया**

प्रशासन ने बताया कि भूमि का स्वरूप हमेशा परिवर्तनशील रहता है। क्रय-विक्रय, उत्तराधिकार, भू-अर्जन, बंटवारा और सरकारी योजनाओं के कारण जमीन की स्थिति बदलती रहती है। ऐसे परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए 2011 अधिनियम, 2012 नियमावली तथा 2017 व 2019 के संशोधन के तहत आधुनिक प्रक्रिया से मानचित्र व खतियान तैयार किया जा रहा है।



**ईटीएस तकनीक से हो रहा सटीक सीमांकन**

हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के माध्यम से ईटीएस मशीन से सटीक सीमांकन का कार्य किया जा रहा है। इसे दो समूहों में बांटकर 14 जुलाई 2025 से सिवान के विभिन्न प्रखंडों जैसे भगवानपुर हॉट, महाराजगंज, नौतन, लकड़ीनबीगंज, गोरेयाकोठी सहित 19 अंचलों में यह काम शुरू किया गया है।

ईटीएस ऑपरेटर देवराज एवं अनिल सिंह के नेतृत्व में सर्वेक्षण टीम खेतों में जाकर भौतिक सत्यापन कर रही है। किसान व रैयतों की उपस्थिति में खेत की सीमाओं को चिन्हित कर त्रि-सीमाना सत्यापन कराया जा रहा है।

**प्रपत्र-2 और वंशावली जल्द जमा करें किसान**

प्रशासन ने सभी रैयतों और किसानों से अपील की है कि वे समय रहते प्रपत्र-2 और आवश्यक होने पर वंशावली अंचल शिविरों में जमा करें। ये दस्तावेज जमीन पर स्वामित्व और भोगाधिकार सिद्ध करने के लिए अनिवार्य हैं। इन्हीं के आधार पर डिजिटल खतियान और मानचित्र तैयार किया जाएगा।

**अफवाहों से बचें, शिविर में जाकर जानकारी लें**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि कुछ जगहों पर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। किसानों से अपील है कि वे किसी भ्रम में न आएं और यदि कोई समस्या हो तो तुरंत अपने अंचल शिविर प्रभारी से संपर्क करें।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सर्वे न केवल एक दस्तावेजी प्रक्रिया है, बल्कि किसानों के अधिकारों की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। अतः सभी से अनुरोध है कि समय पर दस्तावेज देकर सर्वेक्षण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## निगम प्रशासन की ओर से वृद्धाश्रम आरंभ



बेतिया चिरप्रतिष्ठित वृद्ध आश्रम सोमवार से काम करना आरंभ कर दिया। वृद्ध आश्रय स्थल का उदघाटन महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया। उन्होंने आश्रम के अधीक्षक समेत अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों को वृद्धों की सेवा सही ढंग से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपने परिजनों के उपेक्षित और पीड़ित होकर हमारे यहां आवासित हुए वृद्धजनों की सेवा हम सबके लिए एक सौभाग्यपूर्ण अवसर है। इस दौरान उन्होंने आवासित वृद्धजनों के साथ भोजन भी किया। इस मौके पर उपनगर आयुक्त, जीविका डीपीएम, सिटी मिशन मैनेजर, जीविका नोडल अधिकारी, अन्य जीविका अधिकारी (दीदी की रसोई), निगम के अन्य अधिकारी इत्यादि मौजूद रहे।

## किसानों के प्रति राज्य सरकार का रवैया ठीक नही : राजद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ की की बैठक जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुयी। स्थानीय एक नीजी विवाह भवन में आयोजित इस बैठक में प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव, प्रदेश महासचिव अशोक यादव, राजेश सक्सेना, भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव ने कहा कि प्रदेश में किसानों के प्रति सरकार का रवैया ठीक नही है। किसानों के हालात ठीक नही है। खाद बीज की कालाबजारी चरम पर है। इस जिले के 90 प्रतिशत किसान गन्ना की खेती करते है। चीनी मिल मालिकों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। धान गेहू की कीमत भी बिहार में दूसरे राज्यों से कम है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर इन सबको ठीक किया जायेगा। अशोक यादव ने गहन पुनरीक्षण के कार्य में तेजी के लिए सभी कार्यकताओं को अपने पास पड़ोस का कोई मतदाता प्रपत्र भरने से वंचित नही रहे इसका ध्यान रखने का आहवान किया। और मतदाताओं को जागरुक करने का काम करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन शत्रुघ्न गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को राजद जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी, प्रधान महासचिव अमर यादव, राजद के नेता लौरिया प्रमुख शंभु तिवारी, प्रभु यादव, रितेश यादव, राजदेव यादव, सोहन राम, मूतूर्जा उर्फ बुलेट, अमजद खान, तारकेश्वर कुशवाहा, जयलाल यादव आदि ने भी संबोधित किया।



## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का कराएं व्यापक प्रचार-प्रसार

**अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के लिए कम शुल्क में भोजन की व्यवस्था कराने का निर्देश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त लंबित आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जन्म-मृत्यु, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, अनौपचारिक शिक्षा, जीविका, राशन कार्ड, स्वयं सहायता भत्ता, सामाजिक सुरक्षा, आवास, आधार कार्ड, वास भूमि आदि से संबंधित सभी पदाधिकारी तत्परतापूर्वक डॉ0 अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त लंबित आवेदनों का निष्पदान अविलंब कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि अगले सप्ताह की बैठक में हर हाल में प्रगति दिखनी चाहिए। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इस दिशा में तेजी के साथ कार्य करें ताकि एक भी लंबित आवेदन नहीं रहे। जिला पदाधिकारी समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक के दौरान पदाधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।उन्होंने मनरेगा योजना के कार्य प्रगति की अनुमंडलवार समीक्षा करने का निर्देश दिया। डीएम ने समाहरणालय सहित सभी प्रखंड कार्यालयों में महिलाओं के वॉशरूम की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में त्वरित गति से कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन-जिन विभागों को भूमि की आवश्यकता है, वे राजस्व शाखा को अपना प्रतिवेदन दे देंगे ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जीएम, डीआइसी को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हेतु प्राप्त लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मरीजों को जीविका दीदी की रसोई से निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। मरीजों के परिजनों को भी सरकार द्वारा निर्धारित कम शुल्क में खाना उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। सोलर स्ट्रीट लाईट की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि लक्षित ग्रामों में तेजी के साथ कार्य करते हुए शत-प्रतिशत सोलर स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित करें। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि फॉर्मर रजिस्ट्री के प्राप्त लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु ठोस कार्रवाई करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जविप्र विक्रेताओं को देय मार्जिन मनी भुगतान हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके साथ ही इस बैठक में खेल, शिक्षा, विधि, गन्ना उद्योग, मद्य निषेध, खनन, श्रम, एलडीएम, निबंधन, थरूहट विकास अभिकरण, पशुपालन, मत्स्य, आरडब्ल्यूडी, कला संस्कृति एवं युवा, लोक शिकायत, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय आदि द्वारा किये जा रहे कार्य एवं आगामी कार्य योजना की समीक्षा जिला पदाधिकारी द्वारा की गयी।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, लक्ष्मण तिवारी सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

## भाजपा से विजय ठाकुर का निष्कासन समर्पित कार्यकर्ताओं का अपमान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**चनपटिया प्रखंड के बरोहिया में भाजपा के निष्कासित जिलाप्रवक्ता विजय ठाकुर के आहवान पर विभिन्न दलों से जुड़े राजनीतिक कार्यकताओं का अभिभावक-मित्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सम्बोधन के दौरान लोहियरिया मुखिया विनोद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा से विजय ठाकुर का निष्कासन चनपटिया के कर्मठ कार्यकताओं का अपमान है। उन्होंने इशारों-इशारों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछ्ले कई बार से बाहरी लोगों को पार्टी टिकट दे रही है। क्या नेतृत्व करने की क्षमता चनपटिया के बेटा में नहीं है ? विजय ठाकुर ने कहा कि जनसंघ से जुड़े चौबेटोला गांव के नंदकिशोर सिंह पटना के गांधी मैदान में हुए हुंकार रैली में बम विस्फोट के दौरान घायल हो गए थे। मंच पर उनके बाएं हाथ की अंगुलियों को दिखाते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि बम विस्फोट में उड़ गयी थी। लेकिन पार्टी में ऐसे कर्मठ कार्यकताओं का भी अपमान हो रहा है। वही जदयू के श्रीमान मिश्र ने कहा कि विजय ठाकुर पिछ्ले 35-40 वर्षों से भाजपा पार्टी से जुड़े हैं। बावजूद एक छोटी सी बात को लेकर पार्टी से छह साल के लिए उनका निष्कासन एनडीए कार्यकताओं का अपमान है।



## बिहार में ए.एन.एम पद पर चयनित छात्राओं का सम्मान समारोह

**● शुभवंती इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ एजुकेशन में छात्राओं को मिला मोमेंटो और उपहार, बोले अतिथि- ʺईमानदारी और सेवा ही असली पहचानʺ**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के तकनीकी सेवा आयोग के माध्यम से ए.एन.एम पद पर चयनित छात्राओं के लिए रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन रामदेव नगर महादेवा स्थित शुभवंती सुदामा राय फाउंडेशन के तहत संचालित शुभवंती इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन में हुआ, जहां 40 से अधिक चयनित छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



**ʺअब हमारी बारी है, संस्था का नाम रोशन करेंʺ – छात्राएं**

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्राएं भावुक हो उठीं और मंच से कहा कि ʺ "संस्था की शिक्षा, प्रैक्टिकल और मार्गदर्शन के बिना हमारा चयन संभव नहीं था। अब हमारा फर्ज है कि सेवा के क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण से कार्य कर संस्था का नाम रोशन करें।"

**पूर्व प्राचार्य शकीलुर रहमान ने दी नसीहत**

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्थान के पूर्व प्राचार्य शकीलुर रहमान ने छात्राओं को ईमानदारी, सेवा और निष्ठा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा आप सभी स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बनने जा रही हैं। अपने कर्तव्य को धर्म मानें और समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सर्वोत्तम सेवा दें।"

**ʺस्वास्थ्य सेवा में बनाएं पहचानʺ ʺ डॉ मनीष पांडेय**

संस्थान के शिक्षक डॉ मनीष पांडेय ने भी छात्राओं को बधाई दी और कहा कि "आपके कंधों पर अब समाज की सेहत की जिम्मेदारी है। मरीजों की सेवा ही असली पूजा है। निष्ठा से काम करें और एक आदर्श स्वास्थ्यकर्मी बनें।"

**कार्यक्रम में दिखी अनुशासन और गरिमा**

इस सम्मान समारोह की व्यवस्थापक सोनी राय ने संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कुशलता से किया। कार्यक्रम में सुनीता कुमारी, पुनीता कुमारी, पूजा राय, रंजू कुमारी, अनुराधा कुमारी, शिल्पी कुमारी, हुस्नआरा खातून, पूजा यादव, रूबी कुमारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

## चौराहों पर लगाए गए दिशा-सूचक बोर्ड, वाहन चालकों को मिलेगी सुविधा

**रोटरी क्लब संकल्प का ट्रैफिक जागरूकता अभियान**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने की दिशा में रोटरी क्लब ऑफ सिवान संकल्प ने एक सराहनीय पहल की है। क्लब की ओर से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर दिशा-सूचक बोर्ड और सूचना पट्ट लगाए गए हैं, जिससे आम नागरिकों और बाहर से आने वाले लोगों को रास्ता खोजने में आसानी हो।

**ट्रैफिक को मिलेगा सही मार्गदर्शन, दुर्घटनाओं की संभावना होगी कम**

इस पहल का नेतृत्व रोटरी क्लब संकल्प के चार्टर्ड प्रेसिडेंट रोटेरियन डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रेसिडेंट रोटेरियन सुधीर कुमार पाठक और सचिव रोटेरियन अमरेंद्र सिंह ने किया। उनका कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर के ट्रैफिक को व्यवस्थित करना, वाहन चालकों को सही दिशा देना और दुर्घटनाओं की आशंका को न्यूनतम करना है।



**डीएसपी ने की सराहना, कहा–यह जागरूकता का आदर्श उदाहरण**

ट्रैफिक डीएसपी शैलेश प्रियतम ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ʺरोटरी क्लब संकल्प द्वारा लगाए गए दिशा-सूचक बोर्ड बाइक और फोर व्हीलर चालकों के लिए मार्गदर्शन का काम करेंगे। इससे बाहर से आने वाले लोगों को रास्ता ढूंढ़ने में सहूलियत होगी और ट्रैफिक भी कम बाधित होगा।

**नगर की सुंदरता और सजगता में इजाफा**

यह पहल जहां एक ओर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाएगी, वहीं दूसरी ओर नगर की सुंदरता और नागरिक सजगता में भी वृद्धि करेगी। डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि ʺरोटरी क्लब सिर्फ सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी विकास और नागरिक सुविधा में भी हमारी सक्रिय भूमिका है।

**शहरवासियों ने की सराहना, क्लब ने दोहराया संकल्प**

शहरवासियों ने रोटरी क्लब संकल्प की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए क्लब को धन्यवाद दिया। क्लब की ओर से रोटेरियन डॉ. प्रदीप कुमार, रोटेरियन भारत भूषण पांडेय, रोटेरियन तबरेज आलम, रोटेरियन धनंजय सिंह समेत कई अन्य सदस्यों ने इस कार्य में भागीदारी की।

## सीवान में गरजे प्रशांत किशोर

## अबकी बार बच्चों के लिए करें वोट, छठ के बाद बिहार में मिलेगा रोजगार

**● रघुनाथपुर में जनसभा को किया संबोधित, बोले लालू अपने बेटे को राजा बनाना चाहते हैं, आपके बच्चे गुजरात में मजदूरी कर रहे**

**सीवान (रघुनाथपुर)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार बदलाव यात्रा के तहत सीवान पहुंचे जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को किसान मजदूर उच्च विद्यालय के खेल मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। भीड़ से खचाखच भरे मैदान में प्रशांत किशोर ने बिहार के युवाओं और उनके भविष्य को लेकर कई बड़े ऐलान किए।

उन्होंने कहा, इस बार वोट मंदिर, जाति या चेहरा देखकर नहीं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य को देखकर करें। अगर आप बदलाव नहीं करेंगे, तो आपके बच्चों की किस्मत फैक्ट्रियों में मजदूरी करते हुए ही कटेगी।

**बिहार से पलायन रोकने का वादा, बोले ʺ छठ के बाद राज्य में होगा 10-12 हजार रुपये के रोजगार का इंतजाम**

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के लोग दशकों से नेताओं के बहकावे में आकर वोट देते रहे हैं। कभी मंदिर के नाम पर, कभी जाति के नाम पर। लेकिन अब वक्त आ गया है कि लोग अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसला लें। उन्होंने ऐलान किया, ʺइस बार बिहार में बदलाव की आखिरी छठ और दीवाली होगी। इसके बाद युवाओं को गुजरात या महाराष्ट्र की फैक्ट्रियों में मजदूरी करने नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें यहीं 10 से 12 हजार रुपये की नौकरी दी जाएगी।

**लालू परिवार पर सीधा हमला, कहा ʺ 9वीं फेल बेटे को बनाना चाहते हैं राजा, और आप अपने बच्चों को मजदूरी के लिए भेज रहे**

प्रशांत किशोर ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, लालू जी का बेटा 9वीं पास भी नहीं है, फिर भी वो उसे राजा बनाना चाहते हैं। और दूसरी तरफ आप हैं, जिनके बच्चे बीए, एमए तक पढ़ चुके हैं, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या वे अपने पढ़े-लिखे बच्चों को मजदूर ही बनाना चाहते हैं या उनके लिए बिहार में बेहतर भविष्य देखना चाहते हैं?



**जन सुराज की नई घोषणाएं ʺ बुजुर्गों को पेंशन, बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा**

सभा के दौरान प्रशांत किशोर ने दो अहम घोषणाएं कीं:

1. दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को ₹2000 की मासिक पेंशन दी जाएगी।
2. 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में भी मुफ्त शिक्षा दी जाएगी, जब तक सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं हो जाता।उन्होंने कहा, ʺगरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम में पढ़ेगा और उसके भविष्य की नींव मजबूत होगी। शिक्षा और सम्मान सिर्फ अमीरों का हक नहीं है।

**तीन साल की मेहनत का दावा, कहा ʺ कोई नेता आपके बच्चों की चिंता नहीं करेगा, अब खुद सोचिए**

प्रशांत किशोर ने कहा कि वो पिछले तीन सालों से गांव-गांव घूमकर लोगों से मिल रहे हैं और बिहार की हकीकत समझ रहे हैं। उन्होंने जनता से कहा, अब वक्त आ गया है कि आप खुद फैसला लें। कोई नेता आपके बच्चों की चिंता नहीं करेगा। वो सिर्फ अपने परिवार को राजा बनाना चाहता है।ʺ सभा के अंत में उन्होंने लोगों से अपील की कि इस बार वोट देने से पहले सिर्फ एक बात सोचिए ʺ क्या आपके बच्चों का भविष्य बिहार में बन सकता है?

## क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों की शुरूआत

**मझौलिया।/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत मझौलिया चीनी मिल रोड स्थित सतभीड़वा वार्ड नंबर 11 में सोमवार को माँ इंटरप्राइजेज का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह राजद के प्रधान जिला महासचिव अमर यादव ने किया। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के संचालक आनन्द कुमार चौरसिया तथा नवदीप पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर समारोह की विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन अमर यादव ने माँ इंटरप्राइजेज की स्थापना को स्थानीय क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उद्यम के खुलने से न केवल ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं को अपने क्षेत्र में ही काम करने का मौका मिलेगा। इससे पलायन की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज और विकास दोनों के लिए लाभकारी होते हैं।संचालक आनन्द चौरसिया ने जानकारी दी कि माँ इंटरप्राइजेज में फ्लाई एश ब्रिक्स मशीन द्वारा आधुनिक तकनीक से ईंट, पेवर ब्लॉक और अन्य निर्माण सामग्री का उत्पादन किया जाएगा। इस यूनिट से क्षेत्रीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण ईंटें सस्ती दरों पर मिल सकेंगी।



CMYK

# विवाहिता को करंट लगाकर मारने की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अग्निशमन विभाग में पदस्थापित एक सिपाही पर उसकी कथित पत्नी ने हैवानियत की सारी हदें पार करने का आरोप लगाया है। गंभीर रूप से घायल महिला रुचि कुमारी इस समय जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके पति शैलेंद्र कुमार ने पहले बेरहमी से पिटाई की और फिर बिजली का करंट लगाकर उसकी जान लेने की कोशिश की। पीड़िता रुचि कुमारी मूल रूप से रोहतास जिले की रहने वाली हैं। उनका विवाह वर्ष 2022 में परसबिगहा थाना क्षेत्र के झूनाठी गांव निवासी शैलेंद्र कुमार से हुआ



था, जो वर्तमान में बिहार फायर सर्विस में सिपाही के पद पर कार्यरत हैं। रुचि के अनुसार, शादी के कुछ महीनों बाद से ही शैलेंद्र और उसके ससुराल पक्ष का व्यवहार हिंसात्मक हो गया। नवगछिया में पोस्टिंग के दौरान कई बार शारीरिक हिंसा हुई। जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके चली गई थी। हाल ही में शैलेंद्र ने फोन कर उसे वापस बुलाया और सब कुछ ठीक होने का भरोसा दिया। लेकिन जैसे ही वह झूनाठी गांव पहुंची, उसे कमरे में बंद कर करंट लगाया गया। स्थानीय लोगों की मदद से वह अस्पताल पहुंची। रुचि ने मीडिया को बताया कि शैलेंद्र अक्सर कहता था मैं सिपाही हूं, मुझे कोई कुछ नहीं कर सकता। मेरे पास जमीन, पैसा सब कुछ है, सबको खरीद सकता हूं। उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और न्याय की मांग की है। इधर, परसबिगहा थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बयान दिया है कि पीड़िता पहले से शादीशुदा है, और जिस शैलेंद्र पर आरोप लगाया गया है, वह भी विवाहित है और उसके बच्चे भी हैं। पुलिस के अनुसार, रुचि द्वारा पेश किया गया विवाह प्रमाणपत्र फर्जी प्रतीत हो रहा है। वह पहले भी इस मामले में विभागीय अधिकारियों से मिल चुकी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। पीड़िता के आरोप गंभीर हैं, लेकिन कानूनी पेचीदगियों के कारण मामला उलझता नजर आ रहा है।

## छात्र के साथ मारपीट और वीडियो वायरल, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** इंटर के छात्र के साथ मारपीट कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। घटना औरंगाबाद जिले के सलैया थाना क्षेत्र के बेरी बाजार की है। पीड़ित छात्र ने थाने में आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित छात्र सचिन कुमार के पिता विनय कुमार दास ने बताया कि करीब 10 दिन पहले उनका बेटा कोचिंग क्लास में गया था, जहां महुलान गांव के कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी और मारपीट का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# टैब से सशक्त होंगे विद्यालयीय कार्य : प्राचार्य

## पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय को शिक्षा विभाग से मिले दो टैब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय को शिक्षा विभाग के निर्देश पर दो टैब प्रदान किए गए हैं। टैब प्राप्ति पर विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने इसे एक क्रांतिकारी पहल बताते हुए कहा कि इससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में तकनीकी सशक्तता आएगी। टैब्स विद्यालय के बीआरसी एकाउंट्स प्रभारी अभय गोकुल द्वारा सौंपे गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि अब विद्यालय के कार्य डिजिटल माध्यम से संपादित किए जाएंगे, जिससे



समय की बचत होगी और कार्य अधिक प्रभावी ढंग से संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति तकनीक के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करती है। टैब्स के माध्यम से छात्रों की कंप्यूटर एवं इंटरनेट की समझ बढ़ेगी, वहीं ऑडियो-वीडियो संसाधनों के जरिये शिक्षा में इंटरैक्टिव गैप को भी कम किया जा सकेगा। प्राचार्य ने यह भी कहा कि छात्रों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की रिपोर्ट और अन्य आवश्यक विवरण अब आसानी से ऑनलाइन विभागीय पोर्टल पर भेजे जा सकेंगे, जिससे कार्य पारदर्शी और दक्ष बनेंगे। टैब्स की उपलब्धता से विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि इस तरह की तकनीकी सुविधा से प्रदेश के अन्य सरकारी विद्यालय भी लाभान्वित हो रहे हैं।

# तीसरे दिन पागल बंदर को किया रेस्क्यू 25 से अधिक लोगों को किया घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के भदवा गांव में दहशत का कारण बना पागल बंदर आखिरकार तीसरे दिन सोमवार को रेस्क्यू कर लिया गया। बीते दो दिनों के भीतर बंदर ने गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया था, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल था। ग्रामीणों ने बताया कि बंदर के हमले से मुरारी मिश्रा, रामानुज मिश्रा, रामेश्वर महतो, प्रदीप महतो, राधे महतो, सुजय कुमार, अशोक महतो सहित करीब 25 लोग घायल हो गए थे, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। सोमवार को पटना से पहुंची विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम की मदद से मदनपुर वन क्षेत्र के फॉरेस्टर रौनक कुमार व उनकी टीम ने बंदर को पकड़ने में सफलता



पाई। टीम में गार्ड विमलेंद्र कुमार, नंदू कुमार, पंकज कुमार, सरोज कुमार, अमोज कुमार, नीतू कुमारी और शिव कुमार शामिल रहे। फॉरेस्टर रौनक कुमार ने बताया कि बंदर आक्रामक हो चुका था और लगातार ग्रामीणों पर हमला कर रहा था। पटना रेस्क्यू टीम के सहयोग से तीन दिन की मशक्कत के बाद इसे सुरक्षित पकड़ लिया गया। ग्रामीण सत्यानंद वर्मा ने बताया कि बंदर के आतंक से बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं घरों में कैद हो गए थे और स्कूल भी प्रभावित हो रहे थे।

# सावन की दूसरी सोमवारी पर वाणावर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र के वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सावन के दूसरी सोमवारी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। रविवार की देर रात से है श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी थी। बारह बजे रात्रि के बाद से ही सोमवार को पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता मंदिर में लगा रहा। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर, पातालगंगा एवं बावन सीढ़ियां इलाके में बने जलस्तोत्र से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और



कतार में खड़े होकर मुख्य द्वार पर लगे अर्घा के माध्यम से बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। मौके पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पहाड़ी इलाका के जगह-जगह पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। वही मंदिर परिसर की बैरिकेडिंग की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, मेडिकल सुविधा, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, लाइटिंग इत्यादि की सुविधा की गई है। मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि सावन के दूसरी सोमवारी पर लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया है। वाणावर श्रावणी मेला को लेकर एसपी विनीत कुमार सहित जिले के कई अधिकारी बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे एवं मेला में तैनात अधिकारी, पदाधिकारी के उपस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारीयो ने मेला क्षेत्र में संचालित मेडिकल कैंप, मंदिर जाने वाले रास्ते में तैनात पुलिस बल, मजिस्ट्रेट एवं मंदिर पर पहुंचकर तैनात अधिकारियों से विधि व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा कि मेला के दौरान किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी अधिकारी अपने ड्यूटी से गायब मिलेंगे तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। बताते चले की एसपी वाणावर पहाड़ पहुंचकर मेला में विधि व्यवस्था का जायजा लिए। जिसके बाद मौजूद पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल में विशेष चौकसी देखा गया।

# 25 जुलाई को वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस, 500 महिलाएं लेंगी भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुण (औरंगाबाद)।** वीरांगना फूलन देवी के शहादत दिवस को ऐतिहासिक रूप देने के लिए वीआइपी पार्टी द्वारा जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी सिलसिले में बारुण के वेदव्यास आश्रम परिसर में पार्टी की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदीश चौधरी व संचालन जिला प्रभारी रंजीत चौधरी उर्फ नंदी ने किया। बैठक में बताया गया कि आगामी 25 जुलाई को पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में औरंगाबाद जिले से करीब 500 महिलाएं पार्टी के प्रतीक लाल साड़ी में भाग लेंगी। जिलाध्यक्ष जगदीश चौधरी ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि बहुजन चेतना और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। उन्होंने कहा कि फूलन देवी की विचारधारा आज भी समाज के वंचितों और पीड़ितों के लिए प्रेरणास्रोत है। जिला प्रभारी रंजीत चौधरी ने बताया कि सभी प्रखंडों में महिलाओं को लाल रंग की साड़ी वितरित की गई है। एकरूपता में शामिल हजारों महिलाएं यह संदेश देंगी कि वीरांगना की विरासत आज भी जीवित है और बदलाव की आवाज बुलंद हो रही है। बैठक में अनिल कुमार चौधरी, मनोज चौधरी, मदन चौधरी, देवमुनि चौधरी, केदार चौधरी, विनोद चौधरी, विजय चौधरी, रामजी चौधरी, उपेंद्र मनीष निषाद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शराब के साथ नवादा का तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-01 से रेल सुरक्षा बल ने अंग्रेजी शराब की तस्करी करते नवादा जिले के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान शुभम कुमार (23 वर्ष), पिता सुरेंद्र सिंह, निवासी मसौढ़ा गांव, थाना नारदीगंज, जिला नवादा के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान शुभम के पास से हरियाणा में निर्मित विभिन्न ब्रांड की कुल 7.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 7010 बताई गई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि यह कार्रवाई वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथीन बी. राज के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की



गई। अभियान का उद्देश्य ट्रेनों और स्टेशनों के माध्यम से हो रहे विस्फोटक, ज्वलनशील, प्रतिबंधित व नशीले पदार्थों के अवैध परिवहन को रोकना है। इस संयुक्त अभियान में आरपीएफ रफीगंज के एएसआई राधेश्याम यादव, आरक्षी अनिल कुमार तथा गया सीपीडीएस टीम के उप निरीक्षक मुकेश कुमार, आरक्षी सुनील कुमार, राजू कुमार, अमित कुमार व अमरेंद्र कुमार शामिल रहे। गिरफ्तार तस्कर को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना सोननगर को सौंप दिया गया है। वहां एफआईआर दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पूछताछ में तस्कर ने स्वीकार किया कि वह दिल्ली और हरियाणा से सस्ती अंग्रेजी शराब खरीदकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचता है, जहां शराबबंदी लागू है।

## मध्य विद्यालय महावीरगंज में हुआ पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुण।** संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए बारुण प्रखंड के मध्य विद्यालय महावीरगंज में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीत कुमार सिंह ने आम के पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति के अनुपम उपहार हैं। वे जीवन को गति देने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षों से हमें न केवल स्वच्छ वायु मिलती है, बल्कि वे मिट्टी के कटाव को भी रोकते हैं। भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा इसी परंपरा के सम्मान का प्रतीक है। प्रधानाध्यापक ने छात्रों को प्रत्येक व्यक्ति द्वारा दो-दो पौधे लगाने की अपील की और कहा कि वृक्षारोपण से गांवों में हरियाली बढ़ेगी, जिससे शुद्ध हवा मिलेगी और लोग



स्वस्थ और निरोग रहेंगे। इस अभियान के तहत विद्यालय परिसर में 50 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में छात्रों के साथ शिक्षक रामाशीष सिंह, उपेंद्र कुमार वर्मा, कुंदन कुमार, नीतीश कुमार, संजीव कुमार सिंह, कहकशा जमी, रंजनी कुमार वर्मा समेत विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन ने पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी छात्रों को सौंपी, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में हरे-भरे पेड़ बनकर पर्यावरण को संवार सकें।

# महिलाओं की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति ने मोहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के राजेन्द्र पुस्तकालय में रविवार को राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर द्वारा आयोजित 'आओ सखी सावन आया' कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सावन की हरियाली, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डॉ. इंदु कश्यप उपस्थित रहीं। उनका स्वागत संस्था की जिला अध्यक्ष सावित्री सुमन द्वारा अंग वस्त्र एवं पर्यावरण मित्र हरे पौधे के रूप में उपहार प्रदान के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्मृति अनुरागिनी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ, जिसने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर दिया।



इसके उपरांत दिव्यांशु कुमारी की शिव वंदना तथा सिया कुमारी एवं आयुषी कुमारी द्वारा प्रस्तुत भावनात्मक शिव भजन नृत्य ने उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान शब्दाक्षर मंच द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'सावन क्वीन की प्रतियोगिता' भी आयोजित की गई, जिसमें अर्चना केसरी विजेता घोषित हुईं। उन्हें मंच पर मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला साहित्य मंत्री सुप्रिया कुमारी और जिला प्रचार मंत्री ममता प्रिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सावित्री सुमन ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन बिहार प्रदेश साहित्य मंत्री डॉ. मानसी सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने शब्दाक्षर की टीम को इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए बधाई दी। शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि प्रताप सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ ने दूरभाष के माध्यम से आयोजन की सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में नगर की अनेक प्रबुद्ध महिलाएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से कीर्ति कुमारी, पूनम कुमारी, रंजना, बबीता, दीपा केसरी, अर्चना केसरी, अनुराधा पाठक, सपना पाठक, राखी केसरी, मीरा केसरी, अनीता पांडे, कुसुम देवी, संध्या केसरी, निभा, नेहा, गुड़िया, चित्रा जी, संगीता कुमारी शामिल थी।

# सेवा शिविर के माध्यम से की जा रही डाक बम की स्पेशल सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले की नीलकंठ महादेव सेवा समिति पैदल चलकर बाबा धाम जाने वाले सभी कांवरियों को हर प्रकार की निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। समिति द्वारा सेवा शिविर के माध्यम से पूरे सावन माह के दौरान कांवरियों को यह सुविधाएं मिलती रहेगी। सोमवार को बाबा धाम में जल चढ़ाने के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर जा रहे डाक बम की स्पेशल सेवा की गई। समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से डाक बम की सेवा करते दिखे। समिति द्वारा डाक बम के लिए जूस, ड्राई फ्रूट्स, ठंडा पानी, दर्द निवारक स्प्रे, दवा आदि की व्यवस्था की गई थी।



समिति द्वारा यह व्यवस्था सोमवार के अलावा प्रतिदिन बाबा धाम जाने वाले डाक बम के लिए की जाती है। संस्था के संस्थापक लखन प्रसाद ने बताया कि नीलकंठ महादेव सेवा समिति अपने शिविर के माध्यम से पिछले चार वर्षों से कांवरियों की निशुल्क सेवा कर रही है। शुरू से संघर्ष करते हुए आज 77 डिसमिल जमीन अपने समिति का हो गया है जिसमें सभी तरह की जरूरतमंद सेवाएं निशुल्क दी जा रही हैं। आगे भविष्य में इसी जमीन पर समिति एक भव्य धर्मशाला का निर्माण कराएगी ताकि पूरे वर्ष बाबाधाम जाने वाले शिव भक्तों को हर तरह की सेवा दी जा सके।

संस्थापक नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने बताया कि सेवा शिविर भव्य सुसज्जित प्रकाशयुक्त पंडाल के साथ बनाया गया है जहां कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था है। आगामी 8 अगस्त तक इस सेवा शिविर के माध्यम से सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल देवघर स्थित बाबा धाम जाने वाले सभी कांवरियों को हर तरह की निःशुल्क सुविधाएं मिलेगी। यह शिविर बांका जिले में कुमरसार नदी से तीन किलोमीटर आगे जोरीपार में लगाया गया है।

समिति के जयराम केशरी, मधुप गुप्ता, पवन कुमार, डॉ प्रदीप, जितेन्द्र गुप्ता उर्फ बाबू, अनुज कुमार, संजय गुप्ता ने कहा है कि भविष्य में कांवरियों की सेवा में और विस्तार किया जाएगा।

# आरपीएफ ने ट्रेन से लॉकेट चोरी कर भाग रहे युवक को पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर रफीगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आरपीएफ की सतर्कता से एक चोर पकड़ा गया। आरोपी युवक ट्रेन में एक बच्चे से सोने का लॉकेट चुराकर फरार होने की कोशिश कर रहा था, जिसे आरपीएफ जवानों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि मेमो पैसेंजर ट्रेन संख्या 63296 जैसे ही प्लेटफार्म संख्या-3 से खुली, उसी दौरान एक संदिग्ध युवक तेजी से ट्रेन से उतरकर भागने लगा। गश्ती दल ने शक के आधार पर उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी दीनानाथ प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार सोनी के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से सोने का एक लॉकेट बरामद हुआ। आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने ट्रेन में सवार एक बच्चे से लॉकेट चुराया और फिर मौके का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की। गिरफ्तार युवक को आगे की कार्रवाई के लिए सननगर राजकीय रेल थाना को सौंप दिया गया, जहां प्राथमिकी दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम यादव, आरक्षी अनिल कुमार, गया सीपीडीएस टीम के उप निरीक्षक मुकेश कुमार, आरक्षी सुनील कुमार, राजू कुमार, अमित कुमार एवं अमरेंद्र कुमार शामिल थे।

# कुटुंबा व नवीनगर विधानसभा कार्यशाला की तैयारी को लेकर भाजपा की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** आगामी 24 जुलाई को कुटुंबा और नवीनगर विधानसभा में प्रस्तावित संयुक्त कार्यशाला की तैयारी को लेकर भाजपा मंडल कार्यालय अंबा में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का आयोजन अंबा के कुणाल होटल में किया जाएगा। जिसमें विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मंडल प्रभारी, मंडल के सभी पदाधिकारी, पंचायत के अध्यक्ष, विधानसभा में निवास करने वाले प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी, संबंधित विधानसभा के प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, निवर्तमान जिला पदाधिकारी एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, संबंधित विधानसभा जिला कोर कमेटी के सदस्य या जिन्हें उसे विधानसभा का मंडल आवंटित है उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। कार्यशाला के दिन नौ बजे से दस बजे तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और दस बजे से कार्यक्रम शुरू की जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, विधानसभा प्रभारी अशोक पांडेय, विधानसभा संयोजक परमेश्वर बैठा, टंडवा मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, कुटुंबा मंडल पश्चिमी के संयोजक सोनू मालाकार, पिंटू सक्सेना, सत्येंद्र आजाद, महामंत्री शुभम कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# राजकीयकृत उच्च विद्यालय में अंबुज कुमार ने किया प्रधानाध्यापक का कार्यभार ग्रहण

## शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन को प्राथमिकता देने की बात कही

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नवनियुक्त प्रधानाध्यापक अंबुज कुमार ने सोमवार को राजकीयकृत उच्च विद्यालय अहियापुर में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार सिंह के समक्ष कार्यभार संभाला। इससे पूर्व अंबुज कुमार केशव सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय, बारुण में उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। पदभार ग्रहण के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा उनका पुष्पमाला व अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। परिचय सत्र में




सभी शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों ने प्रधानाध्यापक से औपचारिक भेंट की। नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक अंबुज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों को मजबूती देना और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होगी। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक व कर्मचारी समयबद्धता एवं अनुशासन का पालन करें, कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ की ओर से भी उनका स्वागत किया गया। संघ के सचिव अलखदेव प्रसाद अचल, कोषाध्यक्ष शंभू शरण सत्यार्थी, सदस्य डॉ. राजेश विचारक, प्रेम कुमार, पंकज कुमार, रंजीत कुमार रत्ना, रणधीर कुमार, श्रीकांत प्रसाद, क्रिजय कुमार, मनोज कुमार, वरुण कुमार, लालू कुमार, गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, इरफान, प्रियंका कुमारी, गोपेन्द्र गौतम समेत विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के लिए पात्र कलाकार करें आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार ने राज्य के वरिष्ठ कलाकारों को आर्थिक संबल और सामाजिक सम्मान देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना की शुरुआत की है। यह योजना उन कलाकारों के लिए समर्पित है, जिन्होंने वर्षों तक नृत्य, संगीत, लोककला, नाटक, चित्रकला आदि के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखा है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पु राज ने बताया कि योजना का संचालन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा किया जा रहा है। पात्र कलाकारों को 3000 प्रति माह की पेंशन सीधे बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। योजना के लिए पात्रता में आवेदक की न्यूनतम आयु 50 वर्ष होनी चाहिए। वह बिहार का मूल निवासी हो और पारंपरिक अथवा दृश्य-प्रदर्श कला के क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों का सक्रिय अनुभव हो। साथ ही, आवेदक की वार्षिक आय 1,20,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए और वह किसी सरकारी सेवा में कार्यरत अथवा पेंशनभोगी नहीं होना चाहिए। आवेदन से पहले कलाकारों को बिहार कलाकार पंजीयन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर सभी आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ जिला पदाधिकारी के समक्ष जमा करना होगा। सरकार इस योजना के माध्यम से कलाकारों को न केवल आर्थिक सहायता दे रही है, बल्कि उन्हें समाज में उचित सम्मान भी दिला रही है।

## शराब बरामद कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के चौबड़ा बड़गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 56 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि, छापेमारी के दौरान शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गांव निवासी रामप्रवेश यादव द्वारा अवैध रूप से देसी महुआ शराब की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसके घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति घर से भागने लगा, जिसे पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन वह अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। बाद में घर की विधिवत तलाशी ली गई, जहां से कुल 56 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई।

# ओबरा : कस्तूरबा बालिका विद्यालय में लटकता बिजली पोल बना खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भरूब में लटकता हुआ विद्युत पोल किसी बड़ी दुर्घटना को न्यौता दे रहा है। विद्यालय की चारदीवारी पर ट्रांसफार्मर के साथ लगाया गया यह पोल पिछले कई दिनों से झुका हुआ है और उसके तार विद्यालय परिसर में झूल रहे हैं। इससे छात्राओं और शिक्षकों में भय का माहौल है। विद्यालय के संचालक नागेंद्र सिंह ने बताया कि यह पोल विधायक निधि से लगाए गए ट्रांसफार्मर के साथ स्थापित किया गया था, लेकिन इसे मानक के अनुरूप नहीं गाड़ा गया। समय रहते जब इसकी गहराई बढ़ाने की बात कही गई थी तो उसे नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के संवेदक और संबंधित एजेंसियों की लापरवाही से यह स्थिति बनी है। संचालक ने कहा कि कई बार विभाग को सूचना देने के बावजूद पोल को दुरुस्त नहीं किया गया। बरसात के मौसम में यह खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन से पोल जुड़ा है और करंट का रिसाव किसी भी समय जानलेवा हादसे का कारण बन सकता है। विद्यालय प्रशासन ने संबंधित विभाग से अविलंब इस समस्या के समाधान की मांग की है ताकि विद्यालय परिसर में पढ़ रही छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय लोगों ने भी इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# चुनाव चिह्न आवंटित होते ही पैक्स चुनाव का प्रचार हुआ तेज

## किसी को मिली मोतियों की माला तो किसी को ब्लैक बोर्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी क्षेत्र के भदौरा मे होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के बिच चुनाव चिन्ह आवंटित की प्रक्रिया पूरी हो गई। इधर चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशियों में प्रचार प्रसार की सरगर्मी तेज हो गई है। पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार नागेश्वर प्रसाद सिंह को मोतियों की माला एवं लक्ष्मण पांडे को ब्लैक बोर्ड का प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया है। ऐसें अब प्रतिक चिन्ह लेकर पैक्स के प्रत्याशी क्षेत्र के मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान को लेकर रूबरू होने लगें हैं। बता दें कि समय कम रहने के कारण प्रचार प्रसार में प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गौरतलब है कि भदौरा में आगामी 25 जुलाई को मतदान होना है, जहां एक तरफ प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर चल रही है, वहीं उम्मीदवार भी अपना पूरे दमखम के साथ प्रचार कार्य में जुटे हैं, भदौरा पैक्स चुनाव में दो प्रत्याशियों के बीच आमने-सामने की कंटे की टक्कर का कड़ा मुकाबला है, क्योंकि पिछले बार हुए चुनाव में दोनों प्रत्याशियों के बीच महज कुछ ही वोटो के अंतर से हार जीत का सामना करना पड़ा था इसलिए इस बार का पैक्स चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है और मुकाबला कंटे की टक्कर की होगी। दो अध्यक्ष पद और 22 कार्यकारिणी उम्मीदवारों का चुनाव होना है, इसको लेकर सभी प्रत्याशी चुनाव चिन्ह के साथ अपने-अपने क्षेत्र में लगातार दौरा कर रहे हैं उम्मीदवारों में नागेश्वर प्रसाद सिंह और लक्ष्मण पांडे के बीच आमने-सामने की कंटे की टक्कर हैं जहां चार मतदान केंद्र बनाये गये है और 2672 मतदाता अपना मत का प्रयोग करेंगे। नगर परिषद मसौढ़ी के भदौरा में वार्ड नंबर 7, 8 और 9 वार्ड के मतदाता इस मतदान में शामिल होंगे, निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि 25 जुलाई को मतदान होंगे और उसी दिन शाम को मतगणना शुरू की जाएगी दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन कराया है, प्रतिक चिन्ह का वितरण कर दिया गया है। चुनाव वैलेट पेपर से होंगे।

## सीनेट चुनाव की सरगर्मी तेज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** विश्वविद्यालय में सीनेट चुनाव की सरगर्मी बढ़ने लगी है। सीनेट में 13 पदों के लिए चुनाव हेतु नामांकन दायर करने की प्रक्रिया 19 जुलाई से ही प्रारम्भ हो गई है एवं 24 जुलाई को नामांकन करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। सोमवार 21 जुलाई को कुल 07 उम्मीदवारों ने कुलसचिव सह मुख्य निर्वाची पदाधिकारी डॉ. घनश्याम राय के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने वालों में अंगीभूत महाविद्यालयों में शिक्षक वर्ग में के एस एस कॉलेज लखीसराय के दर्शनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार, एस के आर कॉलेज बरबीघा से जूलॉजी के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुंदन लाल, सम्बद्ध महाविद्यालय वर्ग से एस एस कॉलेज मेहुस के डॉ. अनिल प्रसाद सिंह एवं एस बी एन कॉलेज गढ़ीरामपुर के डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह शामिल हैं। शिक्षकेतर कर्मियों में कोशी कॉलेज खगड़िया के श्री गोपाल कुमार, जे आर एस कॉलेज के श्री नारद बिहारी एवं बी आर एम कॉलेज मुंगेर के श्री गोपाल कुमार ने भी सीनेट चुनाव हेतु अपना नामांकन दाखिल किया।

## टेंपो पलटने से चालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना-गया एन एच 22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के सममनचक गांव के समीप सोमवार को एक अज्ञात वाहन एवं टेंपो में भिड़ंत हो गई, जहां टेंपो टकराकर सड़क के बाई और खड्डे में पलट गई एवं टेंपो ड्राइवर की मौत मौके पर ही हो गई है। वहीं ठोकर मार कर अज्ञात वाहन भाग निकला। मृत चालक का नाम बेचन बिंद, पिता लाला बिंद है, जो कादीरगंज थाना क्षेत्र के मनकी पर गांव का बताया जाता है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह टेंपो पटना से गया की ओर जा रहा था वहीं आसपास के लोगों ने बताया कोई अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई थी, इसमें टेंपो अनबैलेंस होकर बगल के गड्ढे में गिर गया और गिरने से उसकी मौत हो गई है।

## सड़क पार करने के दौरान एक की मौत

**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे-22 पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठ के ठीक सामने सड़क पार करने के दौरान एक 50 वर्षीय अधेड़ शिवकुमार प्रसाद की गंभीर रूप में जख्मी हो गए जिसे प्राथमिक इलाज के लिए पहले मसौढी अस्पताल ले जाया गया, वहां से पटना जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई है। शिवकुमार प्रसाद नदौल गोपालपुर मठ के रहने वाले हैं।

## स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए किया गया आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावशाली बनाना तथा कार्यान्वयन में गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करना रहा। बैठक में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत प्राप्त प्रोत्साहन राशि के उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रेरित किया कि वे राशि का नियमानुसार व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र समर्पित करें, ताकि आगामी प्रोत्साहन राशि का लाभ जिले को समय पर प्राप्त हो सके। भव्या एप्लीकेशन और एम-आशा मॉड्यूल की प्रगति की समीक्षा करते हुए बेहतर सहभागिता और नियमित अपडेट को



प्राथमिकता दी गई। उप विकास आयुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को तकनीकी प्लेटफॉर्म का पूर्ण उपयोग कर नवाचार अपनाने की प्रेरणा दी। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एएनसी पंजीकरण एवं संस्थागत प्रसव दर में और सुधार लाने के लिए टीम भावना और समन्वय को बढ़ाने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाकर जिले को राज्य में अग्रणी बना सकते हैं।समीक्षा बैठक के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य सूचकांकों में अपेक्षित सुधार की संभावनाएँ प्रबल हैं। उप विकास आयुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नियमित अनुश्रवण, तकनीकी सशक्तिकरण और जनहित के प्रति समर्पण ही हमें सर्वश्रेष्ठ की ओर अग्रसर करेगा।

## वैली ऑफ वर्डस में 'फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स' की पुस्तक चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** चिकित्सा और साहित्य के प्रेरणादायक संगम के रूप में, देहरादून शहर ने 20 जुलाई 2025 की शाम, वैली ऑफ वर्डस कैफ़े में एक बेहद आकर्षक पुस्तक पैनल चर्चा का साक्षी बना। यह कार्यक्रम डॉ. संजीव चोपड़ा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और वैली ऑफ वर्डस के संस्थापक, द्वारा लेखकों और संचालक के परिचय के साथ शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि सर्जनों की कलम से किए गए कार्य, सर्जरी से किए गए कार्यों की तुलना में कई गुना अधिक मूल्यवान हो जाते हैं क्योंकि कलम से किए कार्य न केवल व्यक्ति



विशेष बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास का माध्यम बनती है। यह कार्यक्रम विचारोत्तेजक पुस्तक फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स पर केंद्रित था, जिसे प्रतिष्ठित पिता-पुत्र की जोडी डॉ. बी. के. एस. संजय और डॉ. गौरव संजय द्वारा लिखा गया है। यह पुस्तक भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे जनकल्याण और राष्ट्रीय महत्व के विषयों के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाएं, शराब की लत, जनसंख्या वृद्धि आदि सामाजिक मुद्दों को भी संबोधित करती है। इसका उद्देश्य जनसाधारण और चिकित्सा व अन्य क्षेत्रों के पेशेवरों के लिए जागरूकता फैलाना और विशेषज्ञ दृष्टिकोण को एक संग्रहीत एवं संदर्भ योग्य रूप में प्रस्तुत करना है। चर्चा के दौरान डॉ. बी. के. एस. संजय और डॉ. गौरव संजय ने अपने शल्य चिकित्सा जीवन से जुड़े वास्तविक अनुभवों को साझा किया और बताया कि कैसे ये अनुभव पुस्तक को लिखने का आधार बने। दोनों ने चिकित्सा में सहानुभूति के महत्व पर जोर दिया और यह भी बताया कि कैसे लिखने की कला डॉक्टरों और आम जनता के बीच एक माध्यम बना सकती है।

## समाज के हर वर्ग को सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान पहुंचाना एसएसबी का संकल्प : आईजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** सोमवार को एसएसबी सीमांत व 40 वीं वाहिनी एसएसबी की ओर से लाल कोठी स्थित नारी गुंजन के प्रेरणा छात्रावास में दलित महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसएसबी सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक निशीत कुमार उज्जवल ने कहा कि समाज के हर वर्ग तक सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान पहुंचाना एसएसबी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की नींव है। एसएसबी इस दिशा में सदैव प्रयासरत है। श्री उज्जवल ने छात्राओं के आत्मविश्वास और हौसले की सराहना की और यह आश्वासन दिया कि एसएसबी द्वारा वंचित वर्ग को समाज के मुख्य धारा से जोडने के लिए हर संभव सहायता की जाएगी। नारी गुंजन के सचिव पद्मश्री सुधा वर्गीज ने कहा कि एसएसबी द्वारा महादलित बच्चियों को हर संभव सहयोग करते है. जिससे बच्चियों को प्रेरणा मिलता है। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मौके पर एसएसबी के अधिकारी व नारी गुंजन के सोहन कुमार समेत आदि मौजूद थे।

## निवर्तमान एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राजीव कुमार सिंह के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार, शिक्षाविद डॉ. एस. के. सुनील, कवि चितरंजन चैनपुरा, मदन शर्मा, भीम सिंह, पत्रकार राजीव रंजन विमल, बरुण कुमार, संतोष श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, पंकज कुमार समेत अनेक विशिष्ट व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम की सबसे भावुक क्षण उस समय देखने को मिली जब कवि चितरंजन चैनपुरा ने कैसे करूं मैं विदाई गीत प्रस्तुत किया। गीत ने उपस्थित जनों की आंखें नम कर दीं और माहौल भावनात्मक हो गया। अपने विदाई संबोधन में एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि जहानाबाद में काम करना मेरे लिए एक सुखद अनुभव रहा। जनता और प्रशासन का सहयोग कभी नहीं भूलूंगा। हम सब एक दूसरे के संपर्क में रहेंगे। इस भरोसे के साथ उन्होंने जहानाबाद के लोगों से विदा लिया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता एवं नेतृत्व कर रहे हम पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कुमार ने उन्हें एक कुशल और संवेदनशील अधिकारी बताते हुए कहा कि राजीव कुमार सिंह जैसे अधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारियाँ मिलनी चाहिए।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शराब के दुष्प्रभावों के प्रति किया जा रहा जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** शराब के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को सचेत करना और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने को लेकर मय निषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा मसौढ़ी के गांव-गांव में नशा मुक्त बिहार अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जहां पर गीत संगीत नाटक के जरिए लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में कलाकार नृत्य और संगीत के माध्यम से लोगों को यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि नशा उनके स्वास्थ्य और जीवन पर क्या नकारात्मक प्रभाव डालता है।




एक्साईज सुपरिटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया की नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को शराबबंदी के प्रति जागरुक किया जा रहा है जो गांव-गांव जाकर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत के खास कर महादलितों गांवों में कलाकार जा कर लोगों को जागरुक कर रहे है। खासकर वैसे गांवों का चयन किया जाएगा, जहां शराब सेवन के सबसे ज्यादा मामले सामने आते हैं। बहरहाल मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों के चिन्हित किया गया शराब स्पॉट, जहां पर भारी मात्रा में शराब बनाये जा रहे हैं, उसे चिन्हित कर उस महादलित टोलो में शराबबंदी के मुहिम चला कर नशा मुक्ति अभियान की गति को हवा दी जा रही है। और इस अभियान में गीत संगीत नुक्कड़ नाटक के जरिए शराब से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया जा रहा है। बच्चों को शिक्षा का प्रति जागरूक करने और रोजगार के प्रति जागरूक होने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दुग्ध उत्पादक 317 किसानों के बीच चतुर्थ बोनस का किया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जट डुमरी दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति के द्वारा चतुर्थ बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने किया, जिसमे 317 किसानो को 2019-20 से 2023-24 तक का बोनस वितरण किया गया जिसकी कुल राशि 219689 रुपये थी। रामकृपाल यादव ने दुग्ध उत्पादक समिति के बोनस वितरण समारोह में कहा कि दुग्ध उत्पादकों को बोनस मिलना एक अच्छी बात है और इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब दुग्ध उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादक समिति द्वारा किए



गए कार्यों की सराहना की और किसानों से आग्रह किया कि वे अधिक दूध उत्पादन करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। समारोह में, दुग्ध उत्पादकों को नकद राशि, स्टील के बर्तन और पशुओं के लिए दवाएं भी दी गईं। इससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने सरकार और समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर पटना डेयरी प्रोजेक्ट प्रबंधक डॉ अजय कुमार चंद्रशेखर राय समिति के अध्यक्ष रामबाबू भगत एवं सचिव वीरेंद्र कुमार के अलावा ब्यवस्थापक सनी कुमार यादव एवं सिंटू कुमार शामिल रहे।

## लल्लू मुखिया के घर की कुर्की के लिए दिनभर परेशान रही पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** गुलाब बाग निवासी बाढ़ विधानसभा के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी एवं लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के घर की कुर्की के लिए सोमवार की सुबह से ही बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में पूरे अनुमंडल थाने की पुलिस हलकान रही। करीब 10:00 बजे से न्यायालय में आदेश का इंतजार करते-करते करीब 12:30 के आसपास न्यायालय से कुर्की का आदेश मिलते ही पुलिस फॉर्म में आ गई और कार्रवाई करने के लिए कई ट्रैक्टर और बड़े-बड़े वाहन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय के सामने इकट्ठा हो



गया। वहीं दूसरी तरफ कई घंटे के मशक्कत के बाद जब कुर्की करने वाले मजिस्ट्रेट के नाम पर मुहर नहीं लगी तो पुलिस को सोमवार के दिन होने वाली कार्रवाई से पीछे हटना पड़ा। अब पुलिस आगे की रणनीति तय करेगी। वहीं दूसरी तरफ बेवजह करणवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया पर हो रहे कार्रवाई को लेकर बाढ़ थाना कांड संख्या-98/2023 के सूचक कुमार गौरव और उसकी मां कुसुम देवी गुलाब बाग पहुंच गई और इस कार्रवाई को गलत बताया। कुसुम देवी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि मेरे पति कमलेश कुमार की हत्या के मामले में कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया निर्दोष हैं। राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें फसाया जा रहा है। वही कुसुम देवी के पुत्र कुमार गौरव ने बताया कि मैंने लल्लू मुखिया के बारे में सभी जगह पुलिस के आला अधिकारी को लिखित तौर पर भेज चुका हूं कि लल्लू मुखिया का मेरे पिता की हत्या में कोई हाथ नहीं है फिर भी उनके ऊपर बेवजह कार्रवाई हो रही है। जिससे मैं आहत हूं। वहीं पुलिस मामले पर अभी कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।

## एक नजर

### काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वित्त रहित शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा बिहार के आवाहन पर काला विला लगाकर बीएलपी कॉलेज मसौढ़ी में कार्य का बहिष्कार किया गया, साथ ही साथ इस मौके पर राज्य सरकार से यह मांग की गई की हाई कोर्ट के निर्णय को अविलंब लागू किया जाए और सभी एफिलिएटिड डिग्री कॉलेज को अंगीभूत का दर्जा देते हुए वेतनमान शीघ्र दिया जाए। इस मौके पर आवाहन किया गया कि 23 जुलाई 2025 को विधान मंडल के घेराव करने के लिए गर्दनीबाग धरना स्थल पर भारी संख्या में चलेंगे, इस कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर सी पी मंडल, प्रोफ़ेसर महेंद्र प्रसाद, प्रोफ़ेसर सतीश कुमार, प्रोफ़ेसर राम जी प्रसाद, प्रोफ़ेसर उदय चंद्र दिवाकर, प्रोफ़ेसर अशरफ अली, प्रोफ़ेसर मोहम्मद मुस्ताक अहमद, प्रोफ़ेसर अरुण कुमार, प्रोफ़ेसर विनोद कुमार, प्रोफ़ेसर प्रेमचंद लाल, डॉक्टर योगेंद्र प्रसाद, प्रोफ़ेसर विजय कुमार अकेला, प्रोफ़ेसर अनिल कुमार ,प्रोफ़ेसर अर्जुन प्रसाद प्रोफ़ेसर उमाशंकर प्रसाद सहित सैकड़ो लोग भाग लिए।

### प्राथमिक विद्यालय में पौधारोपण का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ के अतरपुरा प्राथमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। परिसर में दर्जनों फलदार छायादार पौधे लगाए गए। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। ताकि आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण मिल सकें।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश कुमार ने कहा की बढ़ते जलवायु परिवर्तन, तापमान में वृद्धि, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, कृषि में रसायनिक खाद के अत्यधिक प्रयोग से विभिन्न प्रकार के प्रदूषण खतरनाक रूप से बढ़ रहा है. जिससे धरती पर बसे सभी जीवों का जीवन संकट ग्रस्त हो गया है. बहुत सारे जीव विलुप्त हो चुके हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं. गर्म होती धरती को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, पेड़ लगवाने के साथ लगे हुए पेड़ों का संरक्षण भी अति आवश्यक है. कहा कि प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से धरती बंजर होती जा रही है। मौके पर प्रधान शिक्षक संजय कुमार चौधरी, सहायक शिक्षक सेक्इया इशितयाक, अभिषेक कुमार राम, अविनाश चौधरी आदि छात्र छात्र शामिल रहे।

### अभियुक्त के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन (केवड़ा ओपी) थाना कांड संख्या 389/24 के तहत संटू हत्याकांड के फरार आरोपी के घर पर केवड़ा पुलिस ने भोजपुर जाकर इश्तेहार चश्पा करते हुए सरेंडर करने की चेतावनी दी है। फरार अभियुक्त घनश्याम पासवान पिता जयमुरत पासवान सा+ थाना गिद्धा जिला भोजपुर के घर विधिवत रूप से इश्तेहार चस्पा किया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया यह घटना 24-11- 2024 की है। जहां पर संटू की पहली पत्नी ने साजिश की तहत गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी, संटू ने दूसरी शादी कर ली थी और यही शादी उसके लिए काल बन गई थी, इस पूरे घटना में पहले से तीन लोगो जेल भेजा जा चुका है, दो अभी फरार चल रहे हैं। ऐसे में फरार आरोपियों के घर भोजपुर जाकर इश्तेहार चश्पा किया गया है।और सरेंडर करने की चेतावनी दे गई है। सरेंडर नही करने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थिति में बच्चे की मौत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर पंचायत अंतर्गत शाह सलेमपुर गांव में सोमवार की सुबह एक 4 वर्षीय बच्चा मुनचुन कुमार पिता विवेक कुमार की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्चा बीमार चल रहा था लेकिन परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। संदिग्ध परिस्थिति में बच्चों की मौत को लेकर पुलिस ने बच्चा का पोस्टमार्टम बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में कराए जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। बच्चा फिलहाल शाह सलेमपुर में रह रहा था लेकिन उसका अपना घर मुंगेर जिला पड़ता था।

### दूसरे सोमवारी को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्तर वाहिनी गंगा तट पर स्थित बाबा उमानाथ गंगा घाट पर सावन के दूसरे सोमवारी के दिन सुबह 4:00 से ही श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए पहुंचने लगे और आठ से 10:00 के बीच हजारों हजार श्रद्धालु गंगा स्नान करने के बाद पूजा पाठ करने में जुट गए। श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए दर्जनों पुलिस कर्मी एवं महिलाओं के भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला पुलिस की भी तैनाती की गई। इस दौरान एनसीसी के जवानों को भी मंदिर परिसर में लगाया गया था। लंबी कतार होने के बावजूद भी श्रद्धालु करीब आधे घंटे से भी ज्यादा समय कतार में रहकर पूजा पाठ करते नजर आए। इस दौरान गंगा के तेज धार से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए मोटर बोट और गोताखोर का भी उमानाथ मंदिर सहित कई जगहों पर व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ उमानाथ के बाद सबसे ज्यादा अलखनाथ मंदिर, शनि धाम मंदिर, गौरी शंकर मंदिर, बाबा अजगैबी नाथ मंदिर पोस्ट ऑफिस घाट मंदिर सहित कई मंदिरों में पूजा पाठ के लिए हजारों श्रद्धालु सुबह से ही गंगा स्नान करते देखे गए।

### शिक्षकों को दी गई विदाई

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के सुगाँव मध्य विद्यालय से प्रधान शिक्षक में प्रोन्नति के बाद दो शिक्षकों को बच्चों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नम आंखों से शिक्षकों को विदा किया। सुगाँव विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय से दो शिक्षकों का प्रधान शिक्षक में प्रोन्नति हुआ है। जिसमें पुरुषोत्तम कुमार एवं शंकर सिंह शामिल हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम कुमार का तबादला पटना जिले में हुआ है। और दोनों शिक्षको को सोमवार के दिन स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दिया गया। विदाई समारोह के मौके पर छात्र- छात्राएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद थे। वहीं दोनों शिक्षकों के विदाई समारोह के मौके पर बच्चे तथा शिक्षक फूट-फूट कर रोने लगे। इस दौरान जानकारी देते हुए शिक्षिका फौजिया तारीक ने बताया कि दोनों ही शिक्षक विद्यालय के रीढ़ की हड्डी माने जाते थे दोनों शिक्षक बेहद कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और शिक्षा अनुरागी थे। उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय से चले जाने के बाद निकटतम भविष्य में इन दोनों शिक्षक की भरपाई नहीं हो सकती है। उन्होंने बताया कि बच्चों को रोते बिलखते देखकर आप ये समझ सकते हैं कि दोनों शिक्षक बच्चों के बीच किस तरह से लोकप्रिय थे। मौके पर शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, शमामा हाफिज, शाहिफ़ा अमान, सशिकला वर्मा,दीपक कुमार, रवि कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

### लंपी रोग से पशुओं का होगा बचाव

**मसौढी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पशुपालन विभाग ने लंपी बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया है. सोमवार को मसौढ़ी मठिया पर दर्जनों मवेशियों का टीकाकरण किया गया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 17,800 मवेशी हैं और पहले चरण में गायों का टीकाकरण किया जा रहा है। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। टीकाकरण के लिए 18 वैक्सीनेटरों की टीम बनाकर घर-घर जाकर मवेशियों का टीकाकरण किया जा रहा है। प्रखंड की 17 पंचायतों और राजस्व गांवों में यह अभियान चलाया जा रहा है। टीकाकरण अभियान के वैक्सीनेटरों को आवश्यक निर्देश दिये और पशुपालकों को बरसाती बीमारी से बचाव के उपाय भी बताये। वहीं सभी पशुपालकों से अपने पशुओं का टीकाकरण कराने की अपील की गई। डॉ संजीव ने बताया कि लंपी वायरस एक वायरल रोग है। पशुओं में बुखार आना और उनके शरीर पर गांठ बनना इस रोग के लक्षण हैं।

# मुझे भारत से प्यार है, ब्रेट ली ने भारत-पाकिस्तान WCL मैच रद्द होने पर दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मैच के रद्द होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्थिति को कठिन बताया है और वैश्विक खेलों में आपसी सम्मान और समावेशिता के महत्व पर जोर दिया है। बर्मिंघम के एजबेस्टन में होने वाला भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला कई पूर्व भारतीय क्रिकेटरों द्वारा कथित तौर पर भाग लेने से इनकार करने के बाद रद्द कर दिया गया। उनका यह फैसला 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद आया है – इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के बीच पहले



से ही नाजुक संबंधों को और बिगाड़ दिया। ऑस्ट्रेलियाई चैंपियंस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए ली ने स्थिति की जटिलता को स्वीकार किया, लेकिन एक तटस्थ और सम्मानजनक लहजा बनाए रखा। उन्होंने कहा, यह एक कठिन सवाल है। लेकिन मैं यही कहूंगा कि मुझे भारत से प्यार है, मुझे पाकिस्तान से प्यार है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वे एक ऐसे विवेक पर पहुंचेंगे जहां वे खुद की कद्र कर सकें। लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि हम यहां एक टूर्नामेंट के लिए हैं। तो ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका। हम सब समावेशी हैं। तो कल रात जो हुआ, वही हुआ। हमने इसके लिए जोर लगाया। 2025 के आयोजकों ने बताया कि भारत-पाकिस्तान मैच की योजना तभी बनाई गई जब यह पुष्टि हो गई कि पाकिस्तानी हॉकी टीम भारत का दौरा करेगी। इससे उन्हें लगा कि उस समय दोनों देशों के बीच खेल संबंध ठीक थे। मैच रद्द होने के बावजूद डब्ल्यूसीएल 2025 टूर्नामेंट अभी भी जारी है। भारतीय चैंपियन अब अपने अभियान की शुरुआत 22 जुलाई को एबी डिविलियर्स की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका चैंपियन टीम के खिलाफ करेंगे। इस बीच पाकिस्तान चैंपियन टीम भी 25 जुलाई को अपने अगले मैच में दक्षिण अफ्रीका चैंपियन टीम से भिड़ेगी।

**एशिया कप हॉकी**

# टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाकिस्तान



**कराची, एजेंसी।** एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं। एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है।



**चेस वर्ल्ड कप**

# भारतीय फैंस के लिए खुशखबरी, अक्तूबर-नवंबर में शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत इस साल 30 अक्तूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालिफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**चार खिलाड़ियों के घायल होने के बाद यह है भारत की अपडेटेड टीम**

# चोट के बावजूद टीम में हैं ऋषभ पंत और आकाशदीप

**इंडियार-इंग्लैंड**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत बनाम इंग्लैंड 5 मैच की सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड पर 23 जुलाई 2025 से खेला जाना है। चौथे टेस्ट से पहले भारतीय टीम में चोटिल खिलाड़ियों की संख्या बढ़ गई है। चोट के कारण नितीश कुमार रेड्डी पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ऋषभ पंत और आकाशदीप पहले से ही चोटिल हैं। ऐसे में चौथे टेस्ट में अंतिम 11 को चुनना भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए टेढ़ी खीर साबित होने वाला है। इस बीच, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से एक बयान जारी किया गया। बयान में दो खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद चौथे टेस्ट के लिए अपडेटेड टीम के बारे में जानकारी दी गई।

**नितीश रेड्डी पूरी सीरीज से बाहर–** बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने में चोट के कारण बाकी बचे दो टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। नितीश स्वदेश लौटेंगे। टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।



**चौथे टेस्ट में नही खेलेंगे अर्शदीप**

बयान के अनुसार, अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। बेकेनहैम में एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय उनके बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। बीसीसीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है, 'मेन्स सीनियर सेलेक्शन कमेटी ने अंशुल कम्बोज को टीम में शामिल किया है। अंशुल कम्बोज मैनचेस्टर में टीम से जुड़ गए हैं। चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई 2025 से शुरू होगा।'

**चौथे टेस्ट के लिए भारत की अपडेटेड टीम–** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कम्बोज।

- **भारत की उम्मीदों को बड़ा झटका–** इस दौरे में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 2-1 से पिछड़ रही भारत की सीरीज बराबर करने की उम्मीदों को करारा झटका दिया है। मैनचेस्टर टेस्ट के बाद दोनों टीमें ओवल में होने वाले आखिरी टेस्ट के लिए फिर से लंदन जाएंगी। लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारत को 22 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने लीड्स के हेडिंग्ले में पहला टेस्ट 5 विकेट से जीता था। हालांकि, एजबेस्टन में खेले गए टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने वापसी की। शुभमन गिल के शानदार प्रदर्शन ने भारत को इस मैदान पर टेस्ट में मेहमान टीम पर पहली जीत दिलाई।

# फारुख इंजीनियर, क्लाइव लॉयड के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे

## भारत-इंग्लैंड चौथे टेस्ट में सम्मान मिलेगा, लंकाशायर के लिए फारुख 175 मैच खेलें

**मैनचेस्टर, एजेंसी।** भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लॉयड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंकाशायर द्वारा दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड-नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने कहा, यह दोनों दिग्गजों के लिए एक उपयुक्त और सम्मानजनक पहल है।



**लंकाशायर के लिए फारुख ने 175 मैच खेलें –** फारुख इंजीनियर ने 1968 से 1976 के बीच लंकाशायर के लिए 175 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 5942 रन, 429 कैच और 35 स्टंपिंग कीं। उनके आने से पहले लंकाशायर ने 15 सालों में कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन उनकी मौजूदगी में टीम ने 1970 से 1975 के बीच गिलेट कप चार बार जीता। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान क्लाइव लॉयड ने लंकाशायर के साथ करीब दो दशक बिताए और टीम के खेल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। वे 1970 के दशक में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में क्लब में शामिल हुए थे।

**फारुख मैनचेस्टर में ही रहते हैं –** 87 साल के फारुख इंजीनियर ने मैनचेस्टर को ही अपना स्थायी निवास बना लिया है। उन्होंने क्लब की वेबसाइट को एक पुराने इंटरव्यू में बताया था, ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी, लोग हमें देखने के लिए दूर-दूर से आते थे। उन्होंने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम से हम वॉरविक रोड रेलवे स्टेशन को देख सकते थे, और मैच से पहले ट्रेनों से भीड़ उतरती थी, उत्साहित आवाजें और हंसी की गूंज सुनाई देती थी। हमारे लॉकर ऑटोग्राफ और पार्टी इन्विटेशन से भरे रहते थे।

# नीदरलैंड के खिलाफ हार के साथ भारत-ए पुरुष हॉकी टीम का यूरोप दौरा समाप्त

**आइंडहोवन (नीदरलैंड), एजेंसी।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। इस मैच में भारत-ए के लिए युवा भारतीय मिडफील्डर राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति ने गोल दागे। इससे पहले, भारत-ए ने 18 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 से गंवा दिया था। भारत-ए ने 8 जुलाई को अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की थी। इस दौरे पर भारत ने पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले।




टीम ने दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों के खिलाफ खेलने के लिए तीन शहरों का दौरा किया। इनमें विश्व की नंबर-1 नीदरलैंड और विश्व की नंबर-3 बेल्जियम जैसी टीमें शामिल रहीं। यूरोप दौरे पर अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, भारत-ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, हालांकि इस यूरोपीय दौरे पर हमें जीत से ज्यादा हार मिली, लेकिन यह दौरा सिर्फ मुकाबले जीतने के लिए ही नहीं था। इस दौरे का मकसद एक टीम के रूप में सीख और अनुभव हासिल करना था। उन्होंने आगे कहा, भारत-ए टीम में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण था। पिछले दो हफ्तों में उन्होंने बेशकीमती अनुभव हासिल किया।

# वीनस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार

**चाहती हैं बहन सेरेना भी करे वापसी**

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है। वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है। उन्होंने



मुस्कुराते हुए कहा, लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी। सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा, मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा, वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते।

**फ्रीस्टाइल चेस**

# फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम में अर्जुन एरिगैसी छठे पर रहे, प्रज्ञानंद भी नहीं कर सके कुछ खास

**लास वेगास, एजेंसी।** अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5-0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ



प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5-0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

**टशन दिखा रहा पाक ...**

# लेकिन एशिया कप रद्द हुआ तो पीसीबी को लगेगा 1.16 अरब का चूना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं. टूर्नामेंट की मेजबानी भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड को मिली थी और इसका आयोजन सितंबर 2025 में निर्धारित था. लेकिन मौजूदा हालात ये बता रहे हैं कि एशिया कप 2025 को रद्द भी किया जा सकता है. अगर इस साल एशिया कप रद्द होता है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भारी वित्तीय नुकसान होगा. पीसीबी को इस वित्तीय वर्ष में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और एशियन क्रिकेट काउंसिल से राजस्व के रूप में 8.8 अरब रुपये मिलने की उम्मीद कर रहा है. एक सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बजट में आईसीसी से मिलने वाली राशि लगभग 25.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब



7.7 अरब रुपये) दिखाया है. इसके अलावा पीसीबी को एशिया कप से 1.16 अरब रुपये और अन्य अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट्स से 77 लाख रुपये की आमदनी होने की उम्मीद है.

**एशिया कप रद्द होने पर पीसीबी को कितना नुकसान?–** सूत्र ने कहा, आईसीसी और एशिया कप से मिलने वाली ये आमदनी पाकिस्तान क्रिकेट की वित्तीय सेहत के लिए बेहद जरूरी है. यानी यदि एशिया कप नहीं होता है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को 1.16 अरब रुपये का नुकसान होगा, जिसके चलते उसकी आर्थिक हालत खस्ता हो जाएगी. एशिया कप की तारीख और वेन्यू को लेकर अनिश्चितता उस समय बढ़ गई, जब पीसीबी और एसीसी के चेयरमैन मोसिन नकवी सिंगापुर में हुई आईसीसी की मीटिंग में नहीं गए और उसमें ऑनलाइन भाग लिया. नकवी वर्तमान में पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं. हालांकि पीसीबी के सीईओ सुमैर अहमद आईसीसी मीटिंग में गए थे, लेकिन उन्हें बीसीसीआई, क्रिकेट श्रीलंका और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली.

### नकवी की जिद पड़ेगी भारी?

बीसीसीआई, क्रिकेट श्रीलंका, अफगानिस्तान और ओमान क्रिकेट बोर्ड ने साफ कर दिया है कि वो 24 जुलाई को ढाका में होने वाली एसीसी बैठक में अपने प्रतिनिधि नहीं भेजेंगे. एसीसी चेयरमैन मोहसिन नकवी चाहते हैं कि बैठक ढाका में ही हो, ताकि बीसीसीआई पर अनावश्यक तरीके से दबाव डाला जाए. हालांकि बीसीसीआई के बिना बैठक की कल्पना करना मुश्किल है. ऐसे में एसीसी चेयरमैन की योजना सफल होती नहीं दिख रही है. मीटिंग के दौरान साइडलाइन में हुई चर्चाओं से भी साफ है कि एशिया कप 2025 अब सितंबर में शायद ही हो.

# आमजन को ससमय उपलब्ध करवाएं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में मंडे फॉलो-अप बैठक एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा सभी विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सर्वप्रथम बैठक में मंडे फॉलो अप का विभागवार एजेंडा की पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अवलोकन किया गया, तथा निष्पादन की दिशा में ठोस पहल करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समन्वय समिति में की बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला, सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर लंबित परिवादों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में यह पाया गया कि जिले में वर्तमान में सीपीग्राम्स पोर्टल पर 17, ई-डैशबोर्ड पर 244 तथा जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के अंतर्गत 78 आवेदन लंबित हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को समयबद्ध सेवा का लाभ प्राप्त हो सके। लोक सेवा के अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) के अंतर्गत निवास, जाति, आय, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र जैसे सेवाओं से संबंधित लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, पेंशन, पारिवारिक लाभ, राशन कार्ड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन), भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (एलपीसी) जैसे प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला विधि शाखा में लंबित वादों विशेषकर सीडब्लूजेसी एवं एमजेसी मामलों की विभागवार



समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी विभागीय पदाधिकारी समयबद्ध रूप से प्रति शपथ पत्र दायर करते हुए विधि शाखा को आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं ताकि न्यायालयों में प्रभावी प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया जा सके। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचईडी) की समीक्षा के दौरान यह अवगत कराया गया कि पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित वार्डों में कुल 1163 टोलों में से 845 टोलों के लिए अंचल कार्यालयों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त हो चुका है, जबकि शेष 318 टोलों के लिए अभी तक एनओसी प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को निदेशित किया कि वे अविलंब शेष एनओसी निर्गत करें ताकि कार्य प्रारंभ किया जा सके। समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, भवन निर्माण, मरम्मत कार्य तथा पेयजल एवं शौचालय सुविधा की समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 197 केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित की जा चुकी है, परंतु संबंधित अंचल अधिकारियों द्वारा अभी तक एनओसी निर्गत नहीं किया गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि चिन्हित सभी स्थलों के लिए शीघ्र एनओसी प्रदान किया जाए, जिससे निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके। ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान जनजीवन हरियाली योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों, जैसे सार्वजनिक तालाब, आहार, पईन का जीर्णोद्धार, चेक डैम निर्माण, नए जल स्रोतों की सृजन, सार्वजनिक कुओं का नवीनीकरण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पौधाशालाओं की स्थापना, सघन वृक्षारोपण तथा जैविक खेती से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिले के सभी प्रखंडों में अतिक्रमित आहार एवं पईनों को अंचलाधिकारी की मदद से अतिक्रमणमुक्त कराते हुए उसकी उड़ाही एवं जीर्णोद्धार सुनिश्चित कराया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि मदनपुर प्रखंड के दक्षिणी उमगा क्षेत्र में महादलित परिवारों के मकान की भूमि को कुछ स्थानीय दबंगों द्वारा अपना बताकर खाली कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस गंभीर मामले की जांच हेतु अपर समाहर्ता एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया तथा इन परिवारों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी द्वारा अन्य विभागों की योजनाओं, सेवाओं एवं लंबित मामलों की समीक्षा की गई और सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, सिविल सर्जन डा. विनोद कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) विनीता कुमारी, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# देवकुंड में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** प्रखंड के देवकुंड बाबा दूधेश्वनाथ शिव मंदिर में सावन मास के दूसरे सोमवार को लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा दूधेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया। दूसरी सोमवारी को श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को नहीं मिली। वहीं पटना के गाय घाट से करीब दो हजार से अधिक कांवरिया श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगाजल से बाबा पर अभिषेक किया। सोमवार की सुबह 2:30 बजे महंत कन्हैयानंद पुरी ने जलाभिषेक किया उसके बाद मंदिर का कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। जलाभिषेक का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने बेल पत्र, भांग, धतूरा, अक्षत और फूल से लेकर अन्य कई तरह की वस्तुओं से बाबा का अभिषेक किया। पटना गाय घाट से पवित्र गंगाजल भरकर लगभग दो हजार से ज्यादा कांवरिया पहुंचे थे। वहीं पटना जिले के इमामगंज से 51 फीट का कांवड़ लेकर श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। कांवरियों की रहने, खाने-पीने सहित तमाम सुविधाओं का प्रबंध मठ प्रांगण में किया गया था। वहीं हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सीओ अजय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष मायाशंकर सिंह काफी मुस्तैद रहे। सुरक्षा को लेकर पुलिस पदाधिकारी व जिला मुख्यालय से आए 80 महिला व पुरुष बल, ग्राम रक्षा दल के 30 सदस्य व अभाविप के तीस सदस्यीय, च्यवनाश्रम सेवा समिति के सदस्य। टीम अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर तैनात रहे।

# अनियमित बिजली आपूर्ति को ले फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिजली आपूर्ति की अनियमितता को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। दर्जनों ग्रामीण दाउदनगर अनुमंडल के तरार स्थित विद्युत प्रमंडल कार्यालय पहुंचे और हंगामा किया। साथ ही बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को आवेदन देकर एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। कहा कि अगर सात दिन में सुधार नहीं हुआ, तो पावर ग्रिड में तालाबंदी और प्रदर्शन करेंगे। केशराड़ी गांव के रौशन कुमार, रवि सिंह, संतोष कुमार सिंह और बेलवा के अजय सिंह ने बताया कि इलाके की 80 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है। करीब 30 से 40 गांवों में कट और लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। रात के समय अंधेरे में रहना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। छोटे उद्योग-धंधे बंद होने के कगार पर हैं। गर्मी में लोग छत पर सोने को मजबूर हैं। कई गांवों में नल-जल योजना से पानी की सप्लाई होती है। बिजली नहीं रहने से नल-जल भी बंद हो जाता है। इससे पेयजल संकट भी खड़ा हो गया है। बिजली कटौती से किसान भी परेशान हैं। धान की रोपनी का काम पिछड़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले कर्मा, बेलवां और जिनोरिया पंचायत के गांवों में तरारी पावर ग्रिड से जिनोरिया फीडर के जरिए बिजली मिलती थी। दो माह पहले तरारी ओवरब्रिज के पास अंडरपास बनाया गया। उसी दौरान जिनोरिया फीडर जल गया। विभाग ने अब तक उसे ठीक नहीं कराया। चौरम पावर सबस्टेशन से बिजली दी जा रही है। लेकिन वहां से सप्लाई ठीक नहीं हो रही है। मामले में सहायक विद्युत अभियंता राजीव कुमार झा ने फॉल्ट ठीक कर गांवों में नियमित बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया। उन्होंने एक का सप्ताह समय मांगा है।

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में पारदर्शिता व दक्षता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा बैठक सोमवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दाखिल-खारिज, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा (फ़ेस-2), अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना, सीएम डैशबोर्ड, ई-मापी, परिमार्जन प्लस, भू-लगान तथा अतिक्रमण जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श और प्रगति की समीक्षा की गई। दाखिल-खारिज मामलों की स्थिति की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि जिले में कुल 85 मामले 75 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें औरंगाबाद सदर अंचल में सर्वाधिक 43 मामले लंबित पाए गए। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं हसपुरा अंचल में इस अवधि से संबंधित कोई भी लंबित मामला नहीं पाया गया, जिसे संतोषजनक माना गया। अभियान बसेरा फ़ेस-2 के अंतर्गत अब तक जिले में 2228 लाभुकों का सर्वेक्षण किया गया है, जिनमें से 1524 लाभुकों को भूमि पर्चा वितरित किया जा चुका है। वहीं 659 आवेदक पर्चा वितरण के लिए अयोग्य घोषित किए गए हैं। शेष आवेदनों की यथाशीघ्र जांच कर योग्य लाभुकों को पर्चा वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश भी बैठक में दिया गया। अंबेडकर समग्र सेवा समाधान योजना के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविरों में वासगत पर्चा हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पात्र आवेदनों की शीघ्र जांच कर चिन्हित भूमि पर पर्चा प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे वंचित वर्गों को लाभ सुनिश्चित हो सके। बैठक में आधार सीडिंग की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह बताया गया कि जिले में 83 प्रतिशत रैयतों की जमाबंदी रिकॉर्ड को आधार से लिंक किया जा चुका है। शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया, ताकि सभी राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में अद्यतन और समेकित किया जा सके। जिलाधिकारी ने भूमि सर्वेक्षण कार्यों को सशक्त और सटीक बनाने के उद्देश्य से ई-मापी योजना के क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए कहा कि खेत स्तर पर डिजिटल नक्शों का सत्यापन और अद्यतन कार्य तेज गति से कराया जाए। इससे न केवल भू-संबंधी विवादों में कमी आएगी, बल्कि जमाबंदी आधारित सत्यापन की प्रक्रिया भी पारदर्शी और प्रभावी होगी। परिमार्जन प्लस योजना के तहत जमाबंदी रिकॉर्ड में त्रुटियों के सुधार, अद्यतन और समयबद्ध प्रविष्टि के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना भूमि अभिलेखों की सटीकता सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से राजस्व योजनाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। बैठक में भू-लगान की अद्यतन स्थिति, अतिक्रमण की पहचान और उसकी कार्रवाई, तथा भूमि विवादों के समाधान की दिशा में की गई प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक शनिवार को सभी अंचल कार्यालयों में भूमि विवाद संबंधी मामलों की बैठक गंभीरता से आयोजित की जाए, ताकि विवादों का त्वरित और न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, प्रभारी राजस्व शाखा बेबी प्रिया सहित जिले के सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कारा और सोनबरसा उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में नये प्रधानाध्यापकों ने संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** शिक्षा विभाग द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम उठाते हुए कारा और सोनबरसा के उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में सोमवार को नये प्रधानाध्यापकों ने पदभार ग्रहण किया। कारा के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ओबरा उच्च विद्यालय के शिक्षक काजल पवार ने नये प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण के अवसर पर विद्यालय के वर्तमान प्रधानाध्यापक मोहम्मद नजीबुल्लाह ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षक मनोज कुमार शर्मा, बिंदेश्वर कुमार सिंह, रामाशीष कुमार, मंजूर आलम, अर्पणा सिंह, बीर बहादुर सिंह, विशाल कुमार, राजेश कुमार उर्फ मंटू, प्रदीप कुमार सिंह आदि थे। इसी क्रम में सोनबरसा के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भी नवनियुक्त प्रधानाध्यापिका अल्का कुमारी ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक रविरंजन कुमार ने उन्हें औपचारिक रूप से प्रभार सौंपा।

# माय प्लैनेट प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** मजार रोड स्थित माय प्लैनेट प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक हेमराज प्रसाद ने जबकि उद्घाटन निदेशक अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा दो तक के 25 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने राधा-कृष्ण, राम-सीता, भगवान शिव-पार्वती और हनुमान जैसी आकर्षक झांकियों के माध्यम से अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों के मनमोहक स्वरूपों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर बच्चों ने वैज्ञानिक, नेता, समाजसेवी और शिक्षाविदों पर आधारित लघु नाटकों का भी मंचन किया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने बच्चों को माता-पिता के प्रति सम्मान का पाठ पढ़ाया और बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की। बेहतरीन प्रदर्शन



करने वाले बच्चों को निदेशक अभिषेक कुमार और प्रधानाध्यापक हेमराज प्रसाद ने मेडल, प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जूही कुमारी, बबीता कुमारी, ममता कुमारी, अनूप कुमार, कोमल कुमारी, रानी कुमारी, सविता कुमारी और लक्की कुमारी को विशिष्ट पुरस्कार मिले। अन्य बच्चों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# प्रसूति वार्ड में नवजात की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में प्रसव के बाद एक नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन एवं प्रसव वार्ड में कार्यरत एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भरवार गांव निवासी बलराम कुमार की पत्नी सुनैना देवी सुबह सात बजे प्रसव के लिए वार्ड में भर्ती हुई थी मगर वहां एक भी महिला चिकित्सक उपस्थित नहीं थी। सुनैना दर्द से कराह रही थी जिसके कारण वहां मौजूद एएनएम द्वारा प्रसव कार्य कराया जाने लगा। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रसव के दौरान सुनैना के पेट पर बेवजह दबाव दिया गया जिससे पेट में ही बच्चे की मौत हो गई और उन लोगों को मरा हुआ बच्चा थमा दिया गया। सदर अस्पताल में प्रसव के दौरान मौजूद चिकित्साकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मृतक नवजात के चाचा रंजीत कुमार एवं संजीत कुमार ने बताया कि अस्पताल में महिला चिकित्सक के नहीं रहने के कारण नर्सों द्वारा लापरवाही बरतने से ही बच्चे की मौत हुई है। इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज करने की बात परिजनों द्वारा कही गई।

# एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के साथ बना रहे सतत समन्वय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संभावित बाढ़ की स्थिति को लेकर महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह बैठक नदी सोन एवं पुनपुन में जलस्तर में हो रही वृद्धि के मद्देनजर बाढ़ से पूर्व तैयारियों की समीक्षा एवं दिशा-निर्देश देने हेतु बुलाई गई थी। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सदर एसडीएम संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीएम, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक पूर्व तैयारी समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाए। तटवर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, राहत एवं बचाव केन्द्रों की स्थापना, नावों एवं जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता एवं अलर्ट जारी करने की प्रक्रिया पर विशेष बल दिया गया। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी एहतियाती उपायों को सख्ती से लागू करें तथा किसी भी आपदा की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन सुनिश्चित करें। आपदा प्रबंधन इकाई को निर्देशित किया गया कि सभी संसाधनों को सतर्क अवस्था में रखा जाए एवं एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के साथ सतत समन्वय बना रहे। बैठक में जल संसाधन, स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि, विद्युत, पीएचईडी, नगर निकाय सहित सभी संबंधित विभागों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई और आपसी समन्वय से राहत कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक का उद्देश्य संभावित बाढ़ आपदा से पूर्व समुचित समन्वय एवं तैयारी के माध्यम से जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को न्यूनतम करना था।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# तंबाकू के खिलाफ चलेगा जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ इकनॉमिक स्टडीज़ (बीआईईएस), पटना द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कार्यक्रम से संबंधित जानकारी प्रदर्शित करती हुई पोस्टर-बैनर सहित प्रमुख गतिविधियों की तस्वीरें भी ली गईं, जो तंबाकू नियंत्रण के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य 'तंबाकू मुक्त पंचायत एवं तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में बहु-हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए तंबाकू मुक्त बिहार अभियान को गति देना था। इस अवसर पर उपस्थित बिहार इंस्टिट्यूट ऑफ इकनॉमिक स्टडीज़, पटना के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चितरंजन सहाय द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। संस्थान के जीवनशैली कोऑर्डिनेटर स्वर्ण विजय पाण्डेय एवं आशीष कुमार सिंह ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि तंबाकू सेवन जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है और इससे कैंसर, हृदय रोग, श्वसन तंत्र की समस्याएं, जन्मजात विकृतियां जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से भी देश को नुकसान पहुंचाता है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, नगर निकाय, पुलिस, परिवहन एवं श्रम विभाग को निर्देशित किया कि वे कोटपा अधिनियम 2003 (सीओटीपीए एक्ट) के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सभी शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चेतावनी पट्टिका लगाने, धूम्रपान निषेध क्षेत्र घोषित करने एवं नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेषज्ञों द्वारा तंबाकू नियंत्रण से संबंधित आंकड़ों, व्यवहार परिवर्तन संचार (बीसीसी) रणनीतियों, विद्यालय एवं पंचायतों को तंबाकू मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया, प्रमाणन के मानदंड आदि पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। साथ ही यह सुझाव दिया गया कि विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, चित्रकला, तंबाकू निषेध शपथ, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली जैसे आयोजनों के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाई जाए।इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद सहित अन्य कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।